रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अश्विन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 28 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 236, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

विश्व रेबीज डे

36%

रेबीज से होने वाली मौतें सिर्फ भारत में होती हैं

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR No. 337433 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# 19 वर्ष तक झारखंड में नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के जरिये आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में नव चयनित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन का मामला सामने आया। कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका। ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा। कुछ पदों पर नियुक्तियां हुई तो उसे लेकर भी काफी उलझने आयीं। ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा। हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार जब बनी तो शुरूवाती दो वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई। थी। इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं। जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला की विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है।



## नियुक्ति व पदस्थापन पत्र साथ-साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला है। आपके जुड़ने से हमारी शक्ति में और इजाफा हुआ है। इससे निश्चित तौर पर सरकार के कार्यों में गति आएगी। मेरा मानना है कि व्यवस्था किसी एक व्यक्ति से नहीं चलती है। जब तक सभी विभाग के सहकर्मी मिल-जुलकर विकास का पहिया नहीं खींचेंगे, राज्य को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि चाहे अधिकारी हो या आदेशपाल, सभी को सरकार एक नजरिए से देखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अब तक कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सम्मिलित होने का मौका मिल चुका है। इस दौरान हजारों युवाओं को अब तक नियुक्ति पत्र प्रदान कर चुके हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अभ्यर्थियों के एक हाथ में जहां नियुक्ति पत्र था, वहीं दूसरे हाथ में पदस्थापन पत्र। इसमें सबसे बड़ी बात यह है उनका पदस्थापन लॉटरी के माध्यम से किया गया और सभी अभ्यर्थियों ने खुद अपने पदस्थापन की पर्ची निकाली।

## हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है । आज देश और विदेश के कई बड़ी कंपनियों में ये नौजवान कार्य कर रहे हैं। वहां वे अपने हुनर और कार्य की बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हमारी सरकार इन कंपनियों में कार्य कर रहे नौजवानों का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड रख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राज्य भर का भ्रमण लगाकर करते आ रहे हैं। इस दौरान कई जगहों पर देखने को मिला कि सीमित संसाधनों के बीच भी कई शिक्षक और अन्य कर्मी काफी बेहतर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत करने की परंपरा शुरू होनी चाहिए, ताकि उनका उत्साह और मनोबल और ऊंचा हो। इसके लिए विभिन्न विभागों को आगे आना होगा। इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ ठगा : बाबूलाल मरांडी

## भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठियों को चुन-चुन कर खदेड़ेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवर्तन यात्रा के मुख्य उद्देश्य व गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 5 वर्षों के कार्यकाल में राज्य की जनता को ठगने का काम किया है।

श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस नेता के घर से मिले पैसे गिनते-गिनते मशीन थक गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने बालू घोटाला, जमीन फर्जीवाड़ा, कोयला, पत्थर का घोटाला किया है। राज्य की खनिज संपदा को हेमंत सरकार ने लुटवाया और पैसे कमाए। यदि हेमंत सरकार दोबारा राज्य में बनती है तो झारखंड को ही ये लोग बेनाम कर देंगे। झारखंड को बचाकर बेहतर राज्य बनाना है तो भाजपा को लाना ही होगा।



मरांडी ने कहा कि यहां मां, बहन सुरक्षित नहीं हैं। झारखंडी अपने आप को सुरक्षित तभी महसूस करेंगे, जब यहां भाजपा की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि चोरों को पकड़ने वाली पुलिस को हेमंत सरकार ने बालू चोरी करने में लगा दिया है। इसी व्यवस्था को बदलने के लिए परिवर्तन रैली किया जा रहा है। साथ ही कहा कि राज्य की महिलाओं को ठगने के लिए 1000 रुपये दिया जा रहा है जबकि कहा गया था कि बेरोजगारों को नौकरी, मां-बहनों को चूल्हा खर्च तथा लड़की की शादी में सोने के सिक्के दिए जाएंगे। विधवा महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया गया था लेकिन हेमंत सोरेन ने जितनी भी घोषणाएं की थीं कोई पूरा नहीं किया और आम जनता को ठगने का काम किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। भाजपा की सरकार बनी तो महिलाओं के लिए इससे बेहतर योजना लाया जाएगा। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां की महिलाओं के लिए कई बेहतर योजनाएं चल रही हैं। साथ ही कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी तो रोहिंग्या घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, गणेश मिश्रा, विनय लाल, आजाद शत्रु सहित अन्य मौजूद थे।

# हरमू और स्वर्णरेखा नदी अपना पुराना स्वरूप खो चुका है : सरयू

## अंशुल शरण बने युगांतर भारती के अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वयंसेवी संस्था युगांतर भारती का वार्षिक आमसभा शुक्रवार को सम्पन्न हुई। इस आम सभा में युंगातर भारती के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। आम सभा में कुल आठ प्रस्ताव पारित हुए। जिसमें मधु के स्थान पर सर्वसम्मति से अंशुल शरण को युगांतर भारती का अध्यक्ष बनाया जाना। मुख्य अतिथि के तौर पर सरयू राय उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मैं युगांतर भारती से सर्वप्रथम वर्ष 2004 में उस समय से जुड़ा। जब दामोदर बचाओ आंदोलन के बैनर तले अनेक छोटे-बड़े संस्थाएं हमसे जुड़ी, युगांतर भारती भी उनमें से एक था। कई संस्थाएं आई और चली गई परन्तु युगांतर भारती हमारे आंदोलन के आरंभकाल से आज तक साथ है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से हम अपने शरीर की देखभाल करते है उसी तरह से हमें अपने नदियों, पर्यावरण की भी देखभाल करनी चाहिए। जिस तरह से हमारे शरीर में अनगिनत नसें एवं नाड़ियां है, उसी प्रकार से धरती के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी और छोटी नदियाँ फैली हुई है। लघु जल स्त्रोत छोटे नसों के समान है और बड़ी नदियां नाड़ि के समान है। जिस प्रकार से आरबीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लेटलेस आदि हमारी रक्त को शुद्धता प्रदान करती है उसी प्रकार से नदियों के अन्दर समाहित वनस्पतियां, जलीय जीव नदी के पानी को साफ कर उसे शुद्ध करती हैं।




# पारदेशीय छात्रवृत्ति, नियुक्ति पत्र व परिसम्पत्ति का वितरण आज

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से आज शनिवार को जोहार झारखण्ड 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अपराह्न 2:00 बजे से खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इन्डोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन होंगे। मंत्री दीपक बिरूआ एवं हफीजुल हसन कीउपस्थिति में मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति, नियुक्ति पत्र एवं परिसम्पत्ति का वितरण किया जाएगा।

# मंईयां सम्मान यात्रा सरकारी धन की बंदरबांट जनता त्रस्त और सरकार मस्त : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** खरसावां विधानसभा के कुचाई प्रखंड स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुक्रवार को भाजपा की परिवर्तन सभा आयोजित की गई, जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। भारी बारिश के बीच हजारों की संख्या में भीड़ जुटी। इस दौरान अर्जुन मुंडा ने खरसावां विधानसभा के शिक्षा, स्वास्थ्य, और उद्योग जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने आमदा में अधूरे पड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सरकार की नाकामी करार दिया। वहीं, बंद पड़ी अभिजीत कंपनी के नीलाम होने की सूचना पर उन्होंने मंच से राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ऐसी मंशा रखती है, तो इसके विरोध में मुझे धरने पर भी बैठना पड़े, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। अर्जुन मुंडा ने हेमंत सरकार से साफ तौर पर कहा कि अभिजीत कंपनी में जिन किसानों की जमीन ली गई है, उन्हें वह जमीन वापस करनी पड़ेगी।



## मंईयां सम्मान यात्रा के पांचवें दिन की शुरूआत कोल्हान प्रमंडल से

# यात्रा से लाखों महिलाओं को जोड़ने का कर रहे हैं काम : कल्पना सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/पूर्वी सिंहभूम।** मंईयां सम्मान यात्रा के पांचवे दिन की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम ज़िला के बोराम से हुई। मंईयां सम्मान यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि झारखंड में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने झारखंड की महिलाओं के मान-सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की है। आज झारखंड की बेटियों ,माताओं और बहनों के खाते में हर महीने 1000 रुपये आ रहे हैं। खाते में पैसे पहुंचाने का काम अगर कोई कर रहा है, तो वह है आपका बेटा, दादा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन। उन्होंने कहा कि हर महीने मिलने वाली राशि बंद होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना परिवार को भी मजबूत करेगी, क्योंकि अगर एक परिवार में जितनी अधिक बेटियां, बहने, बहुएं होंगी उनके परिवार में ये राशि बढ़ती जाएगी। उन्होंने कहा कि मंईयाँ सम्मान यात्रा में आज हजारों की संख्या में महिलाएँ आयीं हैं । यात्रा से हम झारखंड की लाखों महिलाओं को जोड़ने का काम कर रहे हैं। हम आपका प्यार और आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती क्रांतिकारियों की धरती है। हम झारखंड के उन सभी शहीद क्रांतिकारियों को नमन करते हैं। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं दृढ़ संकल्प के कारण ही। मंईयां सम्मान योजना धरातल पर उतार सकी। झारखंड की बेटियों, माताओं, बहनों को सम्मान देने का प्रण मुख्यमंत्री ने लिया और आज झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना लागू कर उनके खातों में प्रतिवर्ष 12000रुपये (प्रति माह 1000 रुपये) दिये जा रहे हैं। आप सभी इसी तरह मजबूती के साथ मुख्यमंत्री के साथ खड़ी रहें, तो आने वाले दिनों में झारखंड की आधी आबादी को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है।



### 'सरकार महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर' : दीपिका पांडेय सिंह

मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मंईयां सम्मान यात्रा के तहत झारखंड के जिस कोने में भी जा रहे हैं, आप सभी महिलाओं का अपार समर्थन मिल रहा है। आपका उत्साह और जोश हमे आगे बढ़ने की ताकत दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महिलाओं को हर स्तर पर बराबरी का हक एवं अधिकार देने का काम किया है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो ,स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या फिर रोजगार के क्षेत्र में हो ।

# झारखंड सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में पड़ी : बाउरी

## सीजीएल परीक्षा पर सीएम सामने आकर दावों व सच्चाई की करे बात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में पड़ गयी है। राज्य के युवाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है। भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है। बाउरी शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। बाउरी ने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए। बावजूद इसके सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य में रात के दो बजे से नेट बंद किया ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांटने का काम कर सकें। बाउरी ने कहा कि 22 सितंबर से 28 सितंबर में ही सरकार की हालात खराब हो गयी। 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराया गया है। आज झारखंड की बदनामी पूरे देश मे हो रही है और पूरा देश झारखंड की काबलियत पर प्रश्न उठा रहे है जबकि हकीकत यह है कि कमी सरकार में है। छात्रों को परीक्षा से पहले ही उत्तर छात्रों के हाथ मे आ गए थे। छात्र पर सरकार का दबाब ज्यादा है। इसलिए छात्र डरे हुए हैं। भाजपा ने इस गड़बड़ी को प्रमुखता से उठाया है। छात्रों ने जेएसएससी के समक्ष सारे पुख्ता सबूत पेश किया है। बाउरी ने कहा कि जिन छात्रों ने सच के साथ खड़ा होने का काम किया है उनको धमकी मिल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि किसी भी छात्र के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। नेता प्रतिपक्ष ने साफ कहा कि क्या सरकार एक भी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के दे सकती है? इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिए और जेएसएससी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।




### शिवराज सिंह चौहान की सभा आज डाल्टनगंज में

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पलामू जिले के डाल्टनगंज स्थित शिवाजी मैदान में दोपहर 2:00 बजे पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा समापन सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी अपने विचार रखेंगे।

### बाबूलाल मरांडी चक्रधरपुर में करेंगे परिवर्तन महासभा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 28 सितंबर को 11:00 बजे पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित पोड़ाहाट स्टेडियम में परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी दोपहर 2:00 बजे से डाल्टनगंज स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा समापन सभा में भी हिस्सा लेंगे।




रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अश्विन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 28 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 236, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

विश्व रेबीज डे

36% रेबीज से होने वाली मौतें सिर्फ भारत में होती हैं

# यह सिर्फ नौकरी नहीं सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर : हेमंत

## 527 नव चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सौंपा नियुक्ति पत्र, दी बधाई

## नियुक्तियों के साथ ही पोस्टिंग में भी बरती जा रही पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेएसएससी की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के लिए शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन आपके और आपके परिवार के लिए जितना खुशी और उत्साह का है, उतना ही हमारे लिए भी है। आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। इसे सिर्फ एक नौकरी ना समझें, बल्कि आपको सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। सोरेन शुक्रवार को डोरंडा स्थित जैप- 1 के शौर्य सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सिपाही बहाली दौड़ में 15 मौत की जांच में सहयोग करे केंद्र : सीएम



**इन विभागों के लिए मिला नियुक्ति पत्र**

- 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक
- 200 सहायक शिक्षक
- 56 प्रयोगशाला सहायक
- 47 पेयजल एवं स्वच्छता विभाग म
- 25 पथ निर्माण में
- 49 जल संसाधन विभाग में
- 28 नगर विकास एवं आवास विभाग में
- 01 वित्त, वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में
- 03 रिम्स में

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में उत्पाद विभाग में कांस्टेबल बहाली की दौड़ में 15 से ज्यादा नौजवानों की मौत कैसे हुई, हम इसकी जांच में तह तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। कोविड के बाद शारीरिक दक्षता वाले ऐसे इम्तिहान में बड़ी संख्या में नौजवानों की मृत्यु चिंता का विषय है। झारखंड के युवा इतने कमजोर नहीं हो सकते हैं कि वह पांच-दस किलोमीटर चल-दौड़ ना सकें। उन्होंने कहा कि हमने इसके लिए केंद्र से जांच में मदद मांगी है कि आखिर इसके पीछे की वजह क्या है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे नौजवानों की मौत हुई। इस मामले में केंद्र के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा गया है। सीएम सोरेन ने झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नौजवानों की मौत से हम चिंतित और उदास हैं। अमूमन ऐसी घटनाएं देखने-सुनने को नहीं मिलतीं। आगे भी बड़े पैमाने पर ऐसे नियुक्तियां होनी हैं, जिसमें शारीरिक दक्षता की परीक्षा होगी।

## सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन

**रांची।** झारखंड स्टेट सर्विस कमीशन (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कॉमन ग्रेजुएट लेवल एग्जाम में कथित गड़बड़ी की जांच के लिए जेएसएससी ने शुक्रवार को एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जेएसएसी सचिव सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बनी कमेटी परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की शिकायतों की जांच करेगी। कमेटी में दो अन्य सदस्य हैं आयोग की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप-सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार लाल। जेएसएसी की ओर से यह भी कहा गया है कि यह टीम एक सप्ताह में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# बहनों के खाते में डालेंगे हर महीने 2,100 रुपये : शिवराज

**2000** रु चूल्हा खर्च देने का वादा अधूरा, 1.18 लाख का हिसाब कौन देगा

**17-17** बार पेपर लीक के कारण परीक्षा कैंसिल हुए, इसका जवाब कौन देगा

**2,87,400** रिक्त पदों पर नियुक्ति का निर्णय पहली कैबिनेट में लिया जाएगा

नवीन मेल टीम

**नेतरहाट/ लातेहार।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान दो दिवसीय झारखंड प्रवास के क्रम में गुरुवार देर रात तक नेतरहाट के आदिवासी अंचलों में रहे। इस दौरान उन्होंने आदिवासी समाज के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया। शिवराज सिंह चौहान ने बैगा, कोरबा, बिरहोर, किसान और चीक बड़ाइक जनजाति समाज के लोगों से भी मिले। इस दौरान नेतरहाट में आदिवासी समाज ने शिवराज सिंह चौहान का परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। शिवराज सिंह ने नेतरहाट में ही रात्रि विश्राम भी किया। कहा हमारी सरकार बनते ही हम झारखंड में भी लाडली लक्ष्मी योजना जैसी योजना लाएंगे और बहनों को प्रतिमाह 2100 रुपये देंगे। मंत्री ने हेमंत पर उनकी योजना चुराने और मंईयां सम्मान योजना का नाम देने का आरोप लगाया। वहीं लातेहार के महुआडांड़ में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड के युवाओं से वादा किया कि भाजपा की सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में 2 लाख 87 हजार 400 रिक्त पदों पर नियुक्ति का निर्णय लिया जाएगा।

शेष पेज 13 पर




### गोंदली चावल, मकई घट्ठा, फुटकल चटनी बांस करील भुजिया का लिया स्वाद

नेतरहाट में रात्रि विश्राम और भेंट कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और केन्द्रीय मंत्री के नाते आदिवासी समाज के लोगों के बीच आया हूं। मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री रहते भी पहले कई बार आदिवासी भाई-बहनों के बीच गांवों में रूक चुका हूं। फिर से मुझे सौभाग्य मिला है कि मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों के बीच आ पाया। उन्होंने कहा कि ये हमारा परिवार है, और इनकी सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है। केंद्रीय मंत्री आदिवासी रंग में रंगे नजर आए, ढोल बजाया और नृत्य भी किया। इसके बाद उन्होंने जामाटोली, नेतरहाट में झारखंड का पारंपरिक भोजन किया। गोंदली चावल, मकई घट्ठा, भापल सलाद, फुटकल चटनी, बांस करील भुजिया, बार बोदी दाल का स्वाद लिया। वहीं नेतरहाट के किसानों ने फसल की बुआई के समय और पूजा के समय किए जाने वाले पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। शिवराज सिंह ने नेतरहाट में ही रात्रि विश्राम भी किया।

## अमीषा ने चेक बाउंस की पूरी रकम चुकाई, वादी ने वापस लिया केस

**रांची।** बॉलीवुड की फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता



अजय कुमार सिंह को चेक बाउंस की पूरी रकम 02 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। अंतिम किस्त के रूप में 19 लाख बकाया था, जिसे दो बार में 14 लाख और 5 लाख रुपये में भुगतान की गई। रकम पूरी मिल जाने के बाद शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव के जरिए शुक्रवार को केस वापसी का आवेदन

शेष पेज 13 पर

### आज कल

तीसरी आंख




## झारखंड कैबिनेट में 49 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# 10.74 अरब रुपए से रांची में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज व अस्पताल

- **रविन्द्र भवन के लिए कुल 292,26,10,809 रुपये की स्वीकृति**

नवनी मेल संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा से पहले झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में शुक्रवार को 49 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट ने रांची में निमार्णाधीन रविन्द्र भवन के लिए कुल 292,26,10,809 रुपये के पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

वहीं रांची जिला में नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण के लिए 10,74,68,00,700 रुपए की लागत पर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 59 करोड़ 69 लाख रुपये दिए जाने को मंजूरी दी गई। सरकार ने पीडीएस डीलर्स को बड़ी सौगात दी है। राशन डीलरों के कमीशन में 50 प्रतिशत वृद्धि की है।

शेष पेज 13 पर

### अन्य फैसले

- मोटरयान (यान स्क्रेपिंग सुविधा का रजिस्ट्रेशन और कार्य) नियम, 2021 एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना के आलोक में 15 वर्षों से अधिक आयु के सरकारी वाहनों का निबंधन अवधि समाप्त करने एवं उक्त वाहनों के स्क्रेपिंग के लिए नीति निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- स्टेट ऑफ द आर्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के निमित्त राजकीय पोलिटेकनिक, साहेबगंज में नये भवन के निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित प्राक्कलित राशि 45,81,55,700 रुपए मात्र के योजना की प्रशासनिक मंजूरी दी गई।
- राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पारसपानी, गोड्डा में अनुबंध पर कार्यरत शैक्षणिक एंव गैर शैक्षणिक चिकित्सा पदाधिकारियों के मानदेय राशि में वृद्धि की स्वीकृति दी गई।
- आशुतोष कुमार, झाप्रसे (चतुर्थ 'सीमित' बैच), तत्कालीन कार्यपालक दण्डाधिकारी-सह-प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा के विरुद्ध विभागीय बर्खास्त" को यथावत् रखने संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी दी गई।
- साथ ही अंकेक्षण निदेशालय में वरीय अंकेक्षकों के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति के लिए सेवानिवृत कर्मियों का पारिश्रमिक/मानदेय एवं सेवा शर्त्त के निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- इसके अलावा राज्य योजना से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों (समग्र शिक्षा के तहत् संचालित) में जेनरेटर सेट, कम्प्यूटर शिक्षा/कम्प्यूटर आधारित शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम संचालन की भी मंजूरी दी गई।
- झारखण्ड राज्यान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित 6 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों

शेष पेज 13 पर

# धनबाद के राजापुर प्रोजेक्ट में भीषण भूस्खलन, धूल के गुबार से ढका शहर

नवनी मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के बस्ताकोला स्थित बीसीसीएल के राजपुर प्रोजेक्ट में शुक्रवार को भीषण भूस्खलन हो गया। भूस्खलन के बाद निकले धूल के गुबार ने शहर के बड़े हिस्से को ढक लिया। गनीमत यह कि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। चश्मदीदों ने बताया कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के राजापुर प्रोजेक्ट में भूमिगत पानी के दबाव से कोयला खदान के बड़े हिस्से में भूस्खलन हुआ। इसके बाद प्रोजेक्ट की कई भूमिगत गैलरियों से हजारों गैलन पानी निकलना शुरू हो गया। भूस्खलन के दौरान भारी मात्रा में धूल का गुबार उठा जिसने शहर के बड़े हिस्से को ढक लिया। भूस्खलन की आवाज इतनी जोरदार थी कि लोगों को लगा कि जैसे कोई



ज्वालामुखी फटा हो। धूल के गुबार ने धनबाद के बैंक मोड़, भूली और गोधर के अलावा शहर के बड़े हिस्से को ढक दिया। घटना के बाद राजापुर प्रोजेक्ट की कोयला खदान में लगे पांच पंप, बिजली की दर्जनों लाइनें तथा एक पुराना वाहन पानी में डूब गया। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट में तकनीकी कारणों से बीते दो महीने से कोयले का उत्पादन नहीं किया जा रहा था। यहां पर डेको कंपनी कॉन्ट्रैक्ट पर कोयले का उत्पादन कर रही थी। घटना के बाद बीसीसीएल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर बस्ताकोला के जीएम अनिल कुमार सिन्हा, एजीएम टी पासवान समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य चल रहा है। प्रथम दृष्टया ये पता चला है कि खदान में भूमिगत पानी का दबाव बढ़ गया था। हाल के दिनों में हुई बारिश से इन भूमिगत सुरंगों पर पानी का दबाव और बढ़ गया था, कमजोर सुरंगें इस दबाव को सहन नहीं कर सकीं और वे टूट गईं जिससे भूस्खलन हुआ। बीसीसीएल की तकनीकी टीम घटना की वजह का पता लगाने में जुटी हुई है।

## आयुष्मान डिजिटल मिशन के तीन साल पूरे 67 करोड़ से अधिक बनाए गए स्वास्थ्य खाते

एजेंसी

**नईदिल्ली।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के शुक्रवार को तीन साल पूरे हो गए हैं। डिजिटल स्वास्थ्य को सक्षम करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस मिशन में अब तक 67 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (एबीएचए) बनाए जा चुके हैं। 42 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते से जोड़ा जा चुका है। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि 1.3 लाख से अधिक सुविधाएं एबीडीएम सक्षम हैं, जिनमें 17,000 से अधिक निजी सुविधाएं शामिल हैं। 3.3 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं और 4.7 लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रजिस्ट्री में सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर 2021 को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन(एबीडीएम) लॉन्च किया गया था। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच, दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए देश के डिजिटल हेल्थकेयर पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति लाने के लिए इस मिशन की शुरूआत की गई थी।

## देश में मंकी पॉक्स का तीसरा मामला आया सामने, सनसनी

**नई दिल्ली।** देश में वायरल इंफेक्शन मंकी पॉक्स का खतरा एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामला केरल का है, जहां मंकी पॉक्स का दूसरा मरीज मिला है। देश में मंकी पॉक्स का यह तीसरा मामला है। 26 वर्षीय यह युवक हाल ही में दुबई से केरल के एनार्कुलम लौटा है। तेज बुखार आने पर परीक्षण करने पर मंकी पॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल से स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मरीज की हालत स्थिर है और उसे आइसोलेशन में रखा गया है। मरीज के सैंपल को पुणे स्थित एनआईवी लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। इससे पहले 18 सितंबर को भी केरल के मल्लपुरम निवासी एक व्यक्ति के मंकी पॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यह व्यक्ति यूएई के दुबई से लौटा था।

### इंडिया

# सिर्फ सरकार ही क्यों कुछ हम भी बदलें

अक्सर हम बचपन से सुनते रहे हैं कि मेरा बस चले तो मैं ऐसा कर देता ! 24 साल पहले करोड़ों झारखंड वासियों का बस चल गया और नवोदित झारखंड राज्य के कोने -कोने से लेकर राजधानी रांची के शौर्य स्थल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अलबर्ट एक्का चौक में कई दिनों तक लोगों ने नाच- गाकर अपनी सदियों पुरानी मांग पूरी होने की खुशी प्रकट की ।चिंतकों,लेखकों और विशेषज्ञों तक ने इसे सबसे समृद्ध राज्य या सबसे अधिक संभावनाओं वाला राज्य बताया । किसी ने इसे जर्मनी के रूर घाटी की तरह खनिज संपन्न बताया तो किसी ने कर्नाटक के बेंगलुरु की तरह सुहाने मौसम वाला सुंदर राज्य बताकर पर्यटन संभावनाओं वाला बताया पर संभवतः किसी ने यह नहीं कहा कि मेरा या हमारा योगदान क्या होगा या होना चाहिए?

खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरा यह सुंदर प्रदेश ईसापूर्व असुर और मुंडा शासनकाल में घना जंगल था जो नागवंशी शासन काल उपरांत अंग्रेजी काल से ही लंबे समय से उपनिवेश की तरह विकसित हुआ जिसके प्रति असंतोष और विद्रोह धीरे-धीरे पनपता रहा। यहां के निवासी अपनी ईमानदारी, सरलता, कठोर परिश्रम और शांतिप्रियता के कारण सबसे अच्छे सेवक माने जाते रहे हैं,सरकारी योजनाओं,शिक्षा और सभी के प्रयासों से आजकल यह संपन्न तो हुआ पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पुरानी पहचान नहीं बदल पाया ।पड़ोसी बंगाल की बात करें तो राजधानी कोलकाता सहित राज्य के अधिकांश हिस्से में कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाए तो एक आत्मानुशासन हर जगह दिखता है ।ऑटोरिक्शा,बस या किसी भी सुविधा के लिए मारामारी नहीं बल्कि पंक्तिबद्धता दिखती है । सार्वजनिक स्थान पर कब्जा या गंदा करने से पहले पढ़े लिखे बंगाल या ओड़िशा निवासी सोचते हैं ।दक्षिण भारत की विनम्रता,शालीनता और महाराष्ट्र की समय परायणता जैसे गुण हों या हिमाचल या कश्मीर जैसे राज्यों में पर्यटकों के साथ सहयोग्यात्मक व्यवहार ,राजस्थान की अपनी विरासत को संजोने से लेकर आम लोगों का अपनत्व भरा व्यवहार उनकी अर्थव्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ा रहा है । यह नहीं कहा जा सकता कि झारखंड के लोग अशिष्ट या लुटेरे हैं पर इतना अवश्य है कि छोटे कार्यों जिसे आपसी श्रमदान से किया जा सकता है से लेकर ट्रैफिक, भ्रष्टाचार और सार्वजनिक उत्तरदायित्व वाले कार्यों में आज भी सरकार का काम है वाली भावना



ही बलवती है। अगर सरकार यानी पुलिस न दिखे तो हम हुड़दंग मचाने से बाज नहीं आते और अनुशासन तोड़ने में युवाओं से लेकर परिपक्व लोग भी पीछे नहीं रहते । प्रमुख सड़कों तक में बारहों महीने पर्व-त्योहारों के नाम पर वसूली से इसकी पहचान ख़राब होती है ।झारखंड को समृद्ध,सुखी और विकसित राज्य बनाने में सरकार की बड़ी भूमिका है पर बिना आमजन के सहयोग के यह संभव नहीं है ।अक्सर देखा जाता है कोई भी विकास कार्य,निर्माण कार्य या पूंजीनिवेश करने आने वाले लोगों के मन में भय रहता है कि नेता,दबंग या आमजन तक सभी भयादोहन करेंगे ।अनेक अवसर या औद्योगिक विकास से लेकर पूंजीनिवेश से होने वाली समृद्धि हम इस भावना से गंवा देते हैं जो पड़ोसी राज्यों में चले जाते हैं । झारखंड के पर्यटन उद्योग से हिमाचल की तरह अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती थी या फ़िल्म निर्माण जैसे कार्यों से एक बड़े रोजगार के अवसर पैदा हो सकते थे जो छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश चले जा रहे हैं क्योंकि समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता ! कम पढ़े लिखे ग्रामीण आज भी मौसमी पलायन कर रहे हैं और ज्यादा पढ़े लिखे स्थायी ।सभी को शिकायत सरकारों से है पर अपने कर्तव्यों या दायित्व की बात भी जरुरी है । राज्य की शैक्षिक संस्थाओं से लेकर रोजगार देने वाले छोटे- बड़े उद्योग धंधे या व्यापार जगत को सहयोग और सुरक्षा देकर हम भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़े हो सकते हैं ।झारखंड में चुनावी वादों,प्रलोभनों से लेकर जाति,धर्म और अगड़ा-पिछड़ा से लेकर अस्मिता खतरे में जैसे नारों और पीआर एजेंसियों की रणनीति के तहत चालें और सोशल मीडिया का झूठा दुष्प्रचार सब कुछ है पर अंतिम निर्णय और सही प्रतिनिधि या पार्टी का चुनाव झारखंडियों को ही करना है । यदि झारखंड को बदलना है तो हमें खुद को बदलना पड़ेगा ।

# गुड न्यूज : दीपावली-छठ के लिए चलेंगी 12, 500 स्पेशल ट्रेनें

**06** अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**108** ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या भी बढ़ाएगी रेलवे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इसके अलावा, सौ से ज्यादा ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। रेलवे के इस फैसले से करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। वैष्णव ने शुक्रवार को जानकारी दी कि रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की हैं। रेलवे करीब 108 ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने जा रही है, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को सफर करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनों का संचालन करने की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, 2024-2025 में 5,975 ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। रेलवे के अनुसार, इससे 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को दीपावली और छठ पूजा की भीड़ के दौरान घर जाने की सुविधा मिलेगी।

**आनंद विहार से लखनऊ होते हुए बरौनी पहुंचेंगी ट्रेनें :** स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से शुरू होकर 17 नवंबर तक चलेगी। ट्रेन एसी स्पेशल होगी, जो आनंद विहार से लखनऊ होते हुए बरौनी पहुंचेंगी।

शेष पेज 13 पर

### हंगामेदार होगी मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक सभा

# 111 वर्ष पुरानी मारवाड़ी सहायक समिति के दो गुटों में आरोप-प्रत्यारोप

- प्रस्तावित संविधान संशोधन का व्यापक विरोध
- चुनाव पद्धति में बड़े फेरबदल के प्रस्ताव
- संपत्ति संरक्षण मंडल के गठन का प्रस्ताव

**मारवाड़ी भवन में बुलाई गई वार्षिक आमसभा में भाग लेने की अपील**

**उपरोक्त पूर्व अध्यक्षों और वरिष्ठ समाजसेवियों ने आम सदस्यों से अपील की है कि वे रविवार 29 सितंबर को 10:30 बजे में मारवाड़ी भवन में बुलाई गई वार्षिक आमसभा में भाग ले और अपने विचार रखें।दूसरे पक्ष के संविधान संशोधन समिति के अध्यक्ष ललित पोद्दार का कहना है कि अनुभवी लोग अध्यक्ष बनें इसलिए कार्यकारिणी या अध्यक्ष आदि पदों पर रहे लोगों को ही अध्यक्ष बनाने से संस्था सही ढंग से संचालित होगी और बदलाव तीन चौथाई बहुमत से वार्षिक आमसभा में पारित होने पर होगा जिसका कुछ लोग स्वार्थवश विरोध कर रहे हैं ।जबकि अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी का कहना है कि बड़ी से बड़ी संख्या में सदस्य बैठक में भाग लें तभी इसका सही निर्णय होगा ।**

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लगभग तीन हजार सदस्यता वाली मारवाड़ी समाज के सभी अंग अग्रवाल, ब्राह्मण, माहेश्वरी, जैन ,ओसवाल , सैन, विजयवर्गीय, खंडेलवाल आदि की संयुक्त संस्था 111 वर्ष पुरानी मारवाड़ी सहायक समिति के संविधान में संशोधन के प्रयास के पक्ष और विपक्ष में विरोध अब खुलकर सामने आ गया है ।एक पक्ष ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले 10 वर्षों से विवाद में चल रहा है ।1958 में बिहार में निबंधित इस संस्था का कार्य लगभग 50 वर्षों तक इस संविधान के आधार पर चल रहा था। वर्ष 2000 के पहले वासुदेव प्रसाद बुधिया व राजकुमार केडिया के कार्यकाल में संशोधनों पर विचार करके विशेष साधारण सभा में संशोधन किया गया। 2002 में विश्वनाथ नारसरिया व धर्मचंद जैन रारा के कार्यकाल में मामूली संशोधन किया गया। तब से अब तक इस संविधान के आधार पर यह संस्था बहुत अच्छे से चल रही है और इसकी सभी संपत्ति भी सुरक्षित हाथों में हैं।मारवाड़ी सहायक समिति में कुछ लोग संविधान में अपने ढंग से संशोधन करने का प्रयास पिछले 6-7 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। विगत दो सत्रों में कार्यकारिणी समिति ने इन संशोधनों को अस्वीकृत कर दिया था। पुनः वर्तमान तीसरे सत्र में वही सब संशोधन लेकर 29 सितंबर 2024 को वार्षिक साधारण सभा बुलाई गई है। इन संशोधनों में पदाधिकारियों के योग्यता की सीढ़ीनुमा शर्तें डालना आम सदस्यों के अधिकारों का हनन है, साथ ही सक्षम और युवा लोगों को रोकना है । तथा इसकी विशाल संपत्ति के उपयोग हेतु पूर्व अधक्षों की एक संपति संरक्षण मंडल का प्रस्ताव दिया गया है। इस लिस्ट में एक ही परिवार के कई सदस्य है।इन संशोधनों के लाने से एक वर्ग की नीयत पर प्रश्न उत्पन्न होता है।निवर्तमान सत्र की कार्य समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार वर्तमान संविधान के आधार पर ही 22 फरवरी 23 को निबंधन विभाग में निबंधन हेतु आवेदन किया गया था। एक माह पश्चात 27 मार्च 23 को निबंधन विभाग द्वारा आवेदन की कुछ त्रुटियां बतला कर सुधार करने को कहा गया, पर आज तक कुछ नहीं किया गया। यह भी प्रश्न खड़े करता है।इन संशोधनों के विरोध में प्रमुख लोगो ने एक विरोध पत्र जमा किया है। इस विरोध पत्र में तीन पूर्व अध्यक्ष सर्व श्री विश्वनाथ नारसरिया , अरुण बुधिया, प्रदीप राजगरिया सहित सर्व अजय मारू, रविशंकर शर्मा, कृष्णा लाल शर्मा , सुरेश कु जैन, विनय सरावगी एवम प्रेम मित्तल के हस्ताक्षर है।

इनका आरोप है कि उद्देश्य सिर्फ संशोधन करके एकाधिकार कर लेना है, सोसायटी एक्ट में निबंधन हो या ना हो।

## न्यूज बॉक्स

### मेदांता में हार्ट जर्नल जोन का उद्घाटन



**रांची।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर रांची में पहली बार मेदांता अस्पताल में अत्याधुनिक हार्ट जर्नल जोन की स्थापना की गयी। जिससे मरीज अपने हृदय स्वास्थ्य का स्कोर स्वयं जांच और माप सकते हैं। इस स्क्रीन का उद्देश्य हृदय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मरीजों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करना है। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन अस्पताल के निदेशक विश्वजीत कुमार द्वारा किया गया, जिनके साथ अस्पताल के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद थी। इस अवसर पर कार्डियक डिपार्टमेंट के कार्डियक सर्जन डॉ. बालामुरली श्रीनिवासन, डॉ मिलन कुंडू और प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मयूरी शरद ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेदांता के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि विश्व हृदय दिवस हमें अपने हृदय के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की याद दिलाता है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत ने बतलाया, मेदांता में हम अपने मरीजों को उच्चतम स्तर की कार्डियक देखभाल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व हृदय दिवस का यह आयोजन हमें हृदय रोग की रोकथाम और इसके उपचार के प्रति और भी सजग बनाता है। इस आधुनिक हार्ट जर्नल की मदद से अगले कुछ दिनों तक लोग अपने हृदय स्वास्थ्य का मूल्यांकन स्वयं कर पाएंगे। अस्पताल निदेशक विश्वजीत कुमार ने कहा कि हम अपने मरीजों को उच्च-स्तरीय कार्डियक सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक में 9 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन को मिली स्वीकृति



- डॉक्टरों की ज्वॉइनिंग और यूएसजी मशीन खरीदने का भी अनुमोदन

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 01 अल्ट्रासाउंड सेंटर के रिन्यूअल और 09 सेंटर के रजिस्ट्रेशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति द्वारा 03 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, 08 चिकित्सकों की जॉइनिंग, 04 संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन सदर डॉ. प्रभात कुमार ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में पीसी एंड पीएनटी समिति सदस्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह एवं डीलिंग क्लर्क राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

### ना जगह ना जमीन, चल रहा है नकली डीएवी

# डीएवी शिक्षादीप को नहीं है सीबीएसई की मान्यता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में इंडियन ट्रस्ट एक्ट या सोसायटी एक्ट के प्रावधानों या स्कूल संचालकों की घोषणा के उलट व्यवसाय का रूप ले चुकी शिक्षा में नकली डीएवी का भी नाम है। रांची शहर के अलग अलग जगहो पर प्रतिष्ठित डीएवी स्कूलों से मिलते जुलते नाम का व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकी डीएवी नाम, डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी का अधिकृत नाम है। इससे मिलता जुलता नाम रख कर या डीएवी के आगे पीछे कुछ और जोड कर कई नकली डीएवी स्कूल सरकार की नाक के नीचे लंबे समय से चल रहे हैं। रांची के कमडे में डीएवी शिक्षादीप स्कूलों के अलावा एक पहाड टोली हेहल में है। सीबीएसई के मापदंड या स्कूल में बच्चों शारीरिक विकास के लिए आवश्यक किसी भी स्कूल में न खेल का मैदान है न ही बच्चों के लिए कोई खुली जगह है। पहाड़ टोली वाले में तो स्कूल तक जाने का भी रास्ता नहीं है। रास्ते में काफी कीचड़ है, इस स्कूल में जाने के लिए जो रास्ता है मेन रोड के बाद ऐसा लगता है कि जैसे कोई खेत हो ।पक्की सड़क तक नहीं है। कमडे वाला स्कूल एक व्यावसायिक भवन की तरह है जैसे कोई बड़ी दुकान या मॉल हो । अंदर कोई खुला स्पेस नहीं है। वहीं कमडे का दूसरा स्कूल देखने से लगता है कि कोई भाड़े में लगा हुआ घर हो। डीएवी शिक्षादीप के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा कि डीएवी शिक्षादीप को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नहीं है। राज्य सरकार के यूडाइस से चलता है। हमारा यूडाइस कोड है। नौ साल पहले डीएवी ग्रुप से नोटिस आया था, हमलोगो ने उसका जवाब दिया हमारा स्कूल जिस संस्था से चलता है उसके बारे में हमलोगों ने जिक्र किया था जिसके बाद वह नोटिस वापस लिया गया । डीएवी शिक्षादीप देशबंधु शिक्षादीप एलोवेदिक ट्रस्ट से चलता है। हम डीएवी ग्रुप की कोई भी कॉपी नहीं करते हैं। इस संदर्भ में इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र देने वाले शिक्षा विभाग के वर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया । जबकि शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी का कहना है कि पीड़ित पक्ष डीएवी है जिसकी तरफ से उन्हें जब तक शिकायत नहीं मिलेगी तबतक कार्रवाई कैसे करेंगे? डीएवी के पूर्व उच्चाधिकारी इस मामले पर लिखापढ़ी की बात तो करते हैं पर रिकॉर्ड वर्तमान अधिकारियों के पास बताते हैं । वर्तमान में डीएवी के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारी भी इसे अनुचित मानते हैं पर लिखित जानकारी देने से रहस्यमय कारणों से बचते हैं ।डीएवी स्कूलों का दिल्ली से संचालन करने वाली संस्था तक नकली डीएवी का मामला नहीं पहुंचने की बात एक डीएवी के अधिकारी ने बतायी ।कुल मिलाकर बड़े ब्रांड की तरह नकली ब्रांड के डीएवी स्कूल धड़ल्ले से चल रहे हैं जिसमें डीएवी स्वर्णरेखा,डीएवी आलोक जैसे नाम हैं जिन्हें शिक्षा माफिया संचालित कर रहे हैं ।हजारों अभिभावक जिनके बच्चे असली डीएवी में नहीं पढ़ पाते नकली में ठगे जाते हैं । इसमें दिलचस्प बात शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम का बयान है जिन्होंने पासवा निजी स्कूलों के संगठन को संबोधित करते हुए कहा था कि किसी भी स्कूल को कम जमीन होने के कारण बंद नहीं होने दिया जाएगा ।उनसे संपर्क कर पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो रांची पहुंचकर बात करने की बात कही । बाल संरक्षण के लिए कार्य करने वाली संस्था और बच्चों की फीस आदि के मामलों में मुखर अजय राय का कहना है कि इस पर सवाल उठाया जाएगा।




### खेल का मैदान जरूरी : तनुश्री सरकार



सीडब्ल्यूसी खूंटी की चेयरपर्सन तनुश्री सरकार ने कहा कि स्कूल एफिलिएशन के लिए जो नियम है उसमें खेल का मैदान होना जरुरी है। जो स्कूल बिना खेल के मैदान के चल रहे है तो वह गलत। इन स्कूलों को बंद करना चाहिए। बच्चों के लिए खेल बहुत जरुरी है। खेलने से ही उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है। बच्चों की भविष्य से खिलवाड़ करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### नाम से कोई लेना देना नहीं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होनी चाहिए: आलोक दूबे



पासवा के अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि यहां असली डीएवी और नकली डीएवी की बात नहीं है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात है। अगर दो कमरे में भी स्कूल चल रहा है और बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल रही है तो यह अच्छी बात है। स्कूल में मैदान है, नहीं है इस बात की कोई वैल्यू नहीं है। पूरे झारखंड में 47000 निजी स्कूल हैं, जिसमें से 100-150 ही बड़े स्कूल हैं जिनके पास ग्राउंड है। ग्रामीण क्षेत्रों में दो कमरों में स्कूल चला रहे हैं। वहां बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि डीएवी नाम किसी की जागीर नहीं है कोई भी रख सकता है। शिक्षा का स्तर अच्छा होना चाहिए, इस पर काम होनी चाहिए। स्कूल के प्रति ऐसा कानून बनना चाहिए जो लचीला हो, उन्हें पूरी आजादी देनी चाहिए। दारू दुकान खोलने के लिए कोई बाध्यता नहीं है लेकिन स्कूल खोलने के लिए इतने नियम का पालन करना है की स्कूल खुले ही नहीं।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही : अजय राय



**रांची।** अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जितना भी एफिलिएटेड स्कूल है उसको एप्लीकेशन से पहले राज्य सरकार से एनओसी लेना होता है। उसके बाद ही सीबीएसई से उसका एप्लीकेशन मिलता है। स्कूल एप्लीकेशन का जो नॉर्म्स है उसमें स्कूल के लिए दो एकड़ जमीन होना अनिवार्य है। इसके अलावा खेल का मैदान भी होना अनिवार्य है। लेकिन जहां-तहां स्कूल खोल रहे है और किसी भी चीज का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। बच्चों की गुणवत्ता में पढ़ाई हो रही है, नहीं हो रही है इस पर कोई ध्यान नहीं है। अगर फीस लेट हो जाए तो तुरंत फाइन कर देगा। पैसा किस स्रोतों से आए इस पर निजी स्कूल काम कर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता विकसित हो रही है या नहीं इस बात का ध्यान नहीं है। डीईओ से एनओसी लेना होता है उसके बाद ही सीबीएसई से एप्लीकेशन मिलता है। इन्हें 210 दिनों में सिलेबस पूरा करना होता है लेकिन यह सिलेबस पूरा नहीं करते है।




### विश्व पर्यटन दिवस पर आईएचएम में प्रतियोगिता काआयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड पर्यटन विभाग के तत्वाधान से होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) ने ऑड्रे हाउस में टूरिज्म एंड पीस थीम पर विश्व पर्यटन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यटन सचिव मनोज कुमार तथा विशिष्ट अतिथि पर्यटन निदेशक अंजलि यादव, उप निदेशक पर्यटन राजीव कुमार सिंह, अनुभाग अधिकारी गौतम मिश्रा तथा आईएचएम के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्थायी स्रोत, प्रमाणिकता और झारखंड के स्वदेशी सामग्री की भूमिका विषय पर पैनल चर्चा हुई। इसमें झारखंड की अनूठी व्यंजनों को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना और स्वदेशी सामग्री के महत्व को उजागर करने, झारखंड की विविधता को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए स्थायी स्रोतों से सामग्रियों का उपयोग कर स्थानीय संसाधनों का सम्मान और संरक्षण से स्थानीय खाद्य सामग्री और व्यंजनों को वैश्विक स्तर पर लाने में मदद मिलेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि ये प्रामाणिक और स्थायी रूप से प्राप्त हों जैसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आये। पैनल चर्चा में शेफ शेफ डॉ शेफ परविंदर सिंह बाली, डॉ शेफ सौरभ शर्मा, शेफ आशीष भासिन, शेफ गौतम चौधरी, शेफ नितिन शिंदे मुख्य प्रवक्ता रहे। शेफ बाली ने बताया की एक व्यंजन ही एक राज्य की पहचान की तरह कार्य करती हैं तथा स्वास्थ, झारखंड राज्य की व्यंजन अपने सामग्रियों से बाकी जगह से बहुत अलग एवं श्रेष्ठ है। शेफ भसीन ने राज्य की स्थानीय व्यंजनों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की जरूरत तथा खोये हुए व्यंजनों की विकास हेतु उनपे कार्य करने की जरूरत है जो की धैर्य और समर्थन से संभव। शेफ शिंदे ने स्थानीय व्यंजन पर रेस्टोरेंट संचालन हेतु जोर दिए। मुख्य अतिथि ने टूरिस्ट ट्रेड रेजिस्ट्रेशन पोर्टल का उद्घाटन, एडवेंचर टूरिज्म सेफटी दिशानिर्देश का शुभारंभ, पुस्तक बियॉन्ड द फॉरेस्ट का विमोचन तथा आईएचएम रांची द्वारा किये गए शोध जर्नल पलाश : ए जर्नल ऑफ हॉस्पिटालिटी एंड टूरिज्म सर्विस मनजेमेंट का अनावरण किया गया।

### सीएमपीडीआई ने कांके डैम के छठ घाट में सफाई अभियान चलाया

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने स्वच्छता ही सेवा के तहत कांके डैम के छठ घाट में सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इस स्वच्छता अभियान में संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी, महाप्रबंधक व विभागागध्यक्ष एवं कर्मचारीगण सहित रांची नगर निगम के वार्ड-1 के पूर्व पार्षद नकुल तिर्की ने हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान करीब 500 लोगों द्वारा घाट की सफाई की गयी और लगभग 5000 किलोग्राम कूड़ा निपटान हेतु एकत्र किया गया। कांके डैम, रांची के छठ घाट की सफाई ह्यह्यस्वच्छता ही सेवा अभियानह्लह्ल के तहत रांची नगर निगम द्वारा सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची को सौंपे गए ह्यह्यस्वच्छता लक्ष्य इकाईह्लह्ल में से एक है। स्वच्छता लक्ष्य ईकाई का निर्धारण स्थानीय निगम द्वारा नियत मानकों के आधार पर किया जाता है।

# सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने कंपनी पर लगाया कम सैलरी देने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। रांची



सिविल सर्जन

- समानता कंपनी और सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मी के बीच विवाद सुलझाएंगे : सिविल सर्जन
- कर्मचारियों को तकनीकी समझ नहीं : समानता कंपनी एचआर

रांची सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग में 854 कर्मचारी कार्यरत हैं। ये विभिन्न पदों ड्रेसर, फार्मासिस्ट, एएनएम, जीएनएम, स्पोर्टिंग स्टाफ,ओटी असिस्टेंट आदि पर कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों की समानता सिक्यूरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से हुई है। ऐसे में अब कर्मचारी आरोप लगा रहे हैं कि यह कंपनी इनके हक व अधिकारों का दोहन कर रही है। निर्धारित वेतन से आधा वेतन दे रही है। कंपनी अपने कार्यरतकर्मियों से 18 प्रतिशत जीएसटी, पांच प्रतिशत सर्विसचार्ज, इपीएफ 25 प्रतिशत और ईएसआईसी चार प्रतिशत यानि कुल 52 प्रतिशत की कटौती कर रही है। साथ ही 30 दिनों के स्थान पर 26 दिनों का ही वेतन दे रही है। इस संबंध में कंपनी के एचआर ने कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मियों में तकनीकी समझ नहीं है। 18 प्रतिशत जीएसटी, पांच प्रतिशत सर्विस चार्ज, इपीएफ 25 प्रतिशत और ईएसआईसी चार प्रतिशत यानि कुल 52 प्रतिशत की कटौती इनके वेतन से नहीं किया जा रहा है। जिस दर से भुगतान की बात वे लोग कर रहे हैं, उस दर में ही सारे चार्जेज का उल्लेख है। जबकि वे इसे मूल वेतन मान रहे हैं। आवंटित राशि में इन कटौतियों के बाद ही इनका मूल वेतन बनेगा। उन्होनें कहा कि जल्द ही सदर अस्पताल में कम्पनी का रिन्यूअल होना है। ऐसे में गलत बयानबाजी कर कंपनी को बदनाम किया जा रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने कंपनी के एचआर कुंदन कुमार से बात किया तो उन्होंने बताया कि कंपनी सरकार के सारे गाइडलाइन का पालन कर रही है। यहां तक कि स्थानीय आरक्षण नीति का पालन करते हुए 75 प्रतिशत से भी ज्यादा 95 प्रतिशत तक स्थानीय लोगों को ही नियुक्त कर रही है।

इस संबंध में सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने कहा कि समानता कम्पनी को नोटिस भेजा गया है। वे अपना पक्ष रखे। कर्मियों के यूनियन को भी कहा गया है कि बैठक रखी जायेगी एवं सभी का पक्ष रखा जायेगा। इस संबंध में झारखंड उर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि किसी कंपनी को हक नहीं है कि वे अपने कमचारियों के पैसे से जीएसटी एवं अन्य मदों की कटौती करे। काम के बदले श्रमिकों को पूरा वेतन दिया जाए। श्रमिकों की मांग के साथ हम सब खड़े हैं।

# इंदिरा एकादशी व्रत के प्रभाव से पापों का होता है नाश

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में आज शनिवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की इंदिरा एकादशी व्रत मनाया जाएगा । इस अवसर पर प्रातः 4:30 बजे से उद्यास्तमन सेवा महानुष्ठान के अंतर्गत पारब्रह्म परमेश्वर श्रीश्रीनिवास दम्पति का महाभिषेक होगा। भगवान को फलाहारी प्रसाद का भोग, महाआरती, महास्तुति, तदियाराधन और गोष्ठी, शठारी के बाद मासिक अर्चना होगी। तदोपरान्त प्रातः 7:00 बजे से आम श्रद्धालु अपने-अपने अभीष्टों के लिए भगवान की पूजा -अर्चना कर सकेंगे । एकादशी की पूर्व तिथि दशमी में शुक्रवार को भगवान श्रीमन्नारायण का दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल और डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ। रजनीगंधा और गुलाब पुष्प के मालाओं से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन करके महाआरती की गई। फिर पोंगल, खीर, फल व मेवा का बाल भोग (नाश्ता) नैवेद्य हुआ। तैत्तिरियोपनिषद के बृहद मंत्र एवं श्रुति सम्मत ऋचाएं से श्रीभगवान की स्तुति की गई। आज के महाभिषेक के यजमानः रमेश कुमार धरनीधरका व पत्नी शशि धरनीधरका हुए।

इंदिरा एकादशी महात्म्य

इस एकादशी व्रत के प्रभाव से बड़े-बड़े पातकों का नाश हो जाता है ।नीच योनि में पड़े हुए पितरों को यह एकादशी सद्गति देने वाली है। इसलिए एकादशी की पूर्व तिथि दशमी में एक समय भोजन करें। फिर एकादशी को भक्ति भाव से उपवास का नियम ग्रहण करें। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का पूजन करें। भगवान के समीप रात्रि जागरण करें और सवेरा होने पर द्वादशी तिथि में पुनः स्नान ध्यान करके भक्ति पूर्वक श्रीहरि- वेंकटेश्वर की पूजा- अर्चना करें । विधि पूर्वक आलस्यरहित होकर इंदिरा एकादशी का व्रत करें। इससे आपके पितर भगवान श्रीमन्नारायण विष्णु के बैकुंठ धाम में सुख पूर्वक निवास करेंगे।

# कांटाटोली फ्लाईओवर का काम बाकी, हैंडओवर होना मुश्किल



नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांटा टोली फ्लाइओवर में अभी भी काम चल रहा है। काम लगभग 10 प्रतिशत होना बाकी है। कोकर साइड से जो फ्लाइओवर चढ़ना है। अभी वह रास्ता पूरी तरह से नहीं बना है। रंग- पेंट का भी काम चल रहा है। वहीं फ्लाइओवर के नीचे साफ-सफाई और रंग रोगन का काम चल रहा है। फ्लाइओवर बनाने वाली कंपनी काफी तेजी से काम कर रही है। ऐसे में अब 30 सितंबर को फ्लाइओवर हैंडओवर करना मुश्किल है। अगर जुडको सरकार को हैंडओवर दे भी देती है तो फिर भी बहुत सारा काम बाकी रहेगा। पुल के उपर का भी कई काम अभी बाकी है। फ्लाइओवर में जो लाइट लगनी है उसका काम भी बाकी है। देखने से ऐसा लग रहा है कि चाहे जितना भी तेजी से काम कर ले पर पूरा नहीं हो पाएगा। जुडको के पीआरओ आशुतोष सिंह ने कहा कि सरकार कब उद्घाटन करेगी इसके बारे में मै नहीं जानता। 30 सितंबर को जुडको सरकार को हेंडओवर कर देगी।

# सदर में शुरू होगा न्यूरो सर्जरी विभाग प्रबंधन समिति की बैठक में फैसला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सिविल सर्जन सदर रांची डॉ प्रभात कुमार ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की। जिसमें सदर अस्पताल रांची में न्यूरो सर्जरी विभाग, क्रिटिकल केयर विभाग, पीएसएम विभाग शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा सदर अस्पताल के पैथोलॉजी से सभी प्रखंडों को जोड़ने के प्रस्ताव को पारित किया गया। प्रखंडों से प्राप्त मुख्यमंत्री अस्पताल रख रखाव योजना से संबंधित प्रस्ताव को पारित किया गया। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी।



**ये प्रस्ताव हुए पारित**

पूर्व के एचएमएस की बैठक की समीक्षा.
सदर अस्पताल के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पारित
एचएमएस के एग्जीक्यूटिव बॉडी का पुर्नगठन का निर्णय
कैथलैब के इस्टेबलिशमेंट से संबंधित प्रस्ताव पारित
सदर अस्पताल के इक्विपमेंट मेंटेनेंस हेतु एएमसी,सीएमसी करने का निर्णय

**ये रहे मौजूद**

रिम्स निदेशक के प्रतिनिधि, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग रांची, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल रांची, डीपीएम रांची, राम कृष्ण मिशन रांची के प्रतिनिधि, शिशु रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल रांची, यूनिसेफ के प्रतिनिधि व सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कन्या भ्रूण हत्या है मानव जाति के खिलाफ अपराध

# बेटी मां के गर्भ में भी सुरक्षित नहीं

काजल मेहता



**रांची।** महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ बड़े आंदोलन होते हैं। कहा जाता है कि इस समाज में महिला हो या बच्ची, वे बाहर कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन, वास्तव में देखा जाए तो बेटी मां के गर्भ में भी सुरक्षित नहीं हैं। पुत्र की कामना में उनकी हत्या मां के गर्भ में ही कर दी जाती है। आज कन्या भ्रूण हत्या इस देश में आम हो गई है। कन्या भ्रूण हत्या जघन्य अपराध है। इसे पूरी मानव जाति के खिलाफ अपराध कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। लोग यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि दुनिया में स्त्री ही शिशु को जन्म दे सकती हैं, पुरुष नहीं। इसलिए स्त्री नहीं रहेगी, तो 'पुत्र रत्न' की प्राप्ति कैसे होगी! पुरुष प्रधान समाज होने से दहेज और कुछ धार्मिक कर्मकांड ऐसे कारक हैं, जिसके कारण लोग चाहते हैं कि उनके यहां पुत्री नहीं, पुत्र ही पैदा हो। लेकिन, बहुत से ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जिससे पता चलता है कि पुत्र होने से यह गारंटी नहीं है कि भविष्य सुखद ही हो। बहुत से ऐसे उदाहरण हैं, जहां पुत्र और बहू बुजुर्गों को वृद्धाआश्रम में छोड़ आते हैं। आज बेटियां बड़ी-बड़ी कंपनियों की सीईओ हैं। बेटियां सेना में हैं, वे युद्धक विमान उड़ा रही हैं। बेटियों की शादी के बाद भी माता-पिता उनके साथ खुश हैं। दरअसल, समस्या सोच की है। बेटियों की समस्या पर उसके ससुराल के खिलाफ थाने में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवा देते हैं, लेकिन अपनी बहू को प्रताड़ित करने से बाज नहीं आते हैं। यही वह सोच है, जो बेटियों को गर्भ में ही मार देती है। समाज जैसे-जैसे विज्ञान में आगे बढ़ा, वैसे-वैसे कन्या भ्रूण हत्या बढ़ती गई। अल्ट्रासाउंड और अन्य तकनीक से यह जानना आसान हो गया है कि गर्भ में पल रहा भ्रूण बेटा का है या बेटी का। सिर्फ लैंगिक भेदभाव कह कर कन्या भ्रूण हत्या को छोटा नहीं किया जा सकता, इस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है। गर्भपात कराने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन कन्या भ्रूण हत्या का सिर्फ एक कारण होता है। और, वह है बेटी का जन्म नहीं हो। यह कैसी सोच है। क्या ऐसी सोच मनुष्य की हो सकती है? यह दैव सोच भी नहीं है। कन्या भ्रूण हत्या की सोच केवल राक्षसी सोच है। यह ऐसी सोच है, जो सारी मानव जाति को नष्ट कर देगी।

**सिर्फ लैंगिक भेदभाव कह कर कन्या भ्रूण हत्या को छोटा नहीं किया जा सकता, इस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है।**

**आज बेटियां बड़ी-बड़ी कंपनियों की सीईओ हैं। बेटियां सेना में हैं, वे युद्धक विमान उड़ा रही हैं।**

## केवल सरकारी लाइसेंस प्राप्त केंद्रों पर ही गर्भपात कराया जा सकता है

पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट गर्भपात करने वाले चिकित्सकों की योग्यता का निर्धारण करता है और केवल सरकारी लाइसेंस प्राप्त केंद्रों पर ही गर्भपात कराया जा सकता है। इन संस्थानों को सरकार द्वारा जारी प्रमाणपत्र को केंद्र में ऐसी जगह पर लगाना होगा, जिससे कोई भी बाहरी व्यक्ति उसे देख सके। इस अधिनियम ने सभी परीक्षण प्रयोगशालाओं के पंजीकरण को अनिवार्य बना दिया है। और अल्ट्रासाउंड के उपकरणों के निमार्ता को अपने उपकरणों को पंजीकृत प्रयोगशालाओं को बेचने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार कोई भी निजी संगठन समेत व्यक्ति, अल्ट्रा साउंड मशीन, इमेजिंग मशीन, स्कैनर या भ्रूण के लिंग के निर्धारण में सक्षम कोई भी उपकरण निर्माता, आयातक, वितरक या आपूर्तिकर्ता के लिए इन्हें बेचना, वितरित करना, आपूर्ति करना, किराये पर देना या भुगतान या अन्य आधार पर इस अधिनियम के तहत अपंजीकृत किसी आनुवंशिक परामर्श केंद्र, जेनेटिक प्रयोगशाला, जेनेटिक क्लिनिक, अल्ट्रा साउंड क्लिनिक, इमेजिंग स्क्रीन या अन्य किसी निकाय या व्यक्ति को ऐसे उपकरणों या मशीनों के प्रयोग की अनुमति नहीं दे सकता है। (पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के नियम 3 अ के साथ धारा 3 इ)



डॉ रश्मि सिंह



धीरज कुमार



तनुश्री सरकार

### भ्रूण हत्या से संबंधित प्रावधान

भारतीय न्याय संहिता की धारा 100 में आपराधिक मानव वध (कल्पेबल होमीसाइड) की व्याख्या और दंड का प्रावधान है। इसमें मृत्यु का कारण बनने के इरादे से या मृत्यु का कारण बनने वाली शारीरिक चोट पहुंचाने के इरादे से किसी कार्य को करना शामिल है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 102 में सदोष हत्या के लिए प्रावधान है। इसमें किसी अन्य व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनने के इरादे से या मृत्यु का कारण बनने की संभावना के बारे में जानते हुए कोई कार्य करना शामिल है। धारा 105 में आपराधिक मानव वध (कल्पेबल होमीसाइड) के लिए आजीवन कारावास या कम से कम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष की अवधि के कारावास के साथ जुर्माना शामिल है।

### भ्रूण हत्या से महिलाएं हो सकती हैं गंभीर बीमारी की शिकार

भ्रूण हत्या रोकने के लिए कानून भी जमीनी स्तर पर है, लेकिन कई ऐसे क्षेत्र आज भी हैं, जहां भ्रूण हत्या, गर्भपात बिना महिला की इच्छा के जबरन करवाया जाता है। भ्रूण हत्या या गर्भपात से महिलाओं में कई तरह की बीमारी हो जाती है। जैसे गर्भावस्था के दौरान अनियंत्रित उल्टियां, स्तन और गले का कैंसर, आंखों में परेशानी (रेटिनोपैथी), मिर्गी, मानसिक बीमारी, गुणसूत्रीय विकृतियां, पहले तीन हफ्तों में मां को खसरे का संक्रमण।

### कन्या भ्रूण हत्या हो या गर्भपात शिकार महिला ही होती है

महिला चिकत्सक डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या हो या गर्भपात, चाहे यह किसी भी कारण से हो रहा हो, शिकार महिलाएं ही होती हैं। गर्भपात के कारण महिला के शरीर से भारी मात्रा में खून बह जाता है और इसमें महिला की जान भी जा सकती है। साथ ही, एनीमिया, बीमारी का संक्रमण और फिर से गर्भवती होने में परेशानी, जैसी कई समस्याएं खड़ी हो जाती हैं।

### भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने की व्यवस्था

मामला दर्ज करना, भ्रूण हत्या की शिकायत दर्ज कराना और पुलिस को सूचित कर इसमें पुलिस द्वारा मामले की जांच करना और आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ अदालत में मुकदमा चलाना और आरोपियों को सजा दिलाना शामिल है।

**भ्रूणहत्या एक गंभीर अपराध है :** झारखंड उच्च न्यायालय अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि आज के दौर में भ्रूणहत्या एक गंभीर अपराध है। इसमें गर्भ में पल रहे बच्चे की हत्या की जाती है। यह अपराध न केवल गर्भस्थ शिशु के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि समाज में व्याप्त लिंग भेदभाव और महिलाओं के प्रति हिंसा की मानसिकता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा, हमें भ्रूण हत्या के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा और समाज में लिंग समानता और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करना होगा। भ्रूण हत्या की रोकथाम के संबंध में अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में कई कानूनी प्रावधान और कार्रवाइयां शामिल की गई हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 100, 102 और 105 में आपराधिक मानव वध के लिए दंड को परिभाषित और निर्धारित किया गया है।

---

## रातू रोड में जिला दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी बना रहा भव्य पंडाल

# झारखंड की कला-संस्कृति व वन्य जीवन का होगा दर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं। दुर्गा पूजा के वक्त राजधानी दुल्हन-सी नजर आती है। दुर्गा पूजा समितियों द्वारा तरह-तरह के आकर्षक पंडालों का निर्माण किया जाता है, जो कि श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। कई तरह के काल्पनिक और प्रेरणादायक पंडालों का निर्माण राजधानी में किया जाता है। रातू रोड में जिला दुर्गा पूजा समिति भी कुछ अरसे से काल्पनिक और आकर्षक पंडाल का निर्माण कर रही है। इसी क्रम में इस बार भी जिला दुर्गा पूजा समिति भव्य पंडाल बना रही है। इसमें झारखंड की संस्कृति, कला और वन्यजीव को दिखाया जाएगा। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, सहित अन्य सभी सदस्य तैयारियों में लगे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था :** जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर समिति द्वारा 15 से 20 महिला एवं पुरुष सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं, पंडाल के भीतर और बाहर करीब 10 से 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी।





### पंडाल और प्रतिमा में क्या है खास

रातू रोड की जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि पंडाल को काल्पनिक थीम पर बनाया जा रहा है। पंडाल के बाहर झारखंड के वन्य जीवन को दिखाया जाएगा। इसमें हाथी, घोड़ा और अन्य जीव नजर आएंगे। पंडाल में झारखंड की कला-संस्कृति को भी दर्शाते हुए, छऊ नृत्य करने वाली मंडली को भी को दिखाया जाएगा। भारत और झारखंड के महापुरुषों को दिखाया जाएगा। पंडाल के बाहर झारखंड की चित्रकला से संबंधित सोहराय पेंटिंग के विविध प्रकार के दृश्य दिखाए जाएंगे। पंडाल की लंबाई 60 फीट और चौड़ाई 70 फीट होगी। इसका निर्माण बेत की लकड़ी और हस्तनिर्मित पेंटिंग से किया जा रहा है। रोहित यादव ने बताया कि करीब 45 लाख रुपये की लागत से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, प्रतिमा को भी विशेष तरीके से बनाया जा रहा है। प्रतिमा प्राचीन कीर्ति पर आधारित है। पंडाल निर्माण कार्य में करीब 50 श्रमिक लगे हुए हैं।

## बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 28 को, परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद की ओर से आयोजित बीएससी नर्सिंग (बेसिक-पोस्ट बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को रांची के सात केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है, जो 28 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावी रहेगा।

इन परीक्षा केन्द्रों पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के जरिये पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, हथियार लेकर चलने, लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी रहेगी।

**इन केन्द्रों पर होगी परीक्षा बीएससी नर्सिंग (बेसिक)**

- बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ट्रस्ट), देवी दर्शन मंदिर रोड गेतलातू, नेवरी विकास, रांची।
- आर.टी.सी हाई स्कूल हिन्दी मीडियम, पी एच.ई.डी. बुटी रांची।
- ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल, रोड नं-05 प्रेम नगर हेसाग हटिया, रांची।
- सत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल डॉ. कामिल बुलके पथ, पुरुलिया रोड़, रांची।
- संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज पुरुलिया रोड रांची -संत जॉन हाई स्कूल , कर्बला टेंक रोड, रांची।
- बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के लिए
- -आरटीसी हाई, स्कूल हिन्दी मिडियम, पी.एच.ई.डी. बूटी, रांची।

## धनबाद में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में हाईकोर्ट ने मेंटैबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रखा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एक निजी चैनल के मालिक अरूप चटर्जी के खिलाफ धनबाद में दर्ज विभिन्न केस के अनुसंधानकर्ता, तत्कालीन एसपी और डीएसपी समेत कुछ गवाहों के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मेंटीबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। उनकी ओर से मामले में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस की गई। कपिल सिब्बल ने कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धनबाद में कोयले के अवैध व्यापार में वसूली का प्रार्थी ने जो आरोप लगाया है वह बेबुनियाद है। प्रार्थी प्रभावित व्यक्ति नहीं है। पुलिस को फंसाने के लिए उन्होंने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है।

## झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने तेज की तैयारियां

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सियासी सरगर्मियां तेज गई हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ सरकार में सहयोगी कांग्रेस की चुनाव समिति की पहली बैठक शुक्रवार को हुई।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता में सुबोध कांत सहाय ने की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद थे। सुबोध कांत सहाय ने बताया कि यह बैठक चुनाव अभियान की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित की गई है। जब उनसे पूछा गया कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया गया, तो उन्होंने कहा कि यह एक अलग प्रक्रिया है। इस बैठक का फोकस उन उम्मीदवारों की तैयारी पर है, जो चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस प्रोग्राम की रूपरेखा क्या होगी इस पर चर्चा हुई। आज बैठक का पहला दिन है। हम सबसे बात करके इसका निचोड़ निकालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एक विस्तृत रोड मैप तैयार किया जाएगा। इसमें सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में जनता को महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों से जोड़ने के लिए आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। हम चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस के विचारों और कार्यक्रमों के जरिये जनहित के मुद्दों को उठाने का भी निर्णय लिया गया। यह बैठक झारखंड में कांग्रेस की चुनावी ताकत को मजबूती देने के लिए महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने अपने अभियान को प्रभावी बनाने और जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाने की योजना बनाई है। इससे पार्टी की रणनीति को नई दिशा मिलेगी और आगामी चुनाव में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में मदद मिलेगी।

## विनय चौबे के खिलाफ छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया मामला, शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/रायपुर।** बहुचर्चित शराब घोटाले के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू ने धारा 420 और 120 के तहत केस दर्ज किया गया है। गुरुवार देरशाम विभाग ने यह जानकारी दी। आईएएस विनय चौबे वर्तमान में झारखंड के पंचायत विभाग में सचिव हैं। उन पर उत्पाद विभाग में बतौर सचिव पदस्थ रहने के दौरान शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है। वे उत्पाद विभाग के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव भी थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल के दौरान अपनाई गई आबकारी नीति को अपनाया था। इस नीति को क्रियान्वित करने में विनय चौबे की अहम भूमिका बताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार झारखंड में भी छत्तीसगढ़ की तरह शराब नीति में बदलाव किया गया और नकली होलोग्राम का उपयोग कर नकली शराब बेचने का क्रय किया गया।

## झामुमो की प्रमंडल स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति और मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सुझाव लिए गए और कार्यकतार्ओं की सक्रिय भूमिका को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने मे कार्यकतार्ओं की भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से खूंटी, सिमडेगा और उत्तरी छोटानागपुर से धनबाद, बोकारो, चतरा, कोडरमा जिला से झामुमो के केन्द्रीय समिती के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, नगर, महानगर समिति के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के जिला समिति के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए।

## छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से भी बेल नहीं मिली

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एच सी शर्मा की कोर्ट में छवि रंजन की बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। छवि रंजन ने जिस केस में बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, सेना के कब्जे वाली भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

## दुर्गापूजा सद्भावना से मने, सुनिश्चित करें : खियांग्ते

- सभी आयुक्तों, सभी जिलों की उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्ते की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी प्रमंडल के आयुक्तों, सभी जिलों की उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी को आगामी दुगार्पूजा त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाने के लिए आवश्यक कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि दुर्गा पूजा का यह त्यौहार आपसी समन्वय एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो, इस संदर्भ में सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति समिति की बैठक थाना स्तर पर सुनिश्चित कर ली जाए ताकि शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने में स्थानीय प्रबुद्ध जनों एवं गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखें। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में त्वरित कार्रवाई की जा सके। खियांग्ते ने सभी पूजा पंडालों में पूजा समितियां के माध्यम से सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को सभी पूजा पंडालों एवं रूट लाइन का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में फायर टेंडर उपयुक्त स्थान पर उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसे प्रयोग करने के लिए अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके।

**पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात रहें :** मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्त एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात रहें, इसे पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी वॉलिंटियर्स उनके कार्य दायित्व के अनुसार कलर कोडिंग का प्रयोग करते हुए टी-शर्ट एवं कैप मुहैया कराएं ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके। ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कहा कि आगामी त्यौहार को सभी श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त एवं दुरुस्त रखें।

**कम्युनिकेशन प्लान भी बेहतर बनाएं :** कम्युनिकेशन प्लान भी बेहतर बनाएं ताकि किसी भी तरह की आकस्मिकता से निपटा जा सके। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मूर्ति विसर्जन किये जाने के दौरान अधिक गहराई वाले तालाबों एवं नदियों में साईनेज लगाकर सावधान करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। बैठक के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने का आदेश दिया गया। बैठक में प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### एसपी ने पुलिसकर्मियों का किया स्वागत

**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में जिला बल के 42 सिपाही से हवलदार बने जवानों को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बिल्ला लगाकर किया सम्मानित। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, खूंटी डीएसपी, मेजर एवं पुलिस एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

खूंटी। रानियां किसान भवन में क्षेत्र की महिला संकुल संगठन की दीदियों को अवैध अफीम की खेती, डायन बिसाही कुप्रथा, डायल-112, नशापान, अवैध शराब की बिक्री, महिला एवं बाल व्यापार के विरुद्ध जागरूक किया। वहीं यातायात नियमों के बारे बताते हुये अपने-अपने घर परिवार के सदस्यों को जागरूक करने का अनुरोध किया।

### लापुंग के कोयनारा लैम्पस के समीप से अज्ञात वृद्ध माहिला का शव बरामद

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के कोयनारा लैम्पस के बगल में जाम टंगरा के समीप एक अज्ञात 65 वर्षीय वृद्ध महिला का शव लापुंग पुलिस ने बरामद किया है। वृद्धा लाल गुलाबी साड़ी पहनी व गर्दन में लाल धागा हाथ में हरी चूड़ी पहनी हुई थी। पैर, हाथ , गला में गोदना का निशान। वृद्ध महिला के बारे में बताया जा रहा है कि वह दो माह पुर्व से ही बाहर से आकर इस क्षेत्र में घुमती थी और जहां तहां रहती थी। आंशका जताई जा रही है कि बारिश व खाली पेट रहने से मौत हो गयी है। लापुंग थाना पुलिस के एसआई कामेश्वर चौधरी ने पंचनामा के बाद शव को कब्जे में लेकर थाने ले ले गयी। शनिवार को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेजा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### जमीन फर्जीवाड़े में छवि रंजन की याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 7 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की है। संभवतः उसी दिन अदालत आदेश भी पारित कर सकती है। मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े में भी आरोपी हैं। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में हैं। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया था।

### सीसीएल में 38वीं क्षेत्रीय खान बचाव सुरक्षा प्रतियोगिता संपन्न

# पुरस्कार का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सीसीएल दरभंगा हाउस के कन्वेंशन सेंटर में 38 वां खान सुरक्षा प्रतियोगिता समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 25सितंबर से 26 सितंबर तक एमआरएस रामगढ़ और भुरकुंडा यूजी, बरका सयाल क्षेत्र में मनाई गई। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। अंतिम दिन समारोह सीसीएल मुख्यालय में मनाया गया। समारोह के आरंभ में आर्मी बैंड ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक (सुरक्षा) एसके सिंह ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए सीसीएल की बचाव सेवा का संक्षिप्त विवरण दिया। कार्यक्रम के दौरान डीएवी , गांधीनगर के छात्रों ने नृत्य एवं नाट्य की सुंदर प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में हुए सभी प्रतिस्पर्धाओं को एक लघु फिल्म के माध्यम से सभी के समक्ष रखा गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ प्रतिस्पर्धा में कर्मियों ने रिले रेस, ऑनलाइन टेस्ट,फ्लैग होएस्टिंग, फर्स्ट एड प्रतियोगिता,स्टेटूटोरी टेस्ट, एफएबी, रेस्क्यू और रिकवरी में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में गणमान्यों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर डॉ एसएस प्रसाद, उप महानिदेशक डीजीएमएसतथा मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह, आफताब अहमद, एन पी देवरी, सहित खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरीय अधिकारीगण, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# एक्सपो उत्सव में बॉलीवुड सूट और घरेलू उपकरण लुभा रहे



**रांची।** एक्सपो उत्सव-2024 के भव्य उद्घाटन के बाद रांचीवासियों ने बारिश के बावजूद शुक्रवार को जमकर खरीदारी की। एक्सपो के 27वें संस्करण ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है। जहां बच्चों को फनगोला एम्यूजमेंट पार्क बेहद पसंद आ रहा है। वहीं, महिलाओं को बनारसी साड़ी, बॉलीवुड सूट और होम एप्लायंसेस जैसी वस्तुएं आकर्षित कर रही हैं। पुरुष वर्ग के लिए ऑटोमोबाइल जोन मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां मर्सिडीज, ऑडी, मारुति, बीएमडब्ल्यू जैसे चार पहिया वाहन और सुजुकी, ट्रायम्फ जैसे दो पहिया वाहनों का प्रदर्शन किया गया है। इस बार एक्सपो में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की भी धूम है। थाईलैंड के फुटवियर, ईरान के कालीन, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, बांग्लादेश की साड़ियां और कुर्तियां भी खरीददारों को खूब पसंद आ रही हैं। साथ ही, तुर्की की प्रसिद्ध मिठाई बकलावा भी लोगों को भा रहे हैं। एक्सपो में लगेगा मिडनाइट बाजार एक्सपो उत्सव में शनिवार की रात खास होगी, क्योंकि मिडनाइट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। रात 11 बजे तक एंट्री की अनुमति होगी, जिससे लोग देर रात तक खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे।

## न्यूज | बॉक्स

### दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**मुरी।** राजकीय रेल थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति कि बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकीय रेल थाना रांची इंस्पेक्टर प्रदीप मिंज के द्वारा किया गया।बैठक में पूजा को शांति पूर्ण एवं सौहार्द पुर्ण तरीके से मनाने को लेकर विचार विमर्श की गई। सभी कमिटी के सदस्यों ने अपने अपने विचारों को रखा साथ ही पार्किंग की व्यवस्था,बाइक चेकिंग ,शराब बंदी ,रेलव क्वार्टरों के समीप स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, गंदगी की सफाई समेत और भी कई तरह के बातों को रखा गया। राजकीय रेल थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि हमारे तरफ से जो भी सहयोग होगा हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे।इस मौके पर आरपीएफ के थाना प्रभारी संजीव कुमार,एस आई पवन कुमार, ओपी थाना के ए एस आई आशिष रंजन, रंजन कुमार,समेत नॉर्थ सेटलमेंट दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश रवानी, नकुल महतो, संतोष तंतुबाइ,श्री श्री वैशणवी दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष तुलसी महतो, श्री दुर्गा पूजा समिति बी टाइप के अध्यक्ष हारु मुखर्जी समेत कमिटी के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, झारखंड के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने 6 अक्टूबर को राजधानी रांची के हज हाउस में आयोजित होनेवाले एक दिवसीय तहफ़्फ़ुज -ए- अवकाफ कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री हफीजुल हसन की उपस्थिति में मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के झारखंड प्रतिनिधि सह संरक्षक,तहफ़्फ़ुज -ए- अवकाफ कॉन्फ्रेंस, श्री नजरे तौहिद, तहफ़्फ़ुज -ए- अवकाफ कॉन्फ्रेंस, संयोजक -सह -ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के झारखंड प्रतिनिधि डॉ यासीन कासमी, तहफ़्फ़ुज -ए- अवकाफ कॉन्फ्रेंस के संरक्षक डॉ माजीद आलम, डॉ मुफ्ती असगर मिसबाही,श्री कारी जान मुहम्मद मुस्ताफी( रांची शहर काजी)डॉ मौलाना तल्हा नदवी, मुफ़्ती तल्हा नदवी, हाजी फिरोज,मेराज गद्दी,नदीम खान एवं सैफुल हक सैफ शामिल थे।

### फेफड़े के कैंसर की शुरुआत में खांसी का बढ़ना व सांस लेने में तकलीफ होना मुख्य लक्षण : डॉ विशेश्वरन बी

**रांची।** अस्थमा की समस्या इन दिनों बढ़ रही है। अस्थमा एक पुरानी फेफड़ों की बीमारी है जो हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। इसके उचित उपचार के लिए हैदराबाद स्थित यशोदा हॉस्पिटल के डॉ बिशेश्वरन बी ने बुधवार को रांची करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। डॉ विशेश्वरन बी ने कहा कि झारखंड की मरीज रीता सिन्हा, 70 वर्षीय महिला को सांस लेने में गंभीर कठिनाई और खांसी से पीड़ित थीं। जिससे उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधिया प्रभावित हुईं। वह ऑक्सीजन पर निर्भर हो गई थी। वह अधिकतम चिकित्सा प्रबंधन के प्रति अनुत्तरदायी थी। मरीज का पहले कई डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया था और फिर उसे आगे के मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए हैदराबाद के सोमाजीगुडा में यशोदा अस्पताल में रेफर किया गया था। मरीज को डॉ विश्वेश्वरन बालासुब्रमण्यम, एमडी, डीएम (पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर- गोल्ड मेडलिस्ट), वरिष्ठ सलाहकार- इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन विशेषज्ञ के अधीन भर्ती कराया गया था। मरीज का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि उसे गंभीर अस्थमा और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया है। उचित दवाओं के साथ आईसीयू में मरीज का प्रबंधन करने के बाद, मरीज के उपचार को अनुकूलित किया गया और उसे बायोलॉजिक्स जैसी उन्नत दवाएं दी जाने लगीं। डॉ बिशेश्वरन बी ने कहा कि फेफड़े के कैंसर के शुरूआती लक्षणों में खांसी का बढ़ना या सांस लेने में तकलीफ होना शामिल हो सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि फेफड़े का कौन सा हिस्सा प्रभावित है और मरीज को किस तरह का फेफड़े का कैंसर है। जैसे-जैसे कैंसर विकसित होता है, ये लक्षण अधिक गंभीर या तीव्र हो सकते हैं।

### साइबर क्राइम की कड़ी तलाशती खलारी पहुंची हुगली पुलिस

**खलारी।** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत चिनसुरा, हुगली (पश्चिम बंगाल) पुलिस साइबर क्राइम के एक केस की कड़ी तलाशने के क्रम में शुक्रवार को खलारी पहुंची। इस संबंध में संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उक्त थानाक्षेत्र में फरवरी 2024 में साइबर क्राइम के द्वारा एक वृद्ध के खाते से 19 लाख रूपए निकाल लेने की घटना हुई थी। इसी पैसे से काफी संख्या में मोबाइल खरीदे गए। हुगली पुलिस खरीदे गए मोबाइलों के माध्यम से मुख्य अपराधी तक पहुंचना चाह रही है। इनमें से एक मोबाइल हौलसेलर से रिटेलर होते हुए खलारी के एक ग्राहक रामजतन गंझू तक पहुंचा। मोबाइल के ईएमआई नंबर के द्वारा रामजतन गंझू की पहचान की गई। रामजतन गंझू ने खलारी पहुंची हुगली पुलिस को खलारी के उस रिटेलर की जानकारी दी जिससे मोबाइल खरीदा था। रिटेलर ने बताया कि उसने खलारी के ही एक बड़े रिटेलर से मोबाइल खरीदा था। बड़े रिटेलर ने बताया कि वह लालपुर(रांची) स्थित एक हौलसेलर से मोबाइल लेकर आया था।

# कंपनी किसानों के जीवन में परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध : बीके झा



**नवीन मेन संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में 4एस4आर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड लापुंग का बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नरेन्द्र कुदादा ने फीता काट कर किया। इस मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शिक्षा के विभागाध्यक्ष एवं एफपीओ के टीम लीडर बीके झा ने कहा कि किसानों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन एवं विकास के लिए लापुंग प्रखंड 4एस4आर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड को सिर्फ तीन वर्षों तक मदद करेगी। इसका लाभ हजारों किसानों को उठाने की जरूरत है। वहीं कुल सचिव डॉ नरेन्द्र कुदादा ने पौधों के रोगों की पहचान, सुरक्षा के उपाय एवं नियंत्रण के संदर्भ में विशेष जानकारी दी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, ककरिया की मुखिया बिरसमणी देवी, दोलैचा की मालती रानी केरकेट्टा, देवगांव पंचायत के दुर्गा उरांव एवं डाडी. पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज मुख्य रूप से मौजूद थे। उद्घाटन के पश्चात पारादीप फास्फेट लिमिटेड के सहयोग से कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लापुंग प्रखंड 4एस4आर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय साहु ने कहा कि लापुंग प्रखंड 4एस4आर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ने के लिए किसानों को एक हजार रुपए देकर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। उन्होंने कहा कि वहीं केंद्र सरकार पंजीकृत किसानों को एक हजार रुपए देने के लिए प्रतिबद्ध है। सस्ते दरों सब्सिडी में हॉलसेल मूल्य पर किसानों को खाद बीज दिया जाएगा। किसानों के उत्थान के लिए कंपनी कई प्रकार की योजनाएं चल रही है। लापुंग प्रखंड 4सी 4आर लापुंग प्रखंड के किसानों को लगातार जोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं लापुंग के निदेशक अनिता देवी ने किसानों को कंपनी से जोड़ने का आग्रह किया।

### ज्यादा से ज्यादा मरीजों को आयुष्मान का लाभ दें : प्रधान सचिव

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी अस्पताल प्रभारियों को हिदायत दी है कि वह ज्यादा से ज्यादा मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ पहुंचाएं। प्रधान सचिव शुक्रवार को सदर अस्पताल, रांची के एक्सपोजर विजिट पर आए सभी जिला, अनुमंडल व सीएचसी के उपाधीक्षक के साथ नेपाल हाउस स्थित सभा कक्ष में बैठक कर रहे थे। प्रधान सचिव ने पहले तो सभी से उनके अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। फिर एक्सपोजर विजिट में मिली सीख के बारे में पूछा। कहा कि आयुष्मान योजना को जितना बढ़ा सकते हैं बढ़ाइए, योजना के तहत मिलने वाली राशि के 75% से अस्पताल की व्यवस्था पर खर्च करें, बाकी 25% इंसेंटिव में बांटे। उन्होंने कहा कि सामान्य उपचार के लिए भी मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाना सही नहीं है। मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए ही रेफर किया जाए।

# आखिरकार पड़ोसी के प्रेम में महिला ने दो साल के बेटे और पति को त्यागा

**रामगढ़।** जिले में पड़ोसी के प्रेम में एक महिला ने दो साल के बेटे और पति को त्याग दिया है। मालाा गोला थाना क्षेत्र के कोराम्बे गांव की है। बताया गया है कि पहले तो विवाहिता निशा कुमारी दो साल के बेटे सूर्यांश को साथ लेकर प्रेमी पवन कुमार के संग 21 सितंबर को फरार हो गई। उसके पति संदीप कुमार महतो ने गोला थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। चार दिनों के बाद 25 सितंबर को पुलिस ने जब उस महिला को बरामद किया तो उसने प्रेमी के संग रहने की बात स्वीकार की। साथ ही उसने यह भी कहा कि अब वह पति के घर नहीं जाएगी, चाहे उसे अपने बेटे का ही त्याग क्यों न करना पड़े। वह प्रेमी के संग ही शादी रचाकर जिंदगी बिताना चाहती है। गोला थाने में गुरुवार को पूरे दिन पंचायत लगी रही। देर रात तक समझाने-बुझाने का दौरा चला। गांव तमाम लोग सुलह कराने में लगे थे लेकिन ना तो महिला मानी, ना ही उसका प्रेमी और ना ही महिला का पति। संदीप कुमार महतो ने कहा कि वह दो वर्षीय बेटे सूर्यांश को लेकर घर जाएगा। उसने कहा कि निशा ने ऐसी गलती पहले भी की है, जिसकी वजह से अब आगे की जिंदगी वह साथ नहीं गुजार पाएगा। थाना परिसर में प्रेमी पवन कुमार और उसकी प्रेमिका निशा अकेले ही रह गए। उनके निर्णय के पक्ष में ना तो गांव वाले थे, ना ही उनके परिवार वाले। पवन के पिता सिकंदर महतो ने भी उसका त्याग कर दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को साफ कहा कि पवन उनका अब बेटा नहीं रहा। उसे जो भी करना है यह उसका निर्णय है। वे किसी भी दस्तावेज पर ना तो साइन करेंगे और ना ही पवन और निशा को अपनाएंगे। निशा के ससुराल वालों ने भी उसे अपनाने से इनकार कर दिया।

### रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट

# कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला की टीम बनी विजेता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस टूटूर्नामेंट में विश्वविद्यालय के 17 विभिन्न महाविद्यालयों की फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह का आयोजन कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के फुटबॉल ग्राउंड में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, डॉ. सुरेश कुमार साहू एवं डॉ आशुतोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया और छात्रों के बीच खेल भावना के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और खेल को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। चार दिनों के इस खेल टूनार्मेंट में कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला एवं राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची ने फाइनल में अपनी जगह बनाई है। इस वर्ष के टूनार्मेंट में कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला की टीम ने 04-0 चार शुन्य से शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम के कप्तान अंकित टोप्पो ने टीम की ओर से ट्रॉफी ग्रहण की और अपने साथियों के योगदान को सराहा। वहीं उपविजेता टीम राम लखन सिंह महाविद्यालय रांची की टीम ने भी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया और उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार साहू ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई दी। समारोह के अंत में सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और आयोजकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया और समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक,प्राचार्य डॉ शमशुन निहार, संकाय सदस्य डॉ सतीश कुमार गुप्ता, डॉ बी एन मिश्रा,मंती कुमारी, अनुतलन मिंज, एवं शिक्षा संकाय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी, तेतरु तिर्की, ईशा बेला हीरो, डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अभिनय कुमार, डॉ अजीत कुमार हंसदा, जिभवानी रजक, एवं महाविद्यालय के सभी संकाय के संकायाध्यक्ष एवं प्रोफेसर इस उपलक्ष पर मौजूद थे।

### पीएलवी को किया गया प्रशिक्षित

# श्रमिकों को कानून की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के अंतर्गत 40 कोर्ट बिल्डिंग व्यवहार न्यायालय, रांची के सभागार में नव चयनित पारा लीगल वॉलिन्टियर को तीसरे दिन भी पांच दिवसीय ऑरिएंटेशन एवं इंडक्सन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब हो कि प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रथम सत्र में मध्यस्थ एल.के. गिरी ने संपत्ति कानून (विरासत, अचल संपत्ति का हस्तांतरण, पंजीकरण, राजस्व कानून) पर पीएलवी को विस्तार से बताया। उप-सचिव, झालसा मनीष मिश्रा ने नव चयनित पीएलवी को आपराधिक कानून (बीएनएस और बीएनएसएस। (न्यूनतम आवश्यक ज्ञान, विशेष रूप से, जमानत, गिरफ्तारी) एवं पीड़ित मुआवजा आदि विषयों पर प्रशिक्षण देकर पीएलवी को प्रशिक्षित किये। अधिवक्ता नित्यानंद सिंह ने धारा 396 बी.एन.एस.एस, पीड़ित प्रतिकर योजना, जेल मैनुअल और कैदी अधिनियम आदि के तहत कैदियों के अधिकार के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में अधिवक्ता मध्यस्थत विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव ने श्रम कानून (न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, कामगार मुआवजा अधिनियम, 1923, असंगठित श्रमिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 अंतर-राज्य प्रवासी कामगार (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1979, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (संक्षेप में), नालसा योजना के तहत कानूनी सहायता (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 के बारे में जानकरी दी। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण के दौरान सभी पीएलवी को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का विजिट कराया गया। एलएडीसीएस अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप एवं सौरभ पांडेय ने सभी पीएलवी को जेल विजिट कराया एवं जेल में स्थित लिगल-एड-क्लिनिक के पीएलवी के सहयोग से पीएलवी के कार्य से अवगत कराया। अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने बंदियों के अधिकार के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि बंदियों के क्या अधिकार है, और उनके अधिकार को पाने के लिए किस तरह से पीएलवी मदद पहुंचाते हैं, इसकी जानकारी भी दी गयी। अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने पीएलवी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में जानकारी दी।

# झारखंड दफादार चौकीदार पंचायत का अनशन 5वें दिन भी जारी

**रांची।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का राजभवन के पास चल रहा बेमियादी आमरण अनशन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। आमरण अनशन में राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह, बालेश्वर महतो, परमेश्वर पासवान, प्रीतम पासवान, सत्यनारायण सरकार और निमाईचंद रजवार अनशन पर हैं। इनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अनशन स्थल पर आयोजित सभा की अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने किया। सभा में बोलते हुए संगठन के नेताओं ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त बीटों पर राज्य के सभी जिले में विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। संगठन की ओर से पूर्व से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की जा रही है कि नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। चौकीदारों के रिक्त बीटों पर निकाले गये विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने सरायकेला खरसावां और गिरिडीह जिले में रोक लगा दी है। इस कारण सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और और अनुकम्पा के आधार पर रिक्त पदों पर जिन जिन जिलों में विज्ञापन निकाला गया है, उसको तत्काल रद्द किया जाय। कार्यक्रम का संचालन गोड्डा जिलाध्यक्ष नेमानी पासवान ने किया। कार्यक्रम में तौहीद आलम, अशोक राय, लक्ष्मण पासवान, रूपन पासवान, महादेव पासवान, ओमप्रकाश राय, अनिल कुजूर, मिहिर मॉल, फटीक,वासुदेव पासवान, आकाश कुमार मॉल, हेदवी मॉल, प्रवीण मॉल, पप्पू कुमार राय, अनुज कुमार राय, कृष्णा यादव, पप्पू पासवान, गुड्डु पासवान, सबिता देवी, कमलेश पासवान, रघुनाथ राम, दिलीप उरांव गोपाल पासवान, राजकुमार उरांव, नंद किशोर राम समेत अन्य शामिल हुए।


# स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मोदीडीह गांव में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने और ग्रामीण समुदाय की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हिंडालको ने एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं हिंडालको के चिकित्सक के टीम के द्वारा जांच किया गया। यह शिविर गांव के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया था और इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुबाला अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का,मुखिया लालूराम उरांव, डा अनुराधा, डॉ विवेक एवं एच आर हेड अरुण कुमार राय आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के अधिकारी सहायक महाप्रबंधक (कर्मचारी सम्बन्ध) अविषेक प्रताप सिंह, नितीश, भरत सिंह, सुनील सिंह, एवं हिंडालको अस्पताल के कर्मचारी तथा सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र के सुरेंद्र नाथ महतो, रंजीत कुमार, डा अनुराधा, डा विवेक, खुश्बू, पूनम, मीरा, सबाना, मानष कुमार, छोटेलाल, दीपक कुमार, ब्रज किशोर महतो तथा मोदीडीह, कांटाडीह, कलुआडीह गांव के सैकड़ो ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुनाफा कमाना सरकार का उद्देश्य नहीं होना चाहिए : अटल विचार मंच



**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पेट्रोलियम पदार्थो की कीमत सरकार द्वारा तय करने को लेकर हल्ला बोला है।कहा कि कई वर्ष पहले जब अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो यह तय किया गया कि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत तय नहीं करेगी और यह अधिकार पेट्रोलियम वितरण कंपनी को दे दिया गया।1अप्रैल 2002 को इस महत्वपूर्ण सुधार को लागू किया गया। पेट्रोलियम वितरण कंपनी को यह अधिकार दिया गया कि वह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को ध्यान में रखकर देश में पेट्रोल, डीजल इत्यादि की कीमत तय करें।

### वाई वेस्ट वेडनसडे फाउंडेशन ने स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान का किया सर्वे

**कोडरमा।** नगर पंचायत स्थित सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय परिसर में गुरुवार को प्रोजेक्ट स्वच्छ संकल्प अभियान के तहत वाई वेस्ट वेडनसडे फाउंडेशन द्वारा स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान के साथ ही पूरे नगर पंचायत में सर्वे किया गया। इस दौरान फाउंडेशन कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के साथ गीला,सूखा और सुखा खतरनाक कचरा को किस प्रकार से अलग- अलग डब्बे मे रखा जाए,जिससे ना ही प्रदूषण फैले और ना ही लोगों को परेशानी हो। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने बताया कि जमजमा गीला कचरा खाद के लिए,सूखा कचरा रीसाइकलिंग के लिए और सूखा खतरनाक कचरा प्रोसेसिंग के लिए जाएगा। इस दौरान विद्यालय में साफ- सफाई बेहतर तरीके से करने को लेकर बच्चों के साथ शिक्षकों को भी जागरुक किया गया।

### नगर पंचायत में दुगार्पूजा को लेकर नहीं शुरू हो सका विशेष सफाई अभियान

**कोडरमा।** कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में दुगार्पूजा को लेकर भी अभी तक कोई विशेष सफाई अभियान शुरू नहीं हो सका है। हाल यह है कि नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी का अंबार पड़ा हुआ है। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दुगार्पूजा को लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थाापित होती है। पंडाल का निर्माण भी कराया जा रहा है। लेकिन पंडाल तक पहुंचने के रास्ते में भी सफाई अभियान नही चलाया जा सक रहा है। गुरूवार को हिन्दुस्तान पड़ताल में कोडरमा बाजार स्थित दुर्गा मंडप परिसर के बगल में नाले का पानी का जल जमाव बना हुआ है। इसके बगल में हीं पंडाल का निर्माण भी हो रहा है। वहां पहुंचने वाले रास्ते में भी जहां-तहां कचरा फैला हुआ है। बोनाकाली दुर्गा मंडप के पहुंचने वाले रास्ते में भी सड़क किनारे कचरे का अंबार है।

अपराधियों ने डकैती की घटना को दिया अंजाम

# पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी जानकारी, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** वेस्ट बोकारो घाटो ओपी क्षेत्र कर सोनडीहा में 26 सितंबर की रात एक घर में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। छह की संख्या में पहुंचे नकाबपोश डकैतों ने व्यवसायी बबलू साहू के घर में घूसकर परिवार के सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बनाया। इसके बाद काफी देर तक घर में लूटपाट किया। घर में रखे नगदी व सोने-चांदी के जेवरात लेकर सभी डकैत आराम से फरार हुए।

**जांच में जुटी पुलिस :** घटना के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह पीड़ित परिजनों ने घटना की जानकारी वेस्ट बोकारो पुलिस की दी। जानकारी मिलने के बाद घाटो पुलिस, टेक्निकल टीम, एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। दूसरे तल्ले से पहुंचे डकैत : भुक्तभोगी बबलू साहू ने बताया की गुरुवार की देर रात लगभग 1:00 दूसरे तल्ले पर सीढ़ी के सहारे डकैत घर में घुस आए और बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद हथियार के बल पर कमरा खुलवाया और सभी को एक जगह इकट्ठा किया। इसके बाद व्यवसायी की पत्नी और दोनों बच्चे को नीचे के रूम में ले जाकर बंद कर दिया और सभी दराज और अलमारी की चाबी कब्जे में ले लिया।

**हथियार के बल पर किया लूटपाट :** अपराधियों ने हथियार के बल पर बबलू साहू को साथ में रखकर एक-एक कमरे को अच्छी तरह खंगाला। दौरान डकैतों ने करीब 60 हजार रुपये नगद, सोना का चेन , सोने की अंगूठी, चांदी के जेवरात लूट लिया। ढाई घंटे तक सभी कमरे की तलाशी लेने के बाद डकैत मकान मालिक को दूसरे कमरे में बंद कर फरार हो गए। जाते-जाते डकैतों ने शोर मचाने से मना किया। कहा कि यदि हल्ला किया तो अंजाम बुरा होगा।

उत्तरी पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

# पंचायत का सर्वांगीण विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा उतरी पंचायत मुखिया प्रमिला देवी ने उतरी पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 15वीं वित्त आयोग से एक लाख अंठानवे हजार दो सौ की लागत से अंबेडकर भवन में रंग रोगन व मरम्मती कार्य का उद्घाटन, एक लाख चौरासी हजार एक सौ की लागत से साहु टोला में पीसीसी रोड का शिलान्यास, दो लाख चौहत्तर हजार पांच सौ रुपए की लागत डाकडीह में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि बरकट्ठा उतरी पंचायत का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुखिया हमारे पति बसंत साव के अधुरे कार्यों को पूरा करना है। मौके पर पूर्व प्रमुख सह पंसस प्रीती गुप्ता,पूर्व मुखिया बसंत साव, उप मुखिया उर्मिला देवी, वार्ड सदस्य दिपक सोनी, बीएफटी दिलीप दास, अशोक गुप्ता, बजरंग साव, अमर गुप्ता, सुरेश राम, सुरेश यादव, किशोर साव, भुनेश्वर राम, जागेश्वर साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### रूम टू रीड ने किया प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम तथा रूम टु रीड के संयुक्त प्रयास से त्रेमाशिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में बुनियादी साक्षरता सुद्दढ़ीकरण कार्यक्रम के तहत वर्तमान में विद्यालयों की दैनिक कार्ययोजना की समीक्षा एवं मासिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित सभी संकुल साधन सेवी को शिक्षकों को उपलब्ध दैनिक कार्ययोजना के अनुरूप कक्षा 1 को तीसरा से पांचवां सप्ताह एवं कक्षा 2 को छठ्ठा से आठवां सप्ताह के दैनिक गतिविधि को भरने लिए प्रेरित करने कहा गया ।वहीं संकुल साधन सेवियों को अनुश्रवण के दौरान शिक्षकों को सन्दर्शिका के अनुरूप विधिवत भाषा का 90 मिनट कक्षा संचालन करने, शिक्षक सन्दर्शिका, नई किरण वर्कशीट, झिलमिल ,एफएलएन किट एवं रूम टू रीड से प्राप्त शिक्षण सामग्रियों को नियमित उपयोग कराने के लिए कहा गया। वहीं एफएलएन कक्षा के अतिरिक्त बच्चों को सीभी ग्रिड,ब्लेंडिंग एवं स्वतंत्र पठन समय की गतिविधियों पर चर्चा की गई एवं विद्यालयों में इन गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा-कक्ष लाइब्रेरी संचालन के ऊपर बातचीत किया गया।

### झारखंड आंदोलनकारी रति मांझी का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के खैरियो निवासी झारखंड आंदोलनकारी रति मांझी लगभग 80 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंदोलनकारी रति मांझी विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। विदित हो कि रति मांझी झारखंड राज्य को अलग कराने के लिए शिबू सोरेन समेत कई कद्दावर नेता के साथ कई बार जेल गए। मृतक अपने पीछे एकमात्र पुत्री एवं पत्नी को छोड़ चल बसे। निधन की सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तथा गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया ।वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय मुखिया रीता देवी व मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि महेश मांझी ,राजाराम मांझी मोहन साव, सरजू सिंह सुजीत मेहता अरुण मेहता राजेंद्र मुर्मू दिलीप हसदा समेत कई सैकड़ों ग्रामीण, आंदोलनकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नयामोड़ में किया परिवर्तन रथ का स्वागत



**रामगढ़ ।** मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा के तहत पतरातू से गोला जाने के क्रम में भाजपा मांडू मंडल के अंतर्गत नयामोड़ में रथ का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा एक नई सरकार बनाने की कार्यकर्ताओं ऊर्जा जागी है। इस यात्रा को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ झारखंड की जनता एक नई सोंच रखती है। परिवर्तन रथ यात्रा में मुख्य रूप से उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा शामिल हुए। जिनको फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, खुशीलाल महतो, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, मनोज गिरि, रवि साहू, सुधान सिंह, राजेश प्रसाद साहू, पंचीत महतो, प्रदीप राम, विजय गिरि, कमलेश बेदिया शामिल थे।

## डेंटल कॉलेज व श्रीनिवास अस्पताल के सफल सर्जरी से मरीज के चेहरे पर लौटी मुस्कान



हजारीबाग। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त प्रयास से गंभीर रूप से घायल मरीज की सफल सर्जरी से मुस्कान लौटीं। बीते कुछ दिन पूर्व बरही करियातपूर के 28 वर्षीय भीम कुमार दास सडक दुर्घटना का शिकार हुए। जिसमें नाक से गंभीर रूप से रक्त निकल रहा था। जिसके बाद आनन- फानन में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सीटी स्कैन में चेहरे के दाएं, बाएं एंव आंख के नीचे दोनों तरफ की हड्डी फ्रेक्कर पाया गया। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त प्रयास से सफल सर्जरी किया गया। ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के एमडीएस डॉ. जयेश, डॉ. अली हसन एवं डॉ. फ्लोरा कलिता ने संयुक्त रूप से सफल सर्जरी कर मरीज की मुस्कान लौटाई। सामान्य एनेस्थीसिया के तहत पांच टाइटेनियम प्लेटों का उपयोग करके फ्रैक्चर को ठीक किया गया। पांच घंटे तक ऑपरेशन चला। मरीज तथा मरीज के परिवार जन सर्जरी से काफी प्रभावित होकर कॉलेज परिवार की कार्यो की काफी सरहाना किया। तथा मरीज के परिवार जनो ने जीवन वरदान देने के लिए कॉलेज व डॉक्टर्स का भी आभार व्यक्त किया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मरीजों का उत्तम देखभाल प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

श्रद्धानंद की अध्यक्षता में बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न

# भव्य रूप से पूजा मनाने को लेकर की गयी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मां दुर्गे का पावन पर्व दुर्गा पूजा महज कुछ दिनों में प्रारंभ होने वाला है, तैयारी को अंतिम रूप दी जा रही है। जिसे लेकर बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा पांचवी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महा समिति के युवा अध्यक्ष अविनाश निषाद के द्वारा की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी श्रद्धानंद सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि पूजा हमारी आस्था का विषय है, इसे भव्य रूप से मनाया जायेगा।

महासमिति के युवा साथियों के द्वारा अंग वस्त्र एवं माला पहनकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। बैठक में महासमिति के नवनियुक्त संरक्षक गणेश गोप को युवा साथियों ने अंग वस्त्र एवं माला पहनकर नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके बाद युवा साथियों ने महासमिति के अध्यक्ष एवं सचिव को माला पहनकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन महासमिति के उपाध्यक्ष पवन रावत खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक की शुरूआत जय माता दी की जयकारों के साथ प्रारंभ हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। पूजा को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करने को लेकर चर्चा की गई। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बैठक में महासमिति की स्थापना काल से लेकर वर्तमान वर्ष के कार्यकाल को विस्तार पूर्वक बैठक में रखा। बताया कि वर्ष 2000 से पूजा प्रारंभ हुआ, 84 सदस्यों के साथ इस बैठक की शुरूआत की गई थी,

## रघुनाथपुर ताप विद्युत केन्द्र में मनाया गया हिन्दी पखवाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दामोदर घाटी निगम के आरटीपीएस परियोजना में हिंदी पखवाड़ा समारोह मनाया गया।10सितंबर से 27सितंबर तक आयोजित इस समारोह के दौरान सुलेख,निबंध प्रतियोगिता एवं आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शुभारम्भ 10 सितंबर , 2024 को कार्यपालक निदेशक सह परियोजना प्रधान चैतन्य प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।निबंध प्रतियोगिता में आरटीपीएस परियोजना के लगभग सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।भाव पल्लिवन प्रतियोगिता में कर्मचारियों को चित्र को देखकर मन में आ रहे भावों को हिन्दी् में व्यक्त करना था।साथ हीं अंग्रेजी हिन्दी टिप्पण लेख पुस्तिका का विमोचन किया गया।हिन्दीं पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान चैतन्य प्रकाश , कार्यपालक निदेशक व परियोजना प्रमुख एवं डॉ खालिद, अजय कुमार महाप्रबंधक,हरीश चंद्र सिंह उपमहाप्रबंधक, दीपक कश्यप,डॉ जितेन्द्र झा, राणा सागर सिंह सहित डीवीसी के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान चैतन्य प्रकाश ने लोगो को राजभाषा हिंदी में हीं काम करने का संदेश दिया।

## खेत में धान की लहलहाते फसलों को देख किसान हुए गदगद

**जयनगर।** इस वर्ष कान्ना नक्षत्र में धान फसल लहलहाते देख किसान गदगद हैं। पिछले तीन वर्षों से प्राकृतिक की मार से धान फसल किसानों को दगा दिया था। इस वर्ष धान के बीज बोआई से लेकर धान रोपाई तक सभी नक्षत्रों में पर्याप्त बारिश होने से किसान अपने धान की रोपाई समय पर किया और आज धान के फसल देखकर किसान गदगद हैं। धान फसल लहलहाते हुए धान में बाली आना शुरू हो गया। समय समय पर बारिश होने से धान फसल लहलहा रहा है। किसान विजय यादव ने बताया कि कान्ना नक्षत्र में बारिश होने से धान में लगने वाले बांकी (किडे) से रोकने में सहायक होगी। कृषि वैज्ञानिक मनीष कुमार ने बताया कि किसान इस समय धान के खेतों के मेढ़ को अच्छी तरह से बांध कर रखे, जिससे खेतों से पानी का निकासी नहीं हो सके। यदि बारिश लगातार हो तो खेतों से पानी का निकासी का छोटा सा रास्ता बनायें।

## विधायक अकेला के अगुवाई में वार्ड सदस्य संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव की अगुवाई में वार्ड सदस्य संघ ने ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से रांची में उनके कार्यालय में मुलाकात किया. साथ ही छः सुत्री माँग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. छह सूत्री मांग में 15 वें वित एवं मनरेगा योजना के मास्टर रौल एवं (डिमांड) पेपर में वार्ड सदस्यों का हस्ताक्षर ,वार्ड सदस्यों का मानदेय वृद्धि 10,000/- (दस हजार) ,गरीब वार्ड सदस्यों को भी अबुआ आवास प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवास का लाभ, सभी प्रकार के आवास के सम्बंध में वार्ड सदस्यों को पूर्ण रूपेन पंचायत के द्वारा जानकारी एवं सभी तरह का भागीदारी, पाँच साल के कार्यकाल के अन्दर दुर्घटना से घायल या मृत्यु होने पर 20,00000/- (बीस लाख रूपया) मात्र का बीमा और वार्ड सदस्यों को वितिय पावर की मांग किया. मौके पर मंत्री ने सभी मांगो पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। और उन्होंने कहा कि आप लोग पंचायती राज के अभिन्न है आपलोग भी एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं. आप लोगों के मान सम्मान दिलाने के लिए वह हर संभव कार्य करेगे.

दो दिवसीय जितिया मेला में शामिल हुईं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, कहा

# सुचारू व पूर्ण सक्रियता के साथ जितिया मेला का आयोजन करना सराहनीय



*समिति के प्रयास से यहां वर्षों से इस मेला का अयोजन होता आ रहा है। सफल आयोजन के लिए जितिया मेला समिति एवं ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखण्ड में अवस्थित बेस में दो दिवसीय आयोजित जितिया मेला में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यहां जितिया मेला समिति के सदस्यों ने उनका झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप स्वागत व अभिनंदन किया। समिति के प्रयास से यहां वर्षों से इस मेला का अयोजन होता आ रहा है। सफल आयोजन के लिए जितिया मेला समिति एवं ग्रामीणों को बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जितिया पर्व पर दो दिवसीय मेला का आयोजन करना जितिया मेला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का काफी शानदार पहल है। वर्षों की परंपरा को निभाना बेहद ही कठिन होता है। लेकिन सुचारू एवं पूर्ण सक्रियता के साथ जितिया मेला का आयोजन करना काफी सरहानीय है। मेले में उपस्थित एवं उनके संबंधियों में ईश्वर अच्छे स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं वैभव की संचार करने की मेरी कामना है। मौके पर मुखिया दीपक यादव, अध्यक्ष जगरनाथ साव, सबीब राणा, चंदन कुमार राणा, राजेंद्र यादव, नरेश राना, मनिष कुमार, मनोज राम, विशाल वाल्मीकि, रानी शुक्ला, सुरेश कुमार, मनोज पांडे, राहुल कुमार, रंजीत राम एवं मोनु कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

# दर्जनों युवाओं ने थामा जेएलकेएम का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधानसभा अन्तर्गत हेसला में 27 सितम्बर को दर्जनों अल्पसंख्यक युवाओं ने सल्लू खान के नेतृत्व में जेएलकेएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से शहजाद खान, रियाज खान, दानिश खान, नियामत हुसैन, सकलेन खान, नसीम खान, शमशेर खान, हसीब खान, शेरू खान, वाजिद खान सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष देवानाद महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर झारखण्ड के युवाओं का झुकाव जेएलकेएम की ओर है। प्रमंडल प्रवक्ता तनवीर आलम ने कहा की जयराम के नेतृत्व में झारखण्ड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति सहित अन्य कार्य होंगे। इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुस्लिम अंसारी, जिला महामंत्री अबुशमा अंसारी, मुजाहिद आलम, कलाम अंसारी उपस्थित थे।

आर्चरी में आईलेक्स का जिज्ञासु बना कांस्य व रजत पदक विजेता

# कांस्य व रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते 23 से 25 सितंबर को सीबीएसई द्वारा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत जमशेदपुर के एग्रीको स्थित एसडीएमएस स्कूल में आयोजित आर्चरी प्रतियोगिता में आईलेक्स बड़का गांव के जिज्ञासु रंजन ने कांस्य व रजत पदक प्राप्त कर अपने घर सहित विद्यालय का नाम रौशन किया है. उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक डॉ शैलेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि जिज्ञासु नवमी का छात्र है. जिसने सीबीएसई के ईस्ट जोन आर्चरी चैंपियनशिप 2024 के 30 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में कांस्य व 20 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में सिल्वर पदक प्राप्त किया है. चैंपियनशिप में बिहार, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश के 64 स्कूलों के 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. जिसमें अंडर - 14, अंडर - 17 और अंडर - 19 आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था. जिसमें विद्यालय के इस होनहार को सफलता मिली है. निदेशक ने बधाई देते हुए कहा कि आईलेक्स में बच्चों के भविष्य को लेकर हर-संभव व्यवस्था की गई है जिसमें आर्चरी, हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग, स्केटिंग, कराटे, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल जैसे खेलों को प्रोत्साहित किया जाता है. उन्होंने विजयी छात्र को शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए मेडल लाने की कामना किया.

## पढ़ेगा बरकट्ठा, बढ़ेगा बरकट्ठा : अनूप भाई

**हजारीबाग।** शुक्रवार को बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत इचाक प्रखंड मे इचाक बाजार,राजू चाय दुकान,विकास होटल और इचाक प्रखंड के करियातपुर चौक पर कृष्णा होटल एवं अशोक मेडिकल में भाजपा नेता अनूप भाई ने मुफ्त अखबार वितरण केंद्र का उद्घाटन किया।कहा कि पढ़ेगा बरकट्ठा तभी बढ़ेगा बरकट्ठा। उन्होंने कहा कि जिस तरह मैंने बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत हर घर पौधा अभियान चलाया। इस अवसर पर राजू कुमार, अवधेश चंद्रवंशी,अरुण कुमार, विकास गुप्ता, नंदकिशोर और कृष्ण प्रसाद मेहता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा का परिवर्तन सभा कार्यक्रम आयोजित, झामुमो पर जमकर बरसे बाबूलाल

# झारखंड में सिर्फ लुटेरों की सरकार चल रही है

*जिला के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में लगेगा शिविर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय समाहरणालय मैदान में भाजपा की परिवर्तन सभा मे पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पहुचे थे। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव द्वारा बाबूलाल मरांडी व अन्य अतिथिओं को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। परिवर्तन सभा की शुरूवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में सिर्फ लुटेरों की सरकार चल रही है। बालू, बॉक्साइट,कोयला, खनिज और जमीन लूटा। रांची से लेकर संथाल परगना तक जमीन को लुटा व कोयला को बेचा। कहा कि, हेमन्त की 5 वर्षो की सरकार में आदिवासी मूलवासी की जनसंख्या में कमी आई है। इसका मुख्य कारण बेरोजगारी एवम बँग्लादेसी घुसपैठ है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो एक एक घुश्पैठिये को चुन चुन कर बाहर निकलेंगे। कहा कि झारखंड में हेमन्त सोरेन की गठबंधन सरकार सिर्फ लूटने और कमाने में पूरा कार्यकाल 5 वर्ष लगा दिया। सरकार के सहयोगी कांग्रेसी नेताओ के घर से नोटो का पहाड़ निकल रहा है इतना रुपया गिरने में मशीन हाँफने लगे। आज तक अपने जीवन में इतना नोटों का देर नहीं देखा है। कांग्रेस कोटे के मंत्री के सचिव के नौकर घर से 35 करोड़ नोट मिले है। झारखंड को बचाना है, मां बहनों की इज्जत बचानी है, बेहतर झारखंड बनाना है, झारखंड का विकास करना है तो, भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनानी होगी। कहा कि, चुनाव आ गया तो, मां बहनों को एक एक हजार थमा रहे है। यदि देना था तो पूर्व के वादे के अनुरूप पांच वर्षो का हिसाब कर 72 हजार देना चाहिए। हेमंत सोरेन अपने पिता का कसम खा कर कहे थे कि महिलाओं को चूल्हा खर्च दो-दो हजार देंगे, लड़कियों की शादी में सोने का सिक्का देंगे,प्रत्येक वर्ष 5 लाख बेरोजगारों को रोजगार देंगे, बीए पास को 5 हजार व एम ए पास बेरोजगार युवाओं को 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे। बावजूद किसी को वादे और कसम के अनुसार लाभ नहीं दिया। वोट की ठगी के लिए हेमंत सोरेन अपने पिता की कसम को भी झुठला दिया। आम जनता ऐसे व्यक्ति पर बिल्कुल भरोसा नही करिए। कहा कि, कांग्रेस ,झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे दल झारखंड अलग करने की लड़ाई तो कर रहे थे पर झारखण्ड को अलग नही किया। कहा कि भाजपा वादा कर झारखंड को अलग का दर्जा दिया।




### साढे तीन घंटा विलंब से पहुंचे मरांडी

जिला भाजपा द्वारा समाहरणालय मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी निर्धारित समय से लगभग साढ़े तीन घंटा विलंब से पहुंचे। दोपहर एक बजे कार्यक्रम शुरू होना निर्धारित था। हजारों की संख्या में जनसमूह पंडाल पर पहुंच गए थे। साढ़े तीन घंटा बाद बाबूलाल परिवर्तन सभा स्थल पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक ग्रामीण धीरे-धीरे उठकर चले गए थे। दोपहर में खचाखच भरी कुर्सियां खाली हो रही थी। अति विलंब पर भाजपा के कई नेताओं में भी नाराजगी देखी गई।

### घुसपैठ संकट से उबरने के लिए भाजपा जरूरी : बिंदेश्वर उरांव

प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि, भ्रष्टाचार और बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड में विकट स्थिति पैदा हो गई है। राज्य के आदिवासी की जनसंख्या तेजी से घट रही है। उनकी महिलाओं और भूमि पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है। स्थिति ऐसे ही रही तो राज्य के आदिवासी और मूलवासी का समूह अस्तित्व संकट पर आ जाएगा। लोहरदगा में ज्यादा खराब स्थिति है। घुसपैठ की संकट से उबरने के लिए भाजपा का विधायक लोहरदगा से निर्वाचित करना होगा।

### भाजपा के परिवर्तन सभा में यह रहे मौजूद

परिवर्तन सभा सभा का संचालन जिला भाजपा महामंत्री पशुपति नाथ पारस, एवं उपाध्यक्ष अनिल उरांव व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री संजय प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, दक्षिनी प्रमंडल प्रभारी गणेश मिश्रा, विनय लाल, आजाद शत्रु, राजमोहन राम, ब्रजबिहारी प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### लोहरदगा में चौकीदार नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा आज

**लोहरदगा।** जिला स्तरीय चयन समिति लोहरदगा द्वारा चौकीदार नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन आज एक पाली में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक होना सुनिश्चित है। इस परीक्षा के लिए लोहरदगा जिले में चार केंद्र निर्धारित है जिनमे उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा में 680 परीक्षार्थी, उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा में 192 परीक्षार्थी, मंजूरमति उच्च विद्यालय लोहरदगा में 784 परीक्षार्थी और बलदेव साहू महाविद्यालय, लोहरदगा में 1679 परीक्षार्थी समेत कुल 3335 (तीन हजार तीन सौ पैंतीस) परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के आलोक में शांति एवं विधि व्यवस्था के साथ निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संपन्न संचालन हेतु स्टैटिक दंडाधिकारी , स्टैटिक पुलिस पदाधिकारियों और उड़न दस्ता दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा की तिथि को महत्वपूर्ण सूचनाओं का अनुश्रवण एवं त्वरित कार्रवाई के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा को नियंत्रण कक्ष प्रभारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को सहायक प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष का संपर्क मोबाइल नम्बर 7004400718 है। आइटीडीए परियोजना निदेशक लोहरदगा परीक्षा के आयोजन/व्यवस्था की वरीय प्रभारी होंगी। सभी परीक्षा केंद्रों में आवश्यक चिकित्सीय सुविधा सिविल सर्जन, लोहरदगा के स्तर से की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेटों का प्रयोग पूर्णतः निषेध रहेगा।

### जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने ग्रामीणों को नए रोजगार करने के लिए प्रोत्साहित किया



**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत पलास जेएसएलपीएस (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी), लोहरदगा सदर प्रखंड के हिरही आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा कैमो गांव में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रिना कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संकुल के पदाधिकारियों ने अपने वार्षिक लाभ-हानि, परिसम्पति, कार्य योजना, कैडर दीदी के कार्य, सक्सेस स्टोरी के माध्यम से आजीविका बढ़ाने के अवसरों कृषि, पशुपालन, छोटे छोटे व्यवसाय, कौशल विकास योजना, लखपति दीदी योजना, पशु धन विकास योजना, सखी मण्डल का नियमित संचालन, समूह ऋण - बैंक ऋण का समुचित उपयोग, ब्याज का समय पर वापसी के बारे जानकारी दिये। जिला परिषद अध्यक्ष ने महिलाओं को महिला उत्पीडन, सांप काटने या बीमार पड़ने पर ओझामती के अंधविश्वास से बाहर निकालने, पलास मार्ट जैसे नए-नए व्ययसाय शुरू करने के जागरूक करने का संदेश दिये। आरसेटी के डायरेक्टर सुरेश भगत ने ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए पशुपालन, कृषि, फास्ट फूड, ब्युटी पार्लर जैसे कार्यक्रम का निः शुल्क प्रशिक्षण के बारे जानकारी दिए। जे.एस.एल.पी.एस के सुनिल रजक ने महिला उत्पादक कंपनी का संचालन के बारे बताए। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुनिता टोप्पो, संकुल के पदाधिकारी, सभी कैडर, पी.आर.पी,सी.सी. विवेक, शुशील,संकुल के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### फरार वारंटी को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पहुंचाया अदालत

**सेन्हा-लोहरदगा।** एकागुड़ी टंगरा टोली निवासी फरार वारंटी को सेन्हा पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश पर सकुशल अदालत में किया प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी टंगरा टोली निवासी दिलेश्वर गोप के 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र गोप को न्यायालय के आदेशानुसार जीआर 215/22 मामला में गवाह नही देने के आरोप पर सेन्हा पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को गवाह के लिए न्यायालय द्वारा उपस्थित होने का लगातार निर्देश जारी किया गया था।उसके बावजूद सुरेंद्र गोप न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही हुआ और न्यायालय के आदेश का उलंघन करते आ रहा था। जिसके आलोक में अदालत से न्यायालय के आदेश का उलंघन करने का आदेश मिलते ही पुलिस प्रशासन के सहयोग से फरार वारंटी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



### फरार वारंटी को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पहुंचाया अदालत

**कैरो।** प्रखंड के गुड़ी गांव में 63 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा,यह ट्रांसफार्मर गुड़ी गांव के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गांव के विकास को गति मिलेगी किसान सिंचाई में भी बिजली का उपयोग करते हैं,लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। गांव के लोगों ने उनके सकारात्मक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रांफर्मर लगने से क्षेत्र में बिजली की निरंतर आपूर्ति को सुनिश्चित होगी जिससे खेती, व्यापार और घरेलू कार्यों में आसानी होगी। मौके पर लछु उरांव, युनुश अंसारी, अमन उरांव,राम उरांव, अयूब अंसारी, धीरू उरांव, सोमरा उरांव, मुदिन अंसारी, गोवर्धन साहू आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### घुसपैठ संकट से उबरने के लिए भाजपा जरूरी : बिंदेश्वर उरांव

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र सिंजो बारडीह निवासी जमशेद खान 45 वर्ष पिता मुजीब खान की गुमला जिले के भरनो में कार की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जमशेद खान अपनी बाइक हीरो होंडा जेएच 08ए - 0738 में सवार होकर अपनी बेटी के ससुराल ग्राम मलगो जा रहा था। भरनो मिशन चौक के समीप पीछे से आरही टाटा टैगोर कार जेएच 01डीएल - 2409 ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने जमशेद को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या की

**भंडरा।** भंडरा के बलसोता सरनाटोली निवासी अनूप उरांव का 25 वर्षीय पुत्र रामा उरांव ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 21 सितंबर को ही वह अपनी पत्नि छोटी देवी के साथ बाहर से कमाई कर सिसई के सोंगरा नदीटोली स्थित ससुराल लौटा था। ग्रामीणों के अनुसार अक्सर वह ससुराल में ही रहता था। बुधवार शाम उसके ससुराल में जिउतिया को लेकर नाच गान हो रहा था। साउंड सिस्टम भी उसी ने मंगाया था। देर शाम खाना खाने के बाद सिर में दर्द होने की बात कर वह अपने कमरे में सोने चला गया और फांसी लगा ली। फांसी लगाने के कारणों का खुलासा अबतक नहीं हुआ है।

### अज्ञात कार के धक्के से बाइक सवार घायल

**कुडू।** एनएच 75 कुडू रांची रोड़ में कुडू के नावाटोली चौक के नजदीक शुक्रवार को दोपहर लगभग तीन बजे अज्ञात कार ने बाइक सवार रुद-नावाटोली चौक निवासी 50 वर्षीय मुन्ना सिंह को धक्का मार कर फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने गंभीर रूप से घायल मुन्ना सिंह को कुडू अस्पताल पहुचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि मुन्ना सिंह अपने बाइक से माराडीह से रूद-नावाटोली स्थित अपना वेल्डिंग दुकान लौट रहे थे, नावाटोली चौक स्थित रोड़ क्रॉसिंग के पास मुन्ना सिंह रोड़ पार कर रहे थे। रांची की ओर से तीव्र गति से आ रहे अज्ञात कार ने बाइक को जोरदार धक्का मारते हुए फरार हो गया।

### पीएलवी का पांच दिवसीय प्रवेशिका प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक सदैव समाज हित के लिए रहें तत्पर : डालसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक(पीएलवी) का पांच दिवसीय प्रवेशिका प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। झालसा, रांची के निर्देशानुसार 39 पीएलवी का चयन कर पांच दिवसीय प्रवेशिका-प्रशिक्षण देने का काम किया गया। पीडीजे सह अध्यक्ष डीएलएसए राजकमल मिश्रा ने पारा लीगल वालंटियर को विधिक जानकारी देते हुए कहा की किसी भी परिस्थिति में संयमित होकर कार्य को अंजाम देना है। पीड़ित और कोर्ट के बीच में पीएलवी पुल का काम करते हैं। ऐसे में पीएलवी की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है कि सही लोगों को न्याय मिले इसका हमेशा ख्याल रखें। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान नवचयनित पारा लीगल वालंटियर को संविधान प्रदत्त मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। इन्होंने कहा की संविधान ने हमें कई अधिकार दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विधिक सहायता, अभिव्यक्ति की आजादी इत्यादि, लेकिन संविधान के द्वारा दिए गए अधिकार का हमें गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर आप संविधान में दिए गए अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हैं तो कानून उल्लंघन के दायरे में आ जाएंगे। हमें खुले में जीने के अधिकार है लेकिन इसका ये मतलब नहीं की आप अपनी स्वतंत्रता का दुरूपयोग करने लग जाए। पांच दिवसीय प्रवेशिका प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नव चयनित पीएलवी को सीएनटी एक्ट एवं सिविल विवादों के संबंध में, डालसा, झालसा और नालसा के उद्देश्य एवं कार्य, संवाद शैली एवं मध्यस्थ के कार्य, संपत्ति संबंधी कानून, महिला विषयक कानून, जेंडर जस्टिस, 1 जुलाई से लागु हुए तीन नये कानून बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए की जानकारी दी गई।




### मौके पर उपस्थित लोग

नव चयनित पीएलवी को प्रशिक्षण देने में कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश श्री सुभाष, सीजेएम केके मिश्रा, एसडीजेएम अमितकुमार गुप्ता, वरीय जज अर्चना कुमारी, परिवीक्षा पदाधिकारी अनुराग टोप्पो, एलएडीसीएस नसीम अंसारी, सहायक इंद्राणी कुजूर,उमेश कुमार, भूपेन्द्र कुमार, नारायण साहू, मध्यस्थ वाई के प्रसाद ने अपनी अहम भूमिका अदा की। इस मौके पर पीएलवी नेहमंती मिंज, रोहित तमेड़ा, रवि कुमार, अजहर अहमद सहित कई सदस्य मौके पर उपस्थित रहें।

## भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ का कुडू में भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** भाजपा का परिवर्तन रथ यात्रा शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे कुडू पहुचा। यात्रा में शामिल पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, यात्रा प्रभारी गणेश मिश्रा, प्रमंडलीय संयोजक विनय कुमार लाल ने सर्वप्रथम कुडू के टाटी चौक में स्थित कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत के प्रतिमा में माल्यार्पण कर कुडू इंदिरा गांधी चौक पहुंची। जहा सैकड़ो ग्रामीण कार्यकर्ता इंतजार में थे। जहां सभा की गयी। सभा को संबोधित करते यात्रा प्रभारी गणेश मिश्रा ने कहा कि 23 सितंबर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलनेवली इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वर्तमान सरकार में व्याप्त भरस्टाचार और राज्य की दुर्दशा लोगो को बताना और आगामी चुनाव में इस सरकार की उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि सरकारी के मंत्री के पीए के नौकर के यहां से 32 करोड़ मिलता है। सेना की जमीन का घोटाला में मुख्यमंत्री जेल जाते है। रघुवर सरकार द्वारा चलाये गए महिला सशक्तिकरण योजना एक रुपये में रजिस्ट्री आदि यह सरकार ने बंद कर दिया। सरकार के गलत नीति के कारण उत्पाद सिपाही में दौड़ में 17 नौजवानों की मौत हुई है। जिन नौजवानों की मौत हुई है, उनके परिवार को 50 लाख मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। माटी, बेटी और रोटी को बचाने के लिए सरकार बदलना जरूरी है। झारखंड में आदिवासी की जनसंख्या 46 प्रतिशत से घटकर मात्र 27 प्रतिशत बच गया है। बंगला देश रोहंगिया मुस्लिम आज यहां की आदिवासियों के साथ छल कर उनका जर, जमीन और जोरू पर कब्जा कर रहे है। कार्यक्रम में अजय पंकज, ओम गुप्ता, विश्वजीत भारती, शशि कुमार, राजू रजक, सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## जिला नियोजनालय में लगा भर्ती कैंप, 52 का चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह लोहरदगा, आईटीआई कुजरा के प्रधानाध्यापक लाल चंद महतो, महिला आईटीआई, लोहरदगा के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार व कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। इस कैम्प में मुख्य रूप से 13 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 211 प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिसमें से 141 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 52 युवक-युवतियों को अंतिम रूप से चयन किया गया।

## मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने भंडरा के भौरो पंचायत का भ्रमण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** ग्रामीणों की आस मनरेगा में विश्वास के तहत मनरेगा के प्रति लाभुकों में जागरूकता पैदा करने एवं सुशासन को मजबूती से लागू करने के उद्देश्य को लेकर शुक्रवार मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने प्रखंड के भौरो पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चलाए जा रहे आम बागवानी का निरीक्षण किया। लोकपाल ने लाभुक चोयो उरांव, रामबृक्ष उरांव, अनीता उरांव, सबिता उरांव, बुधमनी उरांव सहित अन्य लाभुकों के बागवानी का निरीक्षण कर लाभुकों से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने कहा कि मनरेगा से विकास के लिए आवश्यक है कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले। ससमय रोजगार सृजन हो सके। योजनाओं में पारदर्शिता लाने हेतु निचले स्तर तक जवाबदेही निर्धारित की गई है। अभिलेखों का संधारण सही तरीके से नियमानुसार किया जाए। सूचना बोर्ड में योजना से संबंधित पूर्ण विवरण उपलब्ध हो ताकि योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो। निरीक्षण के क्रम में लोकपाल ने संबंधित लाभुक मेट एवं रोजगार सेवक को कई दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया सुमन्ति तिग्गा, पंचायत सचिव तिवारी भगत सहित अन्य उपस्थित थे।



### कुछ स्थानों पर शिविर आयोजित कर की जा रही है खानापूर्ति

# विभागीय समन्वय की कमी से मंईयां योजना को लग रहा ग्रहण

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जिला के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का 18 से 21 वर्ष की लाभार्थियों को लाभ देने के उद्देश्य शिविर का आयोजन जिला के 30 स्थानों पर किया जाना था लेकिन यह शिविर कुछ ही विद्यालयों में ही लगाकर खानापूर्ति किया गया और कुछ आवेदन प्राप्त किये गए। कितना आवेदन पहले दिन प्राप्त किया गया है इसकी जानकारी सामाजिक सुरक्षा विभाग बताने में अपनी असमर्थता जताई है। विभाग के मुखिया प्रमोद कुमार दास ने दूरभाष पर पूछे जाने पर बताया कि सभी जगहों पर शिविर आयोजित किया गया है लेकिन कितना फॉर्म जमा हुआ है इसका डाटा नही आया है। सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास ने बताया कि उन्होंने शिविर लगाने संबंधित जानकारी सभी को उपलब्ध करा दी गई थी और इसकी जिम्मेदारी बीडीओ को दी गई थी। जब उन्हें बताया गया कि कुछ स्थानों पर शिविर आयोजित नही हुई है तो उन्होंने अपनी अनभिज्ञता जताई। कहा कि यह मुझे जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि मैंने जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में संचालित शिविर का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की सही-सही इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया है। लेकिन हर जगह पर हम तो नही जा सकते हैं। हमने अपनी तरफ से शिविर आयोजित करने संबंधी सूची जारी कर दिया था और जिम्मेदारी सौंप दी थी। जानकारी के अनुसार जिन जिन विद्यालयों में यह शिविर लगाया गया था वहाँ पर फॉर्म भरने के लिए आवेदकों को निःशुल्क फॉर्म दिया जा रहा था लेकिन फॉर्म जमा करने व उसे ऑनलाइन करने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। कुछ विद्यालय में फॉर्म जमा करने व ऑनलाइन करने की सुविधा उपलब्ध थी। अब सवाल यह खड़ा होता है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर ग्रहण लगाने का कार्य विभागीय समन्वय के नही होना बड़ा कारण बन रहा है। इस योजना में फॉर्म भरने, फॉर्म जमा करने और उसे ऑनलाइन करने के लिए विभागीय समन्वय होना जरूरी है। लोहरदगा में विभागीय समन्वय की कमी होने के कारण 18 से 21 साल की युवतियां भटक रही है।

**कहा कहा लगना था शिविर :** शिविर भंडरा प्रखंड में राजकीयकृत ब्रम्णडीहा उच्च विद्यालय चट्टी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भंडरा, लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भंडरा, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय बिटपी, कैरो प्रखंड के डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो, किस्को प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किस्को, आदर्श विद्यालय किस्को, एसएस उच्च विद्यालय किस्को, कुडू प्रखंड के गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय माराडीह, जनता इंटर कॉलेज टाटी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुडू, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कुडू, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय सलगी, सदर प्रखंड लोहरदगा में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा, राजकीयकृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय इरगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय बलिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा, ईआइएमए इंटर कॉलेज लोहरदगा, इंटर कॉलेज, एमएलए विमेंस कॉलेज लोहरदगा, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा, मनोहर लाल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज लोहरदगा, पेशरार प्रखण्ड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मुंगो, सेन्हा प्रखंड के राजकीयकृत नंदलाल उच्च विद्यालय अरू, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, केजीबीवी सेन्हा, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में लगाया जाना था लेकिन सूत्रों ने बताया कि कुछ विद्यालयों में शिविर लगाने संबंधित कोई जानकारी व सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया था। सूचनाओं का अभाव और विभागीय समन्वय की कमी के कारण उपरोक्त स्कूलों में से कुछ स्कूलों में शिविर आयोजित नही हो सका है।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति कर रहा तैयारी, एसपी को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से सभी कमेटियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और विधि व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग भी ले रहे हैं। आज, दुर्गा जौहरी के नेतृत्व में समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पलामू एसपी रिष्मा रमेश से मिला और उन्हें सभी तैयारियों से अवगत कराया। इस दौरान समिति ने एसपी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर संजय राज, सतीश तिवारी, मुन्ना सिंह, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, लीलावती देवी, सजन वर्मा, ओम प्रकाश, अभिषेक सिंह, और मनीष भिवानिया उपस्थित थे।

### टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** आज स्थानीय टाउन हॉल श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2024 के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में झंडोतोलन एवं पुष्पांजलि के बाद चॉकलेट रेस , बुद्धि परीक्षण, म्यूजिकल बॉल रेस, युगल क्विज फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय नारनौलीय अग्रवाल महासभा के सभापति प्रमोद अग्रवाल के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर महासभा के कार्यवाहक उपसभापति कंचन प्रसाद अग्रवाल, वरिष्ठ सलाहकार धनंजय अग्रवाल, अग्रवाल भवन गया अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### बंगाल से आएंगे कारीगर, नवमी पर भंडारे का आयोजन

# मां शेरावाली क्लब का बनेगा अद्भुत पंडाल, 10 लाख का है बजट



### पंडाल निर्माण और तैयारी

1999 में अपनी स्थापना के बाद से, जय मां शेरावाली क्लब लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन करता आ रहा है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष गोलू सिंह ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष क्लब ने अपने 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण कराया था। इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। बंगाल से विशेष रूप से आए कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा और पंडाल का निर्माण करेंगे, जो पूजा को खास बनाएंगे। क्लब के सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन विशेष भक्ति जागरण और झांकी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी होगा। नवमी के दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

### शहर भर में पंडालों का निर्माण जोर-शोर से जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समितियों में इस बार जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न पूजा समितियों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शहर भर में पंडालों का निर्माण जोर-शोर से जारी है, और हर समिति अपने-अपने पंडाल और प्रतिमाओं को विशेष रूप से तैयार करने में जुटी है। हर साल की तरह, इस साल भी जय मां शेरावाली क्लब बिजली ऑफिस प्रांगण, रेड़मा में एक भव्य और अद्भुत पंडाल में मां दुर्गा की स्थापना करेगा।

### पंडाल की तैयारी में जुटा क्लब

पूजा समिति के वर्तमान अध्यक्ष अनिल दुबे ने बताया कि पंडाल का निर्माण कलश स्थापना के दिन तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। सप्तमी के दिन से इसे भक्तों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। हर साल यहां करीब 50,000 श्रद्धालु आते हैं, लेकिन इस वर्ष यह संख्या एक लाख तक पहुंचने की संभावना है। जय मां शेरावाली क्लब के इस वर्ष के आयोजन का कुल बजट लगभग 10 लाख रुपये आंका गया है। इस भव्य आयोजन के लिए क्लब के सदस्य दिन-रात काम कर रहे हैं, ताकि भक्तों को एक अद्भुत और भावपूर्ण अनुभव मिल सके।

## एक नजर

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने हमीदगंज स्थित जेबी रिर्जोट में सामान चोरी करने के आरोपी हॉस्पीटल रोड निवासी कृष्णा राम के 24 वर्षीय पुत्र शिवनाथ राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक एक सितंबर को गिरफ्तार आरोपी जेबी रिजॉर्ट में चोरी की घटना में शामिल रहने का अरोपी है। युवक की गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर शहर थाना पुलिस ने उसे पकड़ा है।

### तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को मेदिनीनगर में दोपहर तक बादल छाए रहे। हालांकि गुरुवार की तुलना में काफी कम बारिश हुई। मौसम के साफ होने से लोगों को बारिश से निजात मिली। शुक्रवार को तापमान में भी दो डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। गुरुवार को जहां 28.2 मिमी बारिश हुई वह शुक्रवार को केवल सात मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने 27 सितंबर के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया था लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिला।

### भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

## पांच साल में युवाओं का एक भी वादा पूरा नहीं: मनोज सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा व अन्य परीक्षाओं में हो रहे लगातार धांधली को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में स्थानीय छह मुहान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में भाजयुमो के कार्यकर्ता स्थानीय गीता भवन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए छहमुहान पर पहुंचे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन पिछले विधानसभा चुनाव में झारखंड के युवाओं को मुंगेरीलाल के हसीन सपनों को दिखाने के कार्य किए थे। जितने भी वादे किए गए थे पूरे 5 सालों में युवाओं के लिए एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। राज्य सरकार युवाओं को छलने का काम की है। इस सरकार के कार्यकाल में जितने भी परीक्षाएं हुई सभी में पेपर लीक हुए। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि झारखंड के युवा अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। आगामी होने वाला विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम राज्य के युवा करेंगे। जिल महामंत्री ज्योति पांडेय मेदिनीनगर पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि जिस तरह से पैसे के उगाही मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में करवाया जा रहा है। युवाओं को छला जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने कहा कि पलामू के युवा कमर कस चुके हैं। आने विधानसभा चुनाव में राज्य के युवा हेमंत सरकार को उखांड़ फेंकने का काम करेंगे। मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक,जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, ओमप्रकाश प्रसाद, धीरेंद्र दुबे, प्रियरंजन कुमार, श्वेतांक गर्ग, विवेक कुमार, संदीप कुमार, राहुल अग्रवाल, प्रधान कुमार सक्सेना, रोहित शर्मा, ज्ञान प्रकाश, गुड्डू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## डांडिया नाइट से महिला विंग का कोई लेना-देना नहीं: शर्मिला वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 8 और 9 अक्टूबर को होने वाले डांडिया नाइट से पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई का कोई लेना-देना नहीं है। महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं थी और समाचार पत्रों के माध्यम से ही इस बारे में पता चला। उन्होंने स्पष्ट किया कि पलामू चैंबर की महिला इकाई का इस कार्यक्रम से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह महिलाओं को सम्मानित स्थान देकर निजी इस्तेमाल करना चाहते हैं। शर्मिला वर्मा ने कहा कि उन्हें और उनकी टीम को सवा साल पहले चैंबर में शामिल किया गया था, लेकिन चैंबर अध्यक्ष ने उन्हें अभी तक कोई प्रमाण पत्र या अधिकारिक मान्यता नहीं दी है। उन्होंने चैंबर के कार्यकलापों पर सवाल उठाते हुए कहा कि संस्था का इस्तेमाल सिर्फ व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हो रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव हो या पब्लिसिटी, अध्यक्ष महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उन्हें इस्तेमाल करते हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के महिला विंग की कमेटी को भंग कर दी गई और नई टीम को जिम्मेदारी सौंप दी गई। शर्मिला वर्मा ने कहा कि वह इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगी ताकि भविष्य में अन्य महिलाओं के साथ ऐसा न हो। मौके पर प्रियंका आनंद साहू, फरहा नाज, राखी सोनी, और कंचन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

### स्वच्छता ही सेवा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाया कौशल, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), डाल्टनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को राजमाता प्रफुल्ल मंजरी कन्या उच्च विद्यालय, चैनपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। इससे पूर्व, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिंधु यादव, शिक्षक मणिलाल रवि, ओम प्रकाश यादव, शिक्षिका पुष्प लता कुमारी, एनी मिंज, सीमा कुमारी, आईसीटी नेहा परवीन, रामाशीष पांडेय और संजीव कुमार पांडे की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता में काजल प्रवीण ने प्रथम स्थान, साजिया खातून ने द्वितीय स्थान, और रोशनी कुमारी एवं बिना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

### कंकारी विद्यालय में स्वच्छता अभियान और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

एक अन्य कार्यक्रम के तहत, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंकारी, चैनपुर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यहां भी शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान और छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में कुंदन कुमार ने प्रथम स्थान, सोनू कुमार ने द्वितीय स्थान और सब्बू फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम लाल उरांव, अंजनी कुमार, स्नेह लता कुमारी, सुमित कुमार, श्यामलाल साहू और गौतम कुमार दुबे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करेंगे पारा लीगल वॉलिंटियर्स : अशोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पारा लीगल वॉलिंटियर्स (पीएलवी) गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करेंगे। यह बात परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित पीएलवी के ओरिएंटेशन और ट्रेनिंग कार्यक्रम के तीसरे दिन कही। उन्होंने पीएलवी को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि वे जेल में गलत तरीके से बंद अभियुक्तों की मदद करेंगे।

### कानून संगत कार्य करना है पीएलवी का दायित्व

महिमा श्रीवास्तव, परमानेंट लोक अदालत की सदस्या, ने कहा कि पीएलवी का दायित्व है कि वे बाल विवाह और बाल श्रम जैसी समस्याओं को पहचानें और आवश्यक कानूनी कदम उठाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएलवी को हर कार्य का दस्तावेजीकरण करना चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। इस कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारी और नव चयनित पीएलवी शामिल हुए, जिनमें महेंद्र नाथ सिंह, चंद्रदेव प्रजापति, संध्या कुमारी और अन्य शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी परिवर्तन यात्रा में लेंगे भाग



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का प्रमंडलीय समापन कार्यक्रम मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में होगा। परिवर्तन रैली के समापन की तैयारी पूरी कर ली गई है। समापन रैली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी भाग लेंगे। यह जानकारी सांसद वीडी राम ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 20 लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के वादाखिलाफी के विरूद्ध परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जन जन तक पहुंच का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रमंडलीय समापन एतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा जारी वृद्धा पेंशन, किसान बीमा की राशि को भी राज्य सरकार ने रोक कर रखा है। झारखंड की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मौके पर स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय मौजूद।

### किसानों की समस्याओं के समाधान में जुटे पूर्व सीएम के करीबी भाजपा नेता बिनोद सिन्हा



**मेदिनीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के करीबी भाजपा नेता बिनोद सिन्हा ने कहा कि वे पार्टी में किसानों की समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। पिछले तीन महीनों में उन्होंने कई मुद्दों पर काम किया है, जिससे किसानों को राहत मिली है। सिन्हा ने खासतौर पर खाद और बीज की कालाबाजारी की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि यह किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई ट्रांसफार्मर खराब हैं, जिससे किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिन्हा ने बिजली विभाग के सहयोग से तीन महीनों में करीब 25 ट्रांसफार्मर को ठीक करवाने का दावा किया है। सिन्हा ने क्षेत्र में पेयजल की समस्या को भी गंभीरता से लिया है और कहा कि वे बंद पड़े जलमिनरों को जल्द ही ठीक करवा रहे हैं। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई है, जो 24७7 जनता की सेवा में तत्पर रहेगी। यह सुविधा आपात स्थिति में नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। सिन्हा ने कहा कि वे जनता के हर सुख-दुख में शामिल हैं और इसके लिए वे हमेशा मेहनत करते रहेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे किसानों और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

### यातायात नियमों के उल्लंघन और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की हुई जांच



**मेदिनीनगर।** यातायात प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में छह मुहान पर गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बाइक को यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में पकड़ा गया। सभी पकड़ी गई बाइक को शहर थाने में रखा गया है, और उनके खिलाफ चलान काटकर सीजीएम की अदालत में भेजा जा रहा है। समाल अहमद ने बताया कि एसपी रीष्मा रमेशन के आदेशानुसार यह वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दो पहिया वाहनों के जरूरी कागजात, लाइसेंस, हेलमेट और ट्रिपल लोड की जांच की गई। कई बाइक सवार अपने पास हेलमेट होने के बावजूद उसे पहनने में लापरवाही बरतते हुए पाए गए। ट्रैफिक प्रभारी ने उन्हें समझाया और हेलमेट पहनने तथा सभी कागजात लेकर चलने की सलाह दी। शाम को रेड़मा चौक पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। इस दौरान दो युवकों को पकड़ा गया। जांच के दौरान दोनों युवकों का चालान किया गया। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने आश्वासन दिया कि आगे भी इस तरह की जांच अभियान जारी रहेगा ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### पोषण अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को पलामू उपायुक्त के दिशा-निर्देश पर स्थानीय टाउन हॉल में पोषण अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और जन आंदोलन को प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद सभी अतिथियों को पोषण ताज पहनाया गया। 'सही पोषण, देश रौशन' की थीम के तहत रागी, मकई, और बाजरा के लड्डू, रागी चौप, निमकी आदि की पोषण टोकरी आमंत्रित अतिथियों के बीच वितरित की गई। इसके साथ ही उपस्थित लोगों को आरटीई सामग्री से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए एक व्यंजन प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस दौरान, कार्यक्रम में शामिल अतिथियों द्वारा छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और पांच बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। यह समारोह कुपोषण के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम था। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने पलामू में कुपोषण के संदर्भ में जानकारी दी और जिला को कुपोषण मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह, सिविल सर्जन पलामू अनिल कुमार सिंह, जिला की आंगनबाड़ी सेविकाएं, जेएसएलपीएस समूह की महिलाएं, स्वास्थ्य विभाग की सहिया, मुखिया और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### सराहनीय पहल | विश्व पर्यटन दिवस पर जिलेवासियों को प्रशासन की सौगात

# मलय डैम में मोटर बोटिंग, पर्यटकों को मिलेगा रोमांचक अनुभव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदीनीनगर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पलामू जिले के सतबरवा स्थित मलय डैम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने जल क्रीड़ा के तहत बोट संचालन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर एसडीओ और छत्तरपुर एसडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन के पश्चात सभी अधिकारियों ने नौका विहार का आनंद लिया। उपायुक्त ने डैम घूमने आए एक परिवार को उपहार भेंट किया और बच्चों को नाश्ता भी करवाया। इस मौके पर पर्यटन मित्रों के बीच प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मलय डैम को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत डैम में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री जैसे स्पीड मोटर बोट, पैडल बोट, कयाकिंग, और जेट्टी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं और प्रशासन इस दिशा में सक्रियता से कार्य कर रहा है।

### डैम में अभी लगभग 60 फीट पानी है

जिले के नागरिकों के लिए विश्व पर्यटन दिवस का यह अवसर खास बन गया, क्योंकि डैम में अब पर्यटकों के लिए स्पीड मोटर बोट और कयाकिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों की शुरूआत हो चुकी है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी की गई है, और सभी पर्यटन मित्रों को गिरिडीह से लाइफ सेविंग तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मलय डैम अब पर्यटकों के लिए एक आकर्षक और साहसिक स्थल बन चुका है, जहां लोग हरे-भरे प्राकृतिक वातावरण में नौका विहार और साहसिक गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं। जिला प्रशासन ने डैम को और अधिक विकसित करने की योजनाएं बनाई हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को आवास और अन्य सुविधाओं का भी लाभ मिल सकेगा।

#### मलय डैम का उपायुक्त ने भ्रमण कर आनंद लिया

सतबरवा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मुरमा मलय डैम पर जल क्रीड़ा व साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन कार्य का उद्घाटन मुख्य अतिथि आयुक्त शशि रंजन, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, हुसैना एसडीओ ने शुक्रवार को फीता काटकर किया। मौके पर पलामू उपायुक्त शशि रंजन, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा हुसैनाबाद एसडीओ ने मलय डैम का भ्रमण कर भरपूर आनंद लिया। मुरमा मलय डैम समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष राजू सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, सदस्य गुड्डू कुमार सिंह, मनोज सिंह, कुंज बिहारी सिंह, सुरेंद्र सिंह, महावीर सिंह को मोटर बोर्ड 3, पैडल बोर्ड 5, क्याक बोर्ड 2, लाइफबॉय 20 पिस, 70 फिस लाइफ जैकेट सौंपा। मलय डैम समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस डैम में अभी लगभग 60 फीट पानी है। अगर 10 फीट पानी और बढ़ गया तो इस्पेलवे होना शुरू हो जाएगा। मौके पर बीडीओ अभिषेक पांडेय, दुलसुलमा मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, उप मुखिया जगदीश सिंह, पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर, रोजगार सेवक सरफराज समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## संपादकीय


# पर्यटन की असीमित संभावनाओं वाला सीमित प्रदेश झारखंड

सुहावने मौसम और जंगल पहाड़ों से सजे प्रकृति के अनमोल खजाने वाला राज्य झारखंड अस्तित्व में आने के 24 साल बाद भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र नहीं बन पाया जबकि पहली बार यहां आनेवाले लोग इस पठारी राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाते हैं। इसकी राजधानी रांची,हजारीबाग या अन्य स्थानों की जलवायु उन्हें यहां घर बनाने या बस जाने को प्रेरित करती है। भारत में बैंगलुरु के समान इसका मौसम कभी भी बहुत अधिक गर्म नहीं होता और अक्सर दिन में गर्मी के बाद बारिश होना स्थापित पहचान है। सीधे सरल लोग, सस्ता खानपान और जनजातीय संस्कृति, जैन धर्म का सर्वोच्च धार्मिक स्थल पार्श्वनाथ और बाबाधाम देवघर विश्व प्रसिद्ध हैं। टाइगर और एलीफैंट प्रोजेक्ट, बिरसा मृग विहार, क्रोकोडॉइल पार्क जैसे आकर्षण के अलावा नेतरहाट का सूर्योदय सूर्यास्त दुनिया के लोगों को खींचता है। रांची और अन्य स्थल जलप्रपातों के लिए प्रसिद्ध हैं। इटखोरी का मंदिर बौद्ध और सनातन दोनों के लिए उत्सुकता का केंद्र है। हजारीबाग के आसपास प्राचीनतम सभ्यता के प्रमाण मौजूद हैं। नगवंशियों के किले, सदियों से जंग ना लगने वाला त्रिशूल तथा विश्वप्रसिद्ध छौ नृत्य। करम और सरहुल जैसे विशिष्ट त्योहारों को आधार बनाकर राजस्थान जैसे पर्यटकों का मेला लगाने के बजाय इसे सभी ने अपने हाल पर छोड़ दिया है। सड़कें बेहतर हुई हैं पर उग्रवादी हिंसा, होटलों की कमी, अप्रशिक्षित होटल व्यवसाय तथा अतिथि सत्कार के बजाय लूट संस्कृति ने इसे अपने हाल पर छोड़ दिया है। अन्य राज्यों में यह प्राथमिकता में है टूरिस्ट पुलिस और पर्यटन विभाग से मान्यता प्राप्त होटल तय भाड़ा वाले वाहन हैं। यहां सब कुछ मनमाना है। सरकारी होटलों में अशोक वर्षों से बंद पड़ा है। नेतरहाट और अनेक अन्य स्थानों में क्या सुविधाएं हैं इससे झारखंड ही अनजान है तो देश क्या जानेगा। रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट में यात्रियों को पूरी जानकारी मिलती थी हेल्प डेस्क थे पर आज सोशल मीडिया के जमाने में भी झारखंड पर्यटैंक के क्षेत्र में शैशवास्था में ही है जबकि यह हिमाचल की तरह इसकी पूरी अर्थव्यवस्था को संभल सकता था राजस्थान की तरह राज्य की पहचान बादल सकता था और माओवाद के बजाय रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता था। अभी भी सरकार चाहे तो पर्यटन की समझ वाले अधिकारियों को लेकर चमत्कार कर सकती है बशर्ते लूट के लिए निर्माण और नौकरी के लिए भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा ना बने। अनेक पर्यटन स्थल विकसित हुए हैं पर उनकी लगातार मॉनिटरिंग और पब्लिक के फीडबैक की तकनीक विकसित होनी चाहिए खास तौर पर सोशल मीडिया पर जो हजारों दूसरे लोगों को आकर्षित करता है।

**सीधे सरल लोग, सस्ता खानपान और जनजातीय संस्कृति, जैन धर्म का सर्वोच्च धार्मिक स्थल पार्श्वनाथ और बाबाधाम देवघर विश्व प्रसिद्ध हैं। टाइगर और एलीफैंट प्रोजेक्ट, बिरसा मृग विहार, क्रोकोडॉइल पार्क जैसे आकर्षण के अलावा नेतरहाट का सूर्योदय सूर्यास्त दुनिया के लोगों को खींचता है।**

# दुनिया चाहती है, मेक इन इंडिया


श्री पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री।



एक देश ने 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल पूरे होने का उत्सव मनाया, जो रोजगार सृजन करने वाले निवेशों को प्रोत्साहित करके और आम नागरिकों को धन सृजनकर्ता बनने का आत्मविश्वास देकर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को बदल रही है। यह 10 साल की एक उल्लेखनीय यात्रा रही है, जिसने औद्योगिक क्षेत्रों को विकास के इंजन के रूप में नया उत्साह दिया है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ निर्यात में भी योगदान दे रहा है। यह रोमांचक यात्रा एक कठिन समय में शुरू हुई थी, जब निर्णय लेने में अक्षम कांग्रेस सरकार की नीतिगत निष्क्रियता और कुशासन के कारण घरेलू निवेशक निराश थे। अर्थव्यवस्था निम्न स्तर पर थी, आत्मविश्वास टूट चुका था, सुर्खियों में नियमित रूप से भ्रष्टाचार के घोटालों का जिक्र होता था, मुद्रास्फीति बढ़ रही थी, ब्याज दरें अधिक थीं और रुपये का पूवार्नुमान अनिश्चित था। दुर्भाग्य और निराशा की भावना को समाप्त करने के लिए, भारतीय मतदाताओं ने निर्णायक तौर पर पीएम मोदी के पक्ष में मतदान किया। हमारे प्रधानमंत्री भारत के लिए एक दृष्टिकोण लेकर आए। वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति बने। वे चाहते थे कि भारत हमारे युवाओं को रोजगार और अवसर प्रदान करे, इस तथ्य की पहचान करते हुए कि विनिर्माण भारत की सफलता की गाथा के लिए महत्वपूर्ण है। इन्हीं परिस्थितियों में, प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल की शुरूआत की।

दस साल की यात्रा उल्लेखनीय रही है, लेकिन यह मोदी सरकार द्वारा किए गए बहुआयामी और परिवर्तनकारी बदलावों के बिना संभव नहीं हो पाती। पहलों में जीएसटी, दिवालियापन संहिता और कई अन्य सुधार शामिल हैं। कारोबार करने में आसानी में सुधार के लिए, 42,000 से अधिक अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया गया और मामूली अपराधों के लिए आपराधिक दंड प्रदान करने वाले 3,700 प्रावधानों को विभिन्न कानूनों से हटा दिया गया, ताकि छोटे व्यवसायों को उत्पीड़न से बचाया जा सके। भारत ने विश्व बैंक की व्यापार करने की रिपोर्ट में 2014 के 142वें स्थान से 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचकर अपनी श्रेणी में तेजी से सुधार किया।

सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल ने नौकरी की इच्छा रखने वाले कई लोगों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। इससे इस वर्ष जून में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे निवेश में बढ़ोत्तरी और 15 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। ये स्टार्टअप देश में नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रहे हैं तथा स्वच्छता, अंतरिक्ष कार्यक्रम, खाद्य बबार्दी को कम करने, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करने और महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे क्षेत्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों का समाधान करने पर कार्य कर रहे हैं।

सरकार के विशेष ध्यान का एक अन्य क्षेत्र है - 11 औद्योगिक गलियारों का विकास। कार्यक्रम के तहत 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित किए जा रहे हैं, जो इन गलियारों को भारत के विनिर्माण विकास का प्रमुख आधार बनाने में मदद करेंगे। इनमें से चार स्मार्ट शहर पहले ही निवेश का आकर्षण केंद्र बन गए हैं, जहां अवसंरचना के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए मंजूरी उपलब्ध है। 1.7 लाख करोड़ रुपये के संभावित निवेश के लिए पहले ही प्रतिबद्धता व्यक्त की जा चुकी है, जो 80,000 लोगों को प्रत्यक्ष और इससे भी अधिक संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

सरकार की पीएलआई योजनाएं जैसे, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, वाहन, वस्त्र और चिकित्सा उपकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ताकि इन क्षेत्रों में निरंतर विकास के लिए इको-सिस्टम तैयार किया जा सके और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके। पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और विनिर्माण उत्पादन में लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस पहल के माध्यम से 8.5 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर सृजित हुए हैं।

प्रधानमंत्री की अवसंरचना से जुड़ी पहल, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक और प्रोत्साहन है। वस्तुओं और सेवाओं की मांग पैदा करने के अलावा, अवसंरचना विकास औद्योगिक गतिविधि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। आज भारत में एक्सप्रेसवे और राजमार्गों का एक विशाल और बढ़ता हुआ नेटवर्क है। विश्व स्तर के नए रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जबकि नए फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण-कार्य प्रगति पर है।

भारत को निवेश के लिए एक बहुत ही आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। देश 4डी लाभ की पेशकश करता है - प्रधानमंत्री मोदी का निर्णायक नेतृत्व; हमारे युवा, प्रतिभाशाली, कुशल भारतीयों का जनसांख्यिकीय लाभांश; 140 करोड़ भारतीयों द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्पन्न की जाने वाली मांग; एक जीवंत लोकतंत्र, जो निवेशकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करता है तथा कानून का शासन, जो कभी भी किसी के साथ भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। 4-डी भारत में निमार्ताओं को आकर्षित करने के लिए बहुत ही प्रभावी परिदृश्य प्रस्तुत करता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को आज अपने व्यवसाय के विस्तार का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

निवेशक समुदाय में कई प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं। कई प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा कर रहे हैं, जो निवेश करने और भारतीय विकास गाथा में भाग लेने के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। विदेशी सरकारें और वैश्विक सीईओ भारत में अवसरों पर उत्सुकता से नजर रख रहे हैं। कई देश भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं।

दुनिया अब भारत को एक विनिर्माण गंतव्य के रूप में देख रही है। इस दिलचस्पी का मुख्य कारण है-भारत का अपना प्रतिस्पर्धी लाभ और अर्थव्यवस्था के मूल तत्वों की मजबूत स्थिति। आज मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, आर्थिक विकास मजबूत है और मोदी सरकार कठोर राजकोषीय अनुशासन का पालन कर रही है। युद्ध और अनिश्चितता से ग्रस्त वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में यह और भी सराहनीय है। प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने भारत को 2014 के दुनिया की ह्लपांच नाजुक अर्थव्यवस्थाह्व वाले देशों में से एक माने जाने की अप्रिय स्थिति से ऊपर उठने में मदद की है और अब देश दुनिया के शीर्ष पांच देशों में से एक बन गया है।

वास्तव में, मेक इन इंडिया जैसी प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने पिछले 10 वर्षों को एक परिवर्तनकारी दशक बनाने में योगदान दिया है ङ्ग जिसे कांग्रेस शासन के खोए हुए दशक की तुलना में एक बड़ी छलांग कहा जा सकता है।

## देश की बात

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट


ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निमार्ता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# फास्टफूड के दौर में पीछे छूटने को विवश हुआ हमारा चांकोड़ गुंड़ा


केदारनाथ दास



क्या आपने कभी चांकोड़ गुंडा जैसे किसी व्यंजन का स्वाद चखा है? नई पीढ़ी के लिए यह एक बड़ा सवाल है क्योंकि अस्सी के दशक से हमआर्थिक उदारीकरण की राह पर चल पड़े हैं और इस नीतिगत व्यवस्था का व्यापक असर हमारे रहने सहन से लेकर खान पान पर दिखने लगा है। आर्थिक उदारीकरण की यह व्यवस्था लगभग तीन चार दशक पुरानी हो चुकी है और इससे न केवल हमारी आर्थिक गतिविधियां बड़े पैमाने प्रभावित होकर रह गई है बल्कि आज सामाजिक, सांस्कृतिक व भौतिक जीवन पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इतना ही नहीं, उदारीकरण के इस दौर से अब हमारी रसोई, रसोईघर की प्राथमिकताएं और खान पान संबंधी पसंद नापसंद का संदर्भ भी बदल कर रह गया है। अपनी स्मरण शक्ति पर जोर डालते हुए एक पीढ़ी पीछे झांककर देख लें तो खान पान की प्राथमिकताओं को लेकर आप भी हैरान हो कर रह जाएंगे। ऐसा इसलिए कि कल तक हमारी पीढ़ियां रस्सी बाल्टी के साथ चूड़ा मुढ़ही व पूरी रसोई लेकर यात्रा का कार्यक्रम बनाया करती थी। अब ऐसा नजर नहीं आता और यात्रा की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। यह तथाकथित आर्थिक उदारीकरण का एक प्रभाव ही है जब हम आत्मवाद व प्रकृतिवाद के नैसर्गिक, सहज, सरल व आत्मीय आस्थाओं से लगातार विमुख होने को विवश होते हुए पचास पैसे के आलू की चिप्स को बीस रुपए प्रति पैकेट खरीदने को विवश होकर रह गए हैं। हां, इस कालखंड में हमारी गतिशीलता के विस्तार के साथ साथ भौतिकता के प्रति दुराग्रह का भाव भी जरूर बढ़ा है परन्तु यह पूरी कथा आज बीस रुपए वाली चिप्स के चमत्कारी पैकेट तक सीमित नहीं है क्योंकि अब तो हम कहीं न कहीं अपने मूलभूत व्यवहार, सामाजिक मान्यताओं व परंपराओं को भी लेन देन का माध्यम बनाकर रख दिया है। इस बदलाव के प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य के लिए अस्सी के दशक से बढ़िया उदाहरण शायद ही मिले। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**हमें अपने मन को इस जीवन के उदास एवं डरावने नाटकों में इतना लीन नहीं रखना चाहिए। क्या यह अधिक बुद्धिमानी नहीं है कि हम अपना ध्यान उस शक्ति पर रखें जो अविनाशी एवं अपरिवर्तनशील है?**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा


श्री श्री परमहंस योगानंद

मेरे शाश्वत प्रकाश को देखो, जिसमें संसार के अनेक दुःस्वप्न आते और जाते हैं। ये वास्तविक नहीं हैं। यह कितनी अधिक सान्त्वना थी! दुःस्वप्न, चाहे कितने ही डरावने क्यों न हों, मात्र दुःस्वप्न ही हैं। चलचित्र, चाहे आनन्ददायक हों, या विक्षुब्ध करने वाले हों, मात्र चलचित्र ही हैं। हमें अपने मन को इस जीवन के उदास एवं डरावने नाटकों में इतना लीन नहीं रखना चाहिए। क्या यह अधिक बुद्धिमानी नहीं है कि हम अपना ध्यान उस शक्ति पर रखें जो अविनाशी एवं अपरिवर्तनशील है? इस संसार-चलचित्र के कथानक के अप्रिय आश्चर्यों के बारे में क्यों चिन्ता करते हो! हम यहाँ केवल थोड़े-से समय के लिए हैं। जीवन के नाटक की शिक्षा को सीखें और अपनी मुक्ति प्राप्त करें। इस जीवन की छाया के ठीक नीचे ईश्वर का अद्भुत प्रकाश है। विश्व उसकी उपस्थिति का एक विशाल मन्दिर है। जब आप ध्यान करेंगे, तब प्रत्येक स्थान पर उनके लिए द्वार खुलते हुए पाएँगे। जब आपका ईश्वर के साथ सम्पर्क है तब संसार की कोई भी विनाशकारी शक्ति आपके उस आनन्द और शान्ति को नहीं छीन सकती।

''हे प्रभो! जीवन और मृत्यु में, रोग, अकाल, महामारी या निर्धनता में, मैं सर्वदा दृढ़तापूर्वक आपको पकड़े रखूँ। यह अनुभव करने में मेरी सहायता करें कि मैं वह अमर आत्मा हूँ, जो बचपन, युवावस्था, वृद्धावस्था और सांसारिक उथल-पुथल के सभी परिवर्तनों से अछूती रहती है।''

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**रूप हजारों आग के, इसे न छेड़ें आप।**
**पता नहीं किस रूप में, लील जाय चुपचाप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या के लिए जिम्मेदार कौन?


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

(विश्व हृदय दिवस 29 सितंबर 2024)



देश में बढ़ती जानलेवा बीमारियां, मानसिक तनाव, घटती जीवन प्रत्याशा और असमय मौत में हमारी आधुनिक जीवनशैली की खास भूमिका है। आधुनिक जीवनशैली जीने वाले युवाओं में दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक होती है। छोटे बच्चों से लेकर किशोरवयीन युवाओं तक खेलते हुए चक्कर आकर गिरने की घटनाएं आजकल देखने-सुनने मिलती है, बैठे-बैठे लोग चक्कर आकर गिर जाते है और चिकित्सक बताते है कि हृदयघात हुआ है। बहुत बार आवश्यक आपातकाल चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण जान चली जाती है। आज हम वो खा-पी रहे हैं जो पशु के खाने लायक भी नहीं है। हमारे पारंपरिक खाद्य पदार्थों की जगह पाश्चिमात्य फास्ट फूड और अस्वास्थ्यकर आहार आ गया है। छोटी-सी जबान के जायके के लिए सम्पूर्ण शरीर को नुकसान पहुंचाया जाता है। ये बड़ी दुख की बात है, कि हम खाद्य व्यंजनों का चयन स्वाद के आधार पर करते है, जबकि ये सर्वदा स्वास्थ्य के आधार पर होने चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि अधिकतर लोग पेट भरने के लिए खाते है, लेकिन वे कितनी कैलरी, किस प्रकार, किस गुणवत्ता में ले रहे है, शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा लगातार बढ़ रही, पाचन तंत्र कमजोर हो रहा है, इसका विचार नहीं करते। भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी, अस्वच्छता, अशुद्ध हवा पानी, पर्याप्त नींद न लेना, बढ़ता वजन, व्यायाम की कमी, अशुद्ध वातावरण, शोर, काम का दबाव, घरेलू कलह, मानसिक तनाव, नशाखोरी से बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। मानवीय शरीर पहले के दशक के मुकाबले कमजोर प्रतीत हो रहा है, अब मौसम बदलते ही मानवीय शरीर को विविध बीमारियां जल्द जकड लेती है, क्योंकि रोग प्रतिकारक शक्ति कम हो रही है। तले हुए खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत मांस, अतिरिक्त चीनी वाले खाद्य पदार्थ व पेय, वसायुक्त खाद्य पदार्थ, नमकीन पदार्थ, मैदा युक्त पदार्थ, सोडा, उच्च वसायुक्त डेयरी उत्पाद, आइसक्रीम, ट्रांस वसा, मक्खन, लाल मांस, आलू चिप्स, फ्रेंच फ्राईज, कुकीज, पाम तेल, पिज्जा, बेकन, बेक्ड उत्पाद, सफेद चावल, सफेद ब्रेड, पास्ता, सॉसेज, पॉलिश अनाज, डिब्बाबंद सूप या फूड कंपनियों के प्रक्रिया किये गए पदार्थ, मानवीय शरीर के लिए अस्वास्थ्यकर होते है क्योंकि इनसे हमें आवश्यक पोषकतत्वों की जरुरत पूरी नहीं होती, इनका प्रयोग न हो तो बेहतर है, लेकिन चीनी और नमक का उपयोग बंद नहीं कर सकते, लेकिन मर्यादित करना या अन्य पर्याय जरुरी है। ये पदार्थ शरीर में स्लो पॉइजन के रूप में काम करते है और सीमा के बाहर होने पर शरीर में मौजूद खराब तत्व बढ़ते हुए मानवीय अंगो को विफल करते हुए घातक बीमारी में तब्दील हो जाते है। भारत में अधिकांश मौतों और विकलांगताओं के लिए हृदय संबंधी बीमारियाँ जिम्मेदार हैं। साल 2022 में भारतीयों में दिल के दौरे में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुयी। अस्वास्थ्यकर आहार, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह और अधिक वजन ये जोखिम अब देश में कुल बीमारी के बोझ का एक चौथाई हिस्सा है। गैर-संचारी रोग देश में होने वाली सभी मौतों में से 60 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। लगभग 5.8 मिलियन भारतीय हर साल हृदय और फेफड़ों की बीमारियों, स्ट्रोक, कैंसर और मधुमेह से जान गवांते है। कैंसर और मधुमेह की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ-साथ हृदय रोग दो दशकों से ज्यादा समय से भारत में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक रहा है। विश्व स्तर पर 2021 में सबसे बड़ा हत्यारा इस्केमिक हृदय रोग रहा, जो दुनिया में होने वाली सभी मौतों में से 13 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

हर साल 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिवस रेबीज की रोकथाम के लिए मनाया जाता है। विश्व रेबीज दिवस लुई पाश्चर के सम्मान में आयोजित होता है। लुई पाश्चर ने ही अपने सहयोगियों के साथ रेबीज का प्रभावकारी टीका विकसित किया था। विश्व रेबीज दिवस 2024 की थीम है - रेबीज की सीमाओं को तोड़ना। यह थीम रेबीज के खिलाफ मानव की लड़ाई में बाधा डालने वाली सीमाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित करता है। पहला विश्व रेबीज दिवस 08 सितंबर 2007 को मनाया गया था। इसका आयोजन एलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, अटलांटा, अमेरिका के बीच साझेदारी में हुआ था। इसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन और पैन अमेरिकन स्वास्थ्य संगठन सह प्रायोजक थे। विश्व रेबीज दिवस का उद्देश्य रेबीज के घातक प्रभाव और इसे रोकने के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। रेबीज एक वायरल बीमारी है, जो कुछ पशु-पक्षियों के काटने से होता है। ये पशु-पक्षी रेबीज के वायरस के कैरियर की तरह काम करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि रेबीज का संक्रमण हो जाने के बाद इसका कोई प्रभावकारी इलाज नहीं है। रेबीज पीड़ित पशुओं से दूर रहना और पशुओं के काटने या उनसे खरोंच लगने के बाद वैक्सीनेशन ही इससे बचाव का एकमात्र तरीका है।

## रेबीज वायरस (वर्गीकरण)

**रेल्म :** राइबोविरिया

**किंगडम :** ऑर्थोरनाविरी

**फाइलम :** नेगरनाविरिकोटा

**क्लास :** मोनजिविरिकेट्स

**आर्डर :** मोनोनिगेवायरेलीस

**फैमिली :** रैब्डोविरिडे

**जीनस :** लिसावायरस

**स्पेसिज :** रेबीज लाइसावायरस


## रेबीज से बचाव के तरीके

- सड़क पर घूमने वाले कुत्तों और अन्य पशुओं से दूर रहें।
- अजनबी और बीमार पशुओं से दूर रहें।
- अगर घरेलू पालतू कुत्ता या अन्य घरेलू पशु असामान्य व्यवहार करने लगें, तो उनके पास न जाएं। उसे पशु सिकित्सक से दिखाएं।
- आपस में लड़ते हुए दो पशुओं को अलग करने की कोशिश नहीं करें।
- जब कुत्ता, पालतू हो या सड़क पर घूमने वाला हो, खाना खा रहा हो, तो उसे अकेला छोड़ दें। उसे नहीं छेड़ें।
- जब अपने पालतू कुत्ते को बाहर ले जाएं, तो उन्हें पट्टे से बांध कर रखें।
- छोटे बच्चों को कभी भी पालतू कुत्ते या अन्य पशुओं के साथ अकेला नहीं छोड़े।
- पालतू कुतों और बिल्लियों को नियमित रूप से रेबीज संक्रमण की जांच कराएं।
- पालतू कुतों और बिल्लियों को रेबीज से बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) लगवाएं और टीका नियमित रूप से लगवाते रहें।
- पालतू पशुओं को सड़क पर घूमने वाले और अजनबी पशुओं से दूर रखें।

## संक्रमण हो जाने के बाद इसका कोई प्रभावकारी इलाज नहीं

# घातक होता है रेबीज संक्रमण





रेबीज एक वायरस जनित बीमारी है और यह केवल वार्म ब्लडेड प्राणियों में ही होता है। रेबीज का संक्रमण जिस वायरस के संपर्क में आने से होता है, उसे रेबीज लाइसावायरस रैब्डोविरिडे नाम दिया गया है। रेबीज वायरस न्यूरोट्रॉपिक वायरस है और यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। रेबीज मानव में पशु-पक्षियों के काटने या उनके खरोंच से होता है। सबसे ज्यादा कुत्ते के काटने या उनके द्वारा खरोंचे जाने से होता है, चाहे वह पालतू हो सड़क पर आवारा घूमने वाला। अगर पशु-पक्षी रेबीज वायरस से संक्रमित हैं, उनके काटने से वायरस मानव शरीर में भी आ जाता है। इसके बाद मानव भी रेबीज वायरस से संक्रमित हो जाता है। इसका संचरण पशुओं के लार के माध्यम से होता है। रेबीज का संक्रमण मनुष्य एवं पशु-पक्षी सभी के लिए घातक होता है। इससे मस्तिष्क में सूजन हो जाता है। मनुष्य में रेबीज संक्रमण से होने वाली बीमारी को हाइड्रोफोबिया (पानी से भय लगना) कहा जाता है।

**संक्रमण रोकने के लिए वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय**

मनुष्य में रेबीज संक्रमण जब घातक स्थिति में पहुंच जाती है, तो उसमें अनियंत्रित उत्तेजना उत्पन्न होने लगती है। पानी से भय लगने लगता है, यहां तक कि प्रभावित व्यक्ति पानी भी नहीं पीता है। शरीर के अंग शिशिल होने लगते हैं, कोमा जैसी स्थिति बन जाती है। इस स्थिति में मौत हो जाती है। रेबीज से बचने का एकमात्र तरीका है कि सड़क के पशुओं से दूर रहें और अपने पालतू कुत्तों को एंटी रेबीज टीका नियमित लगवाते रहें। अगर सड़क या घर के कुत्ते ने काट दिया हो, तो तुरंत डॉक्टर के पा जाकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवा लें। क्योंकि, तुरंत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते हैं और मानव शरीर में रेबीज वायरस के संक्रमण के बाद मुत्यु तय है। अब तक रेबीज के इलाज के लिए कोई भी प्रभावी दवा विकसित नहीं हुई है।

## रेबीज के क्या हैं लक्षण

रेबीज के लक्षण आमतौर पर रेबीज लाइसावायरस रैब्डोविरिडे के संपर्क में आने के दो से तीन महीने के बाद दिखाई देते हैं। लेकिन, कई बार एक सप्ताह के अंदर या एक वर्ष के बाद भी लक्षण दिखाई पड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण के आम लक्षण को दो चरणों में बांटा गया है।

### चरण 01

यह सामान्य चरण है, इसमें वैक्सीन लगा लेने से स्वस्थ होने की उम्मीद ज्यादा होती है। प्रथम चरण में लक्षण अस्पष्ट होते हैं। इसकी अवधि दो से लेकर 10 दिनों तक की है।

- बुखार, सिदर्द, भूख में कमी, कमजोरी, उल्टी महसूस होना या उल्टी होना, अधिक लार आना।
- काटे गए या खरोंच के स्थान पर दर्द होना, खुजली होना, झनझनाहट महसूस होना, सुन्नता महसूस होना।

### चरण 02

यह चरण घातक स्थिति में पहुंच जाने की सूचना देता है।

- भोजन खाने, यहां तक कि लार को निगलने में भी असमर्थता।
- हाइड्रोफोबिया - मरीज पानी देखकर डरने लगता है।
- मरीज भ्रमित रहता है, उसे अपनी स्थिति का ज्ञान नहीं रह जाता है।
- इसके बाद मरीज या तो कुछ समय के लिए कोमा में चला जाता है, या उसकी तत्काल मृत्यु हो जाती है।
- **मरीज उत्तेजित या उग्र रहने लगता है।**

## जान बचानी है, तो टीका जरूर लगवाएं

रेबीज के टीके (वैक्सीन) का उपयोग रेबीज संक्रमण को रोकने में किया जाता है। यह टीका काफी प्रभावी होता है। यह सुरक्षित भी होता है। रेबीज के वैक्सीन का उपयोग दोनों तरह से किया जाता है। इस वैक्सीन को रेबीज वायरस के संपर्क में आने से पहले और संपर्क में आने के बाद भी लिया जाता है। अगर कुत्ते ने काट लिया है, चाहे सड़क का हो या पालतू, तो जान बचाने के लिए रेबीज वैक्सीन ले लेना ही बेहतर है। रेबीज वैक्सीन इंजेक्शन से दिया जाता है। रेबीज का नया वैक्सीन तीन खुराक में ही प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर देता है और इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। नए वैक्सीन को इंजेक्शन द्वारा मांसपेशियों में दिया जाता है। रेबीज वायरस के संपर्क में आने के बाद टीका सामान्य तौर पर रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन के साथ प्रयोग किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्वयं तो टीका लें ही, अपने पालतू कुत्ते या अन्य पालतू पशुओं को भी वैक्सीन लगवाएं।




## कुत्ता व अन्य पशु-पक्षियों के काटने के बाद क्या करें

*अगर कुत्ते या किसी अन्य पशु ने काट लिया है या खरोंच दिया है, चाहे तो वह घरेलू हो या सड़क पर घूमने वाला, तो निम्न कार्य जरूर करें। इसके बाद चिकित्सक से जोर अवश्य मिलें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार कार्य करें।*

- काटे या खरोंचे हुए स्थान को तुरंत साबुन और पानी से धोएं। करीब 15 मिनट तक अच्छी तरह धोएं। जख्म के स्थान को नहीं रगड़ें।
- **काटे या खरोंचे हुए स्थान को धोने के बाद एंटी वायरल या आयोडीन युक्त दवा लगाएं। कोई भी एंटीसेप्टिक लोशन लगाएं।**
- जख्म वाले स्थान से खून बह रहा हो, तो वहां पट्टी या कपड़ा बांध दें।
- **जल्द से जल्द डॉक्टर की सलाह लें।**

## इन पशु-पक्षियों से फैलता है रेबीज

कुत्ता, बंदर, नेवला, चमगादड़, लोमड़ी, गीदड़ (सियार), रैकून (उत्तरी और मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला पशु)।

## राज्यों से

# स्कूल की 'तरक्की' के लिए दी गई 11 साल के बच्चे की बलि, 5 गिरफ्तार

एजेंसी

**हाथरस।** यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी गई। सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है। दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा (11 साल) की हत्या गला दबाकर की गई थी। छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मृतक के पिता कृष्ण कुमार की ओर से 23 सितंबर को सहपऊ थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए थाना सहपऊ पुलिस को निर्देश दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राम प्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल, जशोधन सिह उर्फ भगत, लक्ष्मण सिंह, और वीरपाल सिंह उर्फ वीरू शामिल हैं। सभी आरोपी अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, इस घटना की जड़ स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल के पिता जशोधन सिंह से है, जो तंत्र-मंत्र करता था। स्कूल प्रबंधक और उसके पिता ने बच्चे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका मानना था कि बच्चे की बलि देने के बाद उनका स्कूल और कामधंधा अच्छा चलने लगेगा। उन्होंने स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि यह एक भयानक और निंदनीय कृत्य है। सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस पूरे मामले में अब आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है, आगे की जांच जारी है। मृतक छात्र के परिजनों ने बीते दिनों एसपी कार्यालय का भी घेराव किया था। हाथरस एसपी से छात्र के परिजनों ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की थी। इस दौरान बड़ी संख्या महिलाएं भी मौजूद थीं।



> सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि यह एक भयानक और निंदनीय कृत्य है। सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोचीन में 600 क्रिश्चियन परिवारों की भूमि पर वक्फ बोर्ड का दावा

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा केरल इकाई के नेता अनूप एंटनी जोसेफ ने क्रिश्चियन परिवारों के स्वामित्व वाली भूमि पर वक्फ बोर्ड के दावे को साजिश बताते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा उन 600 परिवारों के साथ खड़ी है। जोसेफ ने कहा कि आज जब देश भर में वक्फ बिल पर चर्चा हो रही है, ऐसे में केरल में हो रहे अन्याय के बारे में देश के लोगों को जानना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, एनार्कुलम जिले के कोचीन में 600 के करीब क्रिश्चियन परिवार रहते हैं। ऐसे इस इलाके के जमीन को वक्फ के नाम पर हथियाने की बहुत बड़ी साजिश चल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि कोचीन के पास चराई नामक एक छोटे से गांव में ये 600 परिवार पीढ़ियों से रह रहे हैं।

## बिहार में पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि : नीतीश

**पटना।** बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में पर्यटकीय सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। इस कारण पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। विभिन्न पर्यटकीय संरचनाओं तथा आधुनिक सुविधायुक्त होटलों के निर्माण एवं विकास, परिवहन के साधनों के विकास, महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों पर रोपवे निर्माण की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सरंचनाओं के निर्माण एवं विकास के कारण तथा अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों और विदेशी पर्यटकों की संख्या में आशातीत वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023 में राज्य में लगभग 5.46 लाख विदेशी पर्यटकों ने भ्रमण किया था। जबकि, वर्ष 2024 के जुलाई माह तक कुल 2.67 लाख विदेशी पर्यटकों ने राज्य में भ्रमण किया है।

## वर्तमान में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की हालात ठीक नहीं

# मार्क्सवादी इतिहासकार नहीं मानते वैज्ञानिक सबूत : डॉ. के के मोहम्मद

एजेंसी

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन शुक्रवार को संवाद भवन में इतिहासविदों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए पद्मश्री डॉ.केके मोहम्मद ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एवं जेएनयू के मार्क्सवादी इतिहासकारों ने अयोध्या से उत्खनन में प्राप्त अध्ययन सामग्री को लेकर मिथ्या प्रचार किया है। वे न तो पुरातत्वविद हैं और न ही वह पुरातत्व सामग्री के वैज्ञानिक विश्लेषण को समझने में समर्थ हैं। अपने व्याख्यान में उन्होंने स्पष्ट किया कि अयोध्या से उत्खनन में मिली मूर्तियों व स्तम्भ वहां किसी हिंदू धार्मिक स्थल के मौजूद होने के पुख्ता प्रमाण देते हैं। अयोध्या से प्राप्त स्तंभ पर पूर्ण कलश अंकित है, जो कि हिन्दू धर्म में समृद्धि एवं वैभव का प्रतीक है। इसमें उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस्लाम में मूर्ति पूजा निषेध है।



### मथुरा व ज्ञानवापी हिंदुओं को उपहार के रूप में सौंप दें मुसलमान

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अयोध्या से प्राप्त कई हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां इस्लाम से कैसे संबंधित हो सकती हैं? उन्होंने अलीगढ़ के इतिहासकारों के प्रपंच एवं झूठ को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर उजागर किया। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि मुसलमानों को पाकिस्तान के रूप में एक अलग देश देने के बावजूद भी भारत एक सेक्युलर देश है,क्योंकि यह एक हिंदू बहुल देश है। मुसलमानों को यह चाहिए कि जो भी ऐतिहासिक विकास गुजरे हुए सदियों में हुआ, उससे एक सबक लेकर मथुरा और ज्ञानवापी मस्जिद के स्थान को हिंदुओं को खुद ही उपहार की तरह सौंप देना चाहिए और उनकी जो पवित्र इमारत है, उसे कहीं अन्य उपयुक्त स्थल पर स्थानांतरित करने के लिए मुसलमान लोगों को आगे आना चाहिए।

**वर्तमान में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की हालात ठीक नहीं :** अपने सुझाव के क्रम में उन्होंने अंत में कहा कि एक आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की वर्तमान हालात ठीक नहीं है। सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्खनन में प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों की रेप्लीका की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और पैकेजिंग की भी जरूरत है।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज को पाकिस्तान से आया जान से मारने की धमकी भरा कॉल



**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। गिरिराज के प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर के मोबाइल पर शुक्रवार को आई कॉल पर यह धमकी दी गयी है। इसे लेकर बेगूसराय में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। अमरेंद्र कुमार अमर ने शिकायती आवेदन में कहा है कि उनको पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह कॉल उनके मोबाइल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11:28 बजे आया। इसके बाद उन्होंने बेगूसराय के डीएम और एसपी से इसकी लिखित शिकायत की है। अमर ने कहा है कि पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मुझे गालियां दी गईं। साथ ही फोन करने वाले ने कहा कि तुम दोनों का हश्र बुरा होगा। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। इसमें गिरिराज सिंह को जान से मारने की बात कही गई है।

## विद्यालयों में बालिकाओं को 'सेनेटरी पैड' उपलब्ध कराएगी यूपी सरकार

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने अब परिषदीय विद्यालयों में बालिकाओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। यूपी के 535 विद्यालयों में पढ़ने वाली कुल 36,772 छात्राओं के लिए 110.316 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। यह धनराशि संबंधित विद्यालय प्रबंधन समितियों द्वारा खर्च की जाएगी। वर्ष 2024-25 में चयनित पीएमश्री योजना से लगभग 535 उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। ये सभी छात्राएं कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत हैं। बता दें कि इन विद्यालयों में पढ़ाई करने वाली अधिकांश छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। उन्हें सेनेटरी पैड और उसके उपयोग के बारे में कम जानकारी है। योगी सरकार का यह कदम बालिकाओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए एक ठोस पहल माना जा रहा है।

## बाहरा विवि रैगिंग मामले में हॉस्टल के वार्डन पर मामला दर्ज

**सोलन(हिमाचल प्रदेश)।** सोलन जिला के अंतर्गत निजी विश्विद्यालय में एक प्रथम वर्ष के छात्र के साथ सीनियर छात्रों द्वारा मारपीट व से रैगिंग मामले में पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया था । इस मामले में जांच के दौरान पाया गया कि हॉस्टल में अनुशासन बनाये रखने के लिए गाईडलाईन निर्धारित की गई हैं। लेकिन बाहरा विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा था जिसमें हॉस्टल के वार्डन की जिम्मेवारियां शामिल हैं। इस संदर्भ में हॉस्टल वार्डन पूर्ण चंद द्वारा लापरवाही बरतने के परिणामस्वरूप बाहरा विवि में यह जघन्य घटना घटित हुई । जांच के दौरान पाया गया है कि वारदात वाले दिन हास्टल नंबर एक में जहां रैगिंग की घटना हुई थी वहां हॉस्टल वार्डन पूर्ण चंद की ड्यूटी थी।

# चौकीदार नियुक्ति आज से, डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** चौकीदार नियुक्ति शारीरिक दक्षता परीक्षा आज एवं रविवार को संट मेरिज स्कूल सामटोली के खेल मैदान में आयोजित की गई है जिसके मद्देनजर शुक्रवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने मैदान का निरीक्षण किया इस दौरान उपायुक्त ने चौकीदार नियुक्ति से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सफल संचालन सुनिश्चित कराने हेतु पदाधिकारियों निर्देश दिया। उन्होंने ने शारीरिक दक्षता परीक्षा, लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ दौड़ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा, प्रमाण पत्रों की जांच, सहित सभी प्रक्रियाओं का वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराने का निर्देश दिये, उन्होंने ने जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन करने की बात कहीं। अभ्यर्थियों के लिए जगह-जगह पर पानी सहित अन्य व्यवस्था सुविधाओं का उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन को एंबुलेंस व्यवस्था सहित चिकित्सीय दल प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सभी विधि-व्यवस्था का समय पर सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## भाजपा नेता सुजान मुंडा ने बिजली विभाग के अभियंता से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भाजपा नेता सुजान मुंडा ने शुक्रवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजली से संबंधित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कोलेबिरा प्रखंड से बोरोसलोया बेलोटोली में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर,बांसजोर प्रखंड के कुरकुरा गांझूटोली में 25 केवीए ,रोवगा में 25 केवीए, पंडरीपानी प्रधान टोली में 25 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सिमडेगा से मिलकर उक्त गांव में जल्द ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है ।कार्यपालक अभियंता ने दो तीन के अंदर ट्रांसफार्मर देने का भरोसा दिया है जो विगत 6 महीना से ट्रांसफार्मर खराब है ।उसके बाद प्रखंड टुकुपानी डिपाटोली की महिलाओं ने भाजपा नेता सुजान मुंडा से मिलकर बिजली बिल माफी हेतु कार्यपालक अभियंता से मिले और बिल माफी हेतु पहल करने की बात कही।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा में दुर्गा पूजा समिति की बैठक 30 को

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला दुर्गा पूजा समिति की आवश्यक बैठक आगामी 30 सितंबर दिन सोमवार को दिन के 11:00 बजे शहर के आनंद भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने बताया कि सिमडेगा जिले में दुर्गा पूजा को भव्यता देने के उद्देश्य से जिले के सभी 10 प्रखंड एवं सिमडेगा शहर एवं सिमडेगा शहर के ग्रामीण क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों के समिति के पदाधिकारी के साथ बैठक किया जाएगा। उक्त बैठक में दुर्गा पूजा के सफल संचालन विधि व्यवस्था एवं पंडालों में होने वाली समस्याओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी उन्होंने कहा है कि उक्त बैठक में पूजा समिति के सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ,ताकि दुर्गा पूजा 2024 में धूमधाम के साथ मनाया जा सके। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विकास साहू के द्वारा दी गई।

### लीड्स संस्था के सहयोग से स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने पर बनी रणनीति



**जलडेगा।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटुबदा में विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करना था। बैठक में वर्तमान में कार्यरत विद्यालय प्रबंधन समिति को भंग कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए पहले पुरानी समिति को औपचारिक रूप से भंग किया गया फिर नई समिति बनाने का निर्णय लिया गया कि नई समिति में ऐसे सदस्यों का चयन किया जाएगा, जो विद्यालय के विकास और बच्चों की शिक्षा को एक नई दिशा निर्देश देने में सक्षम हों। वहीं लीड्स संस्था और ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय को मॉडल बनाने की रणनीति भी बनाई गई। जिसके बाद सर्व सहमति से नए अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र मांझी, उपाध्यक्ष जोसलीन तोपनो को चुना गया। वहीं सरस्वती वाहिनी समिति के अध्यक्ष सुमाती देवी उपाध्यक्ष एमिलदा को चुना गया मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, पर्यवेक्षक के रूप में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सावनाजारा के प्रधानाध्यापक बुद्धदेव सिंह, लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिझिया के अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने झारखंड रत्न से सम्मानित सत्यव्रत ठाकुर को किया सम्मानित



**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा सिमडेगा पार्वती शर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य सह चक्रीय विकास संस्थान के संयोजक सत्यव्रत ठाकुर को लोकसेवा एनजीओ द्वारा झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया ।श्री बेसरा ने कहा कि नागपुरी नृत्य एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान से जिले का नाम रोशन किया है ।आप भविष्य में भी ऐसे उल्लेखनीय कार्य करते हुए देश प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना करते हैं। मौके पर दुर्गविजय सिंहदेव अनुप केसरी, दीप नारायण दास, सुदर्शन सिंह, कृष्णा राय कोटवार इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता ने भी सम्मानित किया एवं उनके लिए मंगल कामना किया।

### सिमडेगा में स्वच्छता ही सेवा के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन




**सिमडेगा।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साईकिल रैली, सीटीयू के तहत विसर्जन तालाब की साफ-सफाई एवं वृद्धा आश्रम की सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। कार्यक्रम में मुख्य से प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा द्वारा अभियान की शुरूआत की गई। सफाई अभियान में आकाश डेविड सिंह एवं निशांत जोशी तिर्की नगर प्रबंधक, एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी सत्यजीत कुमार, एनसीसी कैडेट , सफाई मित्र एवं अन्य कर्मी सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य लोगों के बीच स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ पर ध्यान देंगे एवं आस-पास के वार्तावरण को स्वच्छ रखने तथा अन्य स्थानों पर स्वच्छ बनाये रखेंगे। मौके पर एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर ने बताया कि देशभर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चल रहा है जिसके तहत अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई रखनी है और इसका एकमात्र उद्देश्य है कि अगर हम अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखेंगे तो हमारा समाज एवं हमारा परिसर साफ सुथरा रहेगा।

### खेत में बने डोभा में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

**केरसई।** थाना क्षेत्र के किनकेल चौराटांड गांव में खेत में बने डोबा में डूबने से गांव के सुनील खाखा नामक व्यक्ति की मौत हो गई ।मामले की जानकारी परिजनों को हुई जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दिया मौके पर सूचना मिलने के साथ ही पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया ।जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुनील मिर्गी बीमारी का मरीज था और वह खेत की ओर अपनी फसल देखने गया था लौट रहा था इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा आने से पास के डोभा में जा गिरा। आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से उसकी मौत हो गई ।इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# दुर्गा पूजा को ले खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** सिविल सर्जन सिमडेगा के निर्देशानुसार दुर्गा पूजा के निमित खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा अपूर्वा मिज के द्वारा कोलेबिरा प्रखण्ड में विभिन्न होटलो/रेस्टोरेंटो/ स्ट्रीट बेडरों के खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक छापामारी किया गया ।साथ ही विभिन्न होटलो से मिठाईयों का नमूना संग्रहित कर खाद्य जाँच प्रयोगशाला भेज दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 20 के तहत स्कूल परिधी के 100 मी० के दायरे में तम्बाकू निषेधाज्ञा लागू करने को लेकर खाद्य कारोबारियों से प्राप्त तम्बाकू उत्पाद पाये जाने पर उक्त उल्लंघनकर्त्ता से मौके पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। साथ ही सभी होटलों में तम्बाकू निषेधाज्ञा का साईनेज बोर्ड अधिष्ठापित करने को लेकर होटल कारोबारियों को तम्बाकू निषेधाज्ञा साईनेज बोर्ड निशुल्क प्रदान किया गया। साथ ही खाद्य कारोबारियों से निदेश दिया गया है कि आगामी त्योहार को देखते हुए सिमडेगा जिला के खाद्य व्यवसायवेता एवं मिठाई कारोबारी अपने प्रतिष्ठान में ऐसी किसी भी अवमानक खाद्य सामग्रियों का उपभोग न कराये जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़े। साथ ही मिठाईयों के सामने विनिर्माण तिथि, एक्सपायरी तिथि अंकित कर मिठाईयों की बिक्री करने का अनुरोध किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा हिदायत दी गई है कि यदि किसी प्रकार से आमजनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया गया तो उनके उपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापामारी टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के साथ राहुल कुमार एवं थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह मौजूद थे।

### तारावोगा, दुमकी, कोरोमिया का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता का सम्मेलन

# भाजपा और झापा का सफाया करने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता तैयार : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कुरुमडेगी मोड़ पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का ताराबोगा, दुमकी ,कोरोमीया पंचायत का बूथ स्तर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन किया गया ।मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी एवं जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की उपस्थित हुए। विधायक ने बुथस्तर कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य से झापा और भाजपा का सफाया करने के लिए कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है ।जनता भी वोटिंग का इंतजार कर रही है। इस चुनाव में भी झापा और भाजपा की छुट्टी होना तय है ।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र का दौरा तेज करें। अब समय बहुत कम है ।अपने अपने क्षेत्र के हर कार्यकर्ता से संपर्क करें। पार्टी की नीति सिद्धांतों की जानकारी दें। भाजपा और झापा जिनका गठबंधन 2005 से शुरू हुआ अभी भी अदृश्य गठबंधन चल रहा है ।दोनों मिलकर आदिवासी समाज और मूलवासी के विरुद्ध कई षड्यंत्र रच रहे हैं ।आदिवासी और ईसाई के बीच द्वेष फैलाने की कोशिश की जा रही है ।अभी इस चुनाव में आपको बरगलाने के लिए वे आएंगे ।तरह तरह के लोक लुभावन वादे करेंगे ।लेकिन इस समय के वादों के समय उनके द्वारा किए गए समाज और धर्म विरोधी गतिविधियों को याद रखना है। जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा विधानसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इंडिया गठबंधन के साथ एकजूट नहीं हुए तो देश में उद्योगपतियों एवं पुंजीपतियों का बोलबाला होगा गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के साथ जुल्म बढ़ेगा और देश में तानाशाह शाषण चलाए जाएंगे।

# 'मन की बात' सामूहिक रूप से जनता के बीच सुनना है : जिलाध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर बाँसजोर में मंडल अध्यक्ष विशाल नायक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पूरी तथा जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव मंडल की बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने रविवार 29 सितंबर, 2024 को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेगें। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 114वीं कड़ी होगी। बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आयोजन के लिए हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को अपनी-अपनी जिम्मेदारी तय मानकर मन की बात कार्यक्रम जनता के बीच सुनना है ।बैठक में जिला महामंत्री दीपक पूरी ने कहा कि मंडल के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का सफल आयोजन करें। क्षेत्र में कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करें। आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता 2024 के चुनाव का लक्ष्य बनाकर तैयारी करें। भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनावों के लिए बूथों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पन्ना प्रमुख का अहम रोल है। पन्ना मतलब पेज यानी वोटर लिस्ट का एक पेज, जिसके लिए बीजेपी पन्ना प्रमुख बनाती है। हर बूथ के वोटर लिस्ट के हर पेज के लिए भाजपा का एक कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख होता है। एक पन्ने में करीब 30 वोटर्स के नाम होते हैं। पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी अपने पन्ने में दर्ज वोटर्स से संपर्क करने की होती है। एक-एक वोटर का मिलान पन्ना प्रमुख आवश्य कर ले। जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को लेकर बूथ स्तर पर जनमानस के साथ सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करें। विधानसभा चुनाव के निमित्त प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निर्वाहन करें। बाँसजोर मंडल के सभी वोटर लिस्ट का अक्षरशः मिलान कर लें। संगठन को धारदार बनाने पर जोर दिया गया ।बैठक में बाँसजोर मंडल प्रभारी नरेंद्र बड़ाईक, मंडल महामंत्री रामचंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल सिंह, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष निशा बड़ाईक, बूथ अध्यक्ष जागेश्वर साहू, गीता बड़ाईक, वेद प्रकाश सिंह बिंझिया, वेशाखू मांझी, इंदर महतो, रामु मांझी, बजेन्द्र महतो, हरिश्चन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने पीडीएस दुकान का किया अचौक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार के ने ओड़गा स्थित मोहम्मद कमरुद्दीन खान जन वितरण प्रणाली दुकान, (लाइसेंस नंबर 24/98) का औचक निरीक्षण कर कई निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कार्डधारियों की काफी भीड़ थी कार्डधारी उपस्थित मंगरी बिझिंया, दयामणि जोजो, सुमंती बंडिंग आदि कार्डधारियों से पूछताछ किया गया और वितरण संबंधी जानकारी लिया गया। सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के वितरण से संतुष्ट दिखे और कार्ड में सदस्यों के अनुरूप उचित मात्रा में राशन का वितरण किया जा रहा था। राशन के साथ दाल का वितरण नहीं किए जाने पर दुकानदार से पूछने पर बताया गया कि डीएसडी के द्वारा दाल उनके दुकान पर भेजा नहीं गया है पुनः डीएसडी संचालक को फोन कर अविलंब चना दाल भेजने का निर्देश दिया गया ।साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानदार को निर्देश दिया गया कि सभी कार्डधारी से अच्छे से व्यवहार करें, दुकान की बाहर स्टॉक की स्थिति अंकित करें और उचित मात्रा में कार्ड धारी को राशन का वितरण करें।

### झाड़-फूंक की वजह से सर्पदंश से पीड़ित की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत समसेरा करमटोली गांव में जहरीले सांप के काटने से 60 वर्षीय वीरेंद्र मांझी नामक व्यक्ति की सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार करीब देर रात 12:00 बजे उसे जहरीले सांप ने काटा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब जाकर उसे झाड़ फूंक के लिए वैध के पास ले गए काफी देर तक झाड़फूंक चला जब किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। तब उसे सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर लाने के साथ ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को छह माह बाद भी नही मिली मजदूरी

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** प्रखंड के विलियम चौक से बांसजोर तक सड़क निर्माण कार्यों में मजदूरी करने वाले कई मजदूरों को मजदूरी का भुगतान अबतक नहीं किया गया है इसको लेकर शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सह कांग्रेस एसटी मोर्चा जलडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग लुगुन ने उपायुक्त से मुलाकात की। अनुराग लुगुन ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है और 6 माह बितने के बाद भी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है जिससे ग्रामीण मजदूरों को अपने घर परिवार चलाने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। लुगुन ने यह आरोप भी लगाया कि सड़क निर्माण कार्यों में लगे मुंसी एवं ठेकेदारों का व्यवहार ग्रामीणों के प्रति ठीक नहीं है जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। लुगुन ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है। मौके पर शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा जलडेगा के अध्यक्ष सह कांग्रेस एसटी मोर्चा जलडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग लुगुन, कोलेबिरा विधानसभा जिला विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो उपस्थित थे।

# ट्रांसफार्मर को नहीं बदलना ग्रामीणों को सुविधा से वंचित करने जैसा है



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले सभी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने विभाग के ईई मनीष चंद्र पूर्ति से मुलाकात की। मौके पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र के वर्षो से सभी खराब पड़े ट्रांसफार्मर का अविलंब बदलने की बात कही। उन्होंने कहा कि टीआरडब्ल्यू में वर्षो से खराब ट्रांसफार्मर पड़े हुए हैं, लेकिन उसे बनाया नहीं जा रहा है। इससे ग्रामीणों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारी से कहा कि बिजली ग्रामीण की मूलभूत सुविधा का हिस्सा है, और किसी को भी मुलभुत सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ग्रामीणों की आवाज बनना चाहता हूं ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कोई भी करें लेकिन ग्रामीणों को बिजली मिलनी चाहिए, सैकड़ो ग्रामीण प्रतिदिन मेरे आवास पहुंचते हैं खराब ट्रांसफार्मर की समस्या को लेकर। मौके पर पूर्व मंत्री ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूची भी उपलब्ध कराई।

# नवचयनित पारा विधिक स्वयं सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नव चयनित पारा विधिक स्वयं सेवकों के लिए व्यवहार न्यायालय में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। पांच दिनों तक चले कार्यशाला में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम मनीष कुमार सिंह,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,एसडीजेएम सुम्मी बीना होरो,जज इंचार्ज सुभाष बाड़ा आदि मौजूद थीं। प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन के मौके पर प्रधान जिला जज ने कहा कि आपके कंधों पर एक बड़ी जिम्मेवारी है। पांच दिनों तक चले कार्यशाला में जो जानकारी आपलोगों ने हासिल की है। उसका समुचित लाभ ग्रामीणों को देने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि पीएलवी क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं को जानें और प्राधिकार के जरिए उसका समाधान की कोशिश करें। सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। जिम्मेवारी है। साथ ही कानूनी जानकारी के बारे लोगों को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए विधिक स्वयं सेवक लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। पीडीजे श्री सिन्हा ने कहा कि पांच दिनों तक चले प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न कानूनी और योजनाओं की जानकारी दिलाने का काम किया गया है। लोगों को विधिक अधिकार और संविधान की जानकारी देनी है। इससे पूर्व प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि 35 पीएलवी की नियुक्ति की गई है और उन्हें झालसा के निर्देशानुसार पांच दिनों का प्रशिक्षण दिया गया।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने किया ज़िले भर में टॉप

**सिमडेगा :** झारखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा आयोजित ए एन एम की परीक्षा में मदर टेरेसा कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा रानी देवगम एवं बिनीता कुमारी ने जिले में टापर किया है एएनएम द्वितीय बर्ष की परीक्षा में हेमलता मूर्मू ग्लोरी भुईंया एवं अंजली भारती ने टॉप किया है तथा जीएनएम की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान सुजिता उरांव तथा द्वितीय स्थान नीलू कुमारी ने किया है संस्थान की सभी छात्राओं ने सर्वोत्कृष्ट अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा एवं ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सुरीन जीएनएम की प्राचार्य एरेन बेक ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मंगलमयी शुभकामनाएं दी है।

# कोलेबिरा विधायक ने एकलव्य मॉडल विद्यालय का किया भूमि पूजन



नवीन मेल संवाददाता

**बोलवा।** प्रखण्ड में शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया जिसमें विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए ।विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के अनेकों योजनाएं देकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा क्षेत्र के आमजनों को मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार अनेकों प्रकार की योजना लाकर लाभान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान बोलवा प्रखण्ड में चार सड़कों का शिलान्यास शिलापट्ट को लगाने का कार्य किए जिसमें समसेरा सड़क, पिड़ियापोंष मोड़ से अवगा बाजार तक,अवगा से कुन्दुरमुण्डा तक एवं दनगद्दी सड़क में शिलापट्ट लगाया गया ।साथ ही साथ लेटाबेरा में एकलव्य विद्यालय के लिए भूमि पूजन किए ।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, बीससूत्री अध्यक्ष संजय कुजुर, सचिव जमीर अहमद, ज्वलंत बेक, बिपिन पंकज मिंज, अशफाक आलम , मोहम्मद वाहिद, मोहम्मद कारु, मोहम्मद राजा, अरशद अफरीदी, अमृत मिंज, आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अब एक ही परिसर में रहेंगे बीडीओ सीओ व कर्मी

**चाईबासा।** झींकपानी प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षक स्तर, तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के रहने का आवास बनकर तैयार हो गया. शुक्रवार को परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर इसका उद्घाटन किया. मंत्री ने कहा कि अब आवास का निर्माण हो जाने से पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य कर्मियों को एक ही परिसर में रहने की सुविधा उपलब्ध होगी. हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में आम जनता के साथ पदाधिकारी एवं कर्मियों का भी ख्याल रखती है. झारखंड के सभी प्रखंड में बीडीओ सह सीओ एवं अन्य कर्मियों का आवास काफी पूर्व ही जर्जर हो चुका था.

### जनप्रतिनिधि नहीं दिला पा रहे वनपट्टा : महेन्द्र

**चाईबासा।** मनोहरपुर विधानसभा के अंश भाग जो बंदगांव प्रखंड के चम्पाबा पंचायत में पड़ता है, उस भाग का एक दिवसीय दौरा झारखंड पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेन्द्र जामुदा ने समाजसेवी रमेश लुगुन के साथ किया. इस दौरान वनग्राम अडिपिड़ी के मुंडा दशरत पूर्ति की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें ग्रामीण राजेश नाग ने कहा कि गांव से गुजरने वाली महत्वपूर्ण सड़क 25-30 किलोमीटर तक खराब है. यह सड़क गुदड़ी प्रखंड के पंचायत बिरकेल के ग्राम गुडीदिरी से होकर चकोम टोनगं से चम्पाबा हेसाडीह बंदगांव प्रखंड में निकलता है. इस सड़क के बन जाने से लोगों को प्रखंड कार्यालय, जिला मुख्यालय, स्कूल एवं स्वास्थ्य केंद्र आने जाने में सुविधा होगी. महेन्द्र जामुदा ने कहा कि आप लोग यहां 45 वर्ष से भी ज्यादा वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि अभी तक आप लोगों को वनपट्टा भी नहीं दिला पा रहे हैं।

अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने महिलाओं के साथ की बैठक

# ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, त्वरित निष्पादन करने का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने कटकमदाग के ग्राम खपरियाँवा चौक में महिलाओं के साथ बैठक किया। जहां पहुंचकर महिला समूह, तथा ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना और सभी के साथ सामंजस्य बनाकर उपरोक्त समस्याओं का त्वरित समाधान करने का विश्वास दिलाया। लोगों ने बताया कि उनके बीच अबुआ आवास योजना, रोजगार, बिजली, स्वच्छ पेयजल का समस्या है। उक्त समस्याओं का अगर निवारण हो जाए तो उनका जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। अनुप्रिया ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए अनुप्रिया फाउंडेशन से जुड़ने की सलाह दी और बताया कि जितनी अधिक संख्या में लोग फाउंडेशन से जुड़ेंगे, उतने ही तेजी से समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। क्षेत्र की जनता को रोजगार से जोड़ना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक अनुदान दिलाना, बिजली एवं सड़कों की उत्तम व्यवस्था आदि हमारे फाउंडेशन की प्राथमिकता में है। अनुप्रिया फाउंडेशन के भावना में हजारीबाग के प्रति गहरा प्रेम, अटूट आस्था एवं हजारीबाग की हालात बदलने का जज्बा है। आपका साथ और विश्वास अनुप्रिया फाउंडेशन के माध्यम से हजारीबाग की तस्वीर बदल सकती है। अनुप्रिया फाउंडेशन के होते हुए अब हजारीबाग को हार मानने की जरूरत नहीं बल्कि हर हालत से लड़ने के लिए खुद को तैयार रखना है। ग्रामीणों ने भी अनुप्रिया का गर्म जोशी से स्वागत व अभिनंदन किया और उनके नेक विचार और सफल प्रयासों के लिए खूब सराहा। मौके पर गीता देवी, पिंकी देवी, कविता देवी, बेबी देवी, प्रमिला देवी, उषा देवी, रेखा कुमारी, अनीता देवी, क्रांति कुमारी, रीना देवी, रीता देवी आदि कई लोग शामिल थे।

# एसीबी टीम के हत्थे चढ़ा बरही वन विभाग का एक कर्मी, गिरफ्तार



**नवीनं मेल संवाददाता। बरही**

एंटी करप्रशन ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने बरही चौक से बरही वन विभाग के एक कर्मी को 15,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. यह कारवाई आवेदक प्रकाश कुमार चौधरी के आवेदन के आधार पर की गई थी. पुलिस अधिक्षक एसीबी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बरही वन परिसर पदाधिकारी अमर आनंद सरस्वती ने आवेदक श्री चौधरी के खिलाफ 63/24 झूठा केस दर्ज कर मामले को रफा दफा करने के लिए 15,000 रुपये रिश्वत मांगी थी. जिसकी शिकायत आवेदक ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज कराई थी. आवेदनकर्ता के शिकायत की पुष्टि के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मामला दर्ज कर लिया और ट्रैप टीम ने बरही चौक पर कार्रवाई की. इस दौरान वनकर्मी बासुदेव भक्त मालाकार को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. साथ ही मुख्य अभियुक्त श्री सरस्वती के खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है. पुलिस अधीक्षक एसीबी के अनुसार मामले की आगे जांच की जा रही है. हालांकि इस संबंध में आरोपी श्री सरस्वती का मोबाईल स्विच ऑफ होने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका है. वही रेंजर कमलेश सिंह से भी फोन रिसीव नहीं किया हालांकि विभाग के एक कर्मी ने बात की मामले की पुष्टि किया है.

### जेएलकेएम पार्टी की बैठक में कमेटी का हुआ विस्तार

**चक्रधरपुर।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की प्रमंडलीय व जिला स्तरीय बैठक बुधवार को चक्रधरपुर के वन विश्रामागार में हुई.इस दौरान पार्टी को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई.साथ ही जिला कमेटी का विस्तार भी किया गया.जहां झारखंड आंदोलनकारी के दिनेश महतो को जिला उपाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया. साथ ही पार्टी की महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ममता महतो को चुना गया.वहीं जाबिर अली,कोकिल महतो,प्रेमचंद मुंडारी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.इस दौरान जिला अध्यक्ष करण महतो ने सभी को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र / सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **BCD/EE/ HAZARIBAG/ 26 / 2024-25** ,**PR** संख्या– 336527 **(Building)24-25 (D)**द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 337387 (Building)24-25*D


भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची रामगढ़, हुआ सभा का आयोजन

# परिवर्तन यात्रा भ्रष्टाचार मिटाने व महिला के सम्मान की सुरक्षा के लिए है : मंत्री




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

प्रदेश स्तर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई 'परिवर्तन यात्रा' 27 सितम्बर को रामगढ़ जिले से अपनी यात्रा का शुभारंभ पतरातु लेक रिसोर्ट सें सुबह 9:00 शुरू होते हुए गोला, चितरपुर के विभिन्न मंडलों में सड़क मार्ग से यात्रा तय करते सभी सभाओं को पूर्ण कर संध्या 6:00 बजे रामगढ़ छावनी फुटबाल मैदान पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने तथा संचालन पूर्व जिला महामंत्री रंजीत पांडेय ने किया । सभा में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम प्रमण्डलीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय उपस्थित थे।

### राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल

सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य में सत्ता परिवर्तन क्यों जरूरी है पर बोलते हुए कहा राज्य में परिवर्तन महिला के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए,युवाओं के भविष्य के लिए, अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए, बिजली, पानी,सड़क सहित बुनियादी सुविधाएं के लिए जरूरी है। कहा की झारखंड पहला राज्य है जहां ट्रांसफार्मर कस उदघाटन उद्घघाटन भी एमएलए करते हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था बहाल के करने के लिए, बालू, खनन माफिया से छुटकारा के लिए राज्य में परिवर्तन जरूरी है । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के वक्तव्य पर तंज कसते हुए कहा कि वे झारखण्ड में बदलते डेमोग्राफी को नहीं मानते हैं और कहते हैं कि बदलते डेमोग्राफी को देखना है तो बंगाल में जा कर देखे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा की राहुल गांधी ने सनातन धर्म को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन जब तक नरेन्द्र मोदी हैं तब तक सनातनी धर्म को कोई नष्ट नहीं कर सकता। श्री सेठ ने मोदी सरकार की उपलब्धि के साथ परिवाहन मंत्री नितिन गडकरी के काम का भी उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही हेमन्त सरकार पुनः जनता को ठगने वाली योजना की लालीपोप थमा रही है। संजय सेठ ने मोदी के नए भारत के गौरवान्वित पल को सबके सामने रखा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 31/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 08-10-2024 को अप० 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 09-10-2024 के अप० 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 09-10-2024 के अप० 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय।<br>(ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल,सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| SI. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 4 Nos Garage for Judicial Officers Van in Civil Court, Simdega. | 14,89,500.00 | 29,800.00 | 2,500.00 | 05 (Five) Months |
| 2 | Construction of Common Toilet With Wash Room for Male LD. Advocates in Civil Court, Simdega. | 7,57,700.00 | 15,200.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 337407 Simdega(24-25).D


मानदेय को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर जांच में जुटी टीम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला गैडा के सहायक अध्यापक द्वारा मानदेय बकाया को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार चार बीईईओ नागेश्वर सिंह चुरूचू, राकेश कुमार चौपारण, जवाहर प्रसाद बड़कागांव , किशोर कुमार बरकट्ठा और डाटा ऑपरेटर के द्वारा विद्यालय में जांच किया जा रहा है। विदित हो यूपीएस हरिजन टोला के पूर्व सहायक अध्यापक अनंत कुमार पांडेय जिसने माह अगस्त 2010 से मई 2016 तक का बकाया मानदेय भुगतान हेतु उच्च न्यायालय झारखंड में दायर याचिका डब्ल्यू पी (एस) नंबर 1771/2018 में राशि की मांग किया गया। उक्त मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार चारों बीईईओ स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि श्यामा प्रसाद , पूर्व मुखिया मति बसंती देवी, वर्तमान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और अन्य विद्यालय कर्मी और ग्रामीणों के समक्ष जांच किया जा रहा है। जांच टीम का नेतृत्व नागेश्वर सिंह बीईईओ चुरचू के द्वारा किया जा रहा है।

गावां प्रखंड में अबुआ आवास को लेकर बैठक का आयोजन

# जिले के लिए 2807 आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह**

गावां प्रखंड सह अंचल कार्यक्रम के सभागार में शुक्रवार को अबुआ आवास को ले बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ महेंद्र रविदास ने की। इसमें मुख्य रूप से सीएफी जिला समन्वयक विद्या सागर उपस्थित थे। बैठक में अधूरा पड़े आवास में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ अबुआ आवास के लिए 2024-25 के लिए 2807 आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तय किया गया है कि 30 सितंबर तक निबंधन, स्वीकृति आदि प्रदान करते हुए प्रथम किश्त को रिलीज करने का निर्देश दिया गया। जिला समन्वयक विद्या सागर ने कहा कि आवास निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में मुखिया और पंचायत सचिव आदि योग्य लाभुकों के चयन पर विशेष ध्यान दें। मुखिया के स्थान पर पति ले रहे थे बैठक में हिस्सा : बैठक में पिहरा मुखिया के स्थान पर उसके पति शब्दर अली, खरसान मुखिया के स्थान पर उसके पति मकसूद आलम समेत कई पंचायतों के मुखिया के अलावा उनके पति भी बैठक में हिस्सा ले रहे थे, जो काफी चर्चा का विषय बना रहा है। हालांकि इस बैठक में जिला समन्वयक को जरा सी भी इसका भनक नहीं लगा। जिस कारण कई मुखिया पति बैठक में हिस्सा ले रहे थे। मौके पर मुखिया कन्हाय राम, अमित कुमार, मुन्नी देवी, रूपाश्री सिंह, मो मिराजुद्दीन आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति 02/2023–24 (4th call)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short Term Tender Notice)**

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् में Establishment of 100 kg per day Capacity Waste paper/waste cloths Recycling plant and production of value added products from recycled paper/old,used, torn, Damaged clothes हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, एक (01) वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव (Operation & Maintanance) हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / निजी कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 05/10/2024 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बिड को प्रस्तावकों / प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 07/10/2024 के 04:00 बजे अपराहन निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बिड के सफल प्रस्तावकों द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना का PPT (Power Point Presentation) प्रस्तुति के पश्चात वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6207805284 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 337368 Urban Development(24-25).D


आरोप-प्रति आरोप को लेकर बीडीओ और महिला ने थाने में की शिकायत

# बीडीओ ने रिश्वत देने का तो महिला ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड के बीडीओ और एक दलित महिला ने शुक्रवार को एक दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगाकर तिसरी थाने में लिखित शिकायत की है. बीडीओ ने महिला पर अपने दफ्तर में आकर रिश्वत देने का आरोप लगाया है जबकि महिला ने बीडीओ पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है. इस संबंध में महिला रेखा देवी ने कहा कि उन्होंने अबुआ आवास के लिए आवेदन किया था. लेकिन डॉक्यूमेंट में उन्हें एससी के बजाय ओबीसी कैटेगरी में डाल दिया गया है. जिसको लेकर वे कई दिनों से भटक रही हैं. शुक्रवार को इसको लेकर वे तिसरी प्रखंड कार्यालय पहुंची.वहां उन्होंने एक साहब से 100 रुपय लेके उनके कागजात में सुधार करने की बात कही. जिसपर बीडीओ भड़क उठे और उन्होंने महिला को जमकर

### पूर्व विधायक राजकुमार यादव पहुंचे थाना



वहीं इस मामले को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, मंटू शर्मा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, उपेंद्र साव,राजकुमार शर्मा, अशोक सिंह, नरेश यादव, प्रेम अग्रवाल, विकाश गुप्ता समेत कई गणमान्य थाना पहुंचे. सभी लोगों में इसको लेकर बीडीओ के विरुद्ध आक्रोश दिखा. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने इस मामले में बीडीओ की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है. जानकारी के अभाव में बीडीओ के दफ्तर में गई दलित महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया. इस मामले में उन्होंने उपायुक्त से टीम गठित कर मामले के निष्पक्ष जांच और तिसरी के बीडीओ को यहां से हटाने की मांग की. वहीं संबंध में बीडीओ मनीष कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया.

# 3 माह में टूट गई सांसद मद से बनी छठघाट की सीढ़ी



**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड के पिहरा पूर्वी पंचायत के गांधी मैदान के पास नदी में छठघाट में बनाया गया सीढ़ी महज 3 माह में ही धराशायी हो गया। उक्त सीढ़ी का निर्माण लगभग 3 माह पूर्व सांसद मद से एनआरपी के द्वारा लगभग ढाई लाख से अधिक रुपये की लागत से करवाया गया था। लंबे समय से ग्रामीणों की मांग के बाद उक्त स्थल पर सीढ़ी का निर्माण हुआ था। कार्य के समय भी ग्रामीणों ने घटिया कार्य करने का आरोप लगाया था। बावजूद जैसे तैसे कार्य करके वहां सांसद का बोर्ड लगा दिया गया। अभी छठ पूजा आने में एक माह से अधिक समय शेष है, जबकि सीढ़ी बीच में ही धराशायी हो गया। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सीढ़ी को अविलंब दुरुस्त करवाने की मांग की है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची**

**प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/16/2024-25**
**दिनांक– 26.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | 30.09.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 05.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 5 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.10.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 6 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉची–02। |
| 7 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 8 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-1 (Ranchi, Khunti, Hazaribagh, Ramgarh, Chaibasa, Saraikela, Jamshedpur and Koderma) Water Testing laboratories of Jharkhand. | 3,78,000/- | 10,000/- |
| 2 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-2 (Garhwa, Medinagar, Chatra, Latehar, Lohardaga, Gumla, and Simdega) Water Testing laboratories of Jharkhand. | 3,14,000/- | 10,000/- |
| 3 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-3 (Sahebgung, Godda, Pakur, Dumka, Jamtara, Deoghar, Giridih, Dhanbad and Bokaro) Water Testing labora tories of Jharkhand. | 3,32,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची

PR 337329 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## क्या बारबाडोस के बाद यूएई में भी इतिहास रचेगी टीम इंडिया?



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह साल अब तक शानदार रहा है। एक तरफ रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर भारत का परचम बुलंद किया और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम यूएई में तिरंगे की शान बढ़ाने पहुंच चुकी है। भारत की महिला टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। क्रिकेट फैंस को टूनार्मेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी। ये टीम इस खिताब से पिछली बार बेहद करीब से चूक गई थी, लेकिन उस वक्त कहीं न कहीं नॉकआउट मुकाबले का दबाव टीम इंडिया पर हावी हो गया था। मगर, इस बार यह टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

## खुद पर विश्वास रखें, अपने सपनों का पीछा करें : नितेश कुमार



**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पैरा-शटलर नितेश कुमार, जिन्होंने विजाग में नेवी चिल्ड्रेंस स्कूल से पढ़ाई की है, ने स्कूल को धन्यवाद दिया है और उन्हें श्रेय दिया है क्योंकि उन्होंने उनके सबसे कठिन समय के दौरान उनका हौसला बढ़ाया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने हाल ही में 2024 पेरिस पैरालंपिक में पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता है। यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है और मेरा मानना है कि एनसीएस परिवार मेरे सबसे कठिन समय के दौरान मेरा हौसला बढ़ाने के लिए सफलता में भागीदार हो सकता है। नितेश ने कहा, मैं अपनी दुर्घटना के बाद स्कूल में शामिल हुआ और मैं यह नहीं बता सकता कि सभी ने कितना सहयोग किया, खासकर मेरे प्रिंसिपल और केमिस्ट्री टीचर ने। उस समय मैं खेलों में दिलचस्पी नहीं रखता था, लेकिन मुझे अपने स्कूल के दिनों में अविश्वसनीय खेल संस्कृति याद है।

## दृष्टिबाधितों के विश्व जूनियर और महिला शतरंज स्पर्धा की मेजबानी करेगा भारत

**बेंगलुरु।** अखिल भारतीय दृष्टिबाधित शतरंज महासंघ (एआईसीएफबी) 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चांसरी पैवेलियन होटल में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए आईबीसीए विश्व जूनियर और विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप के 12वें संस्करण की मेजबानी करने जा रहा है। यह पहली बार है कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए विश्व जूनियर और महिला शतरंज चैंपियनशिप यूरोप के बाहर आयोजित की जा रही है और भारत को इस आयोजन की मेजबानी करने वाला पहला एशियाई देश चुना गया है। इस आयोजन में पूर्व विश्व चैंपियन, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स और फिडे-रेटेड खिलाड़ी इस आयोजन में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस रोमांचक टूनार्मेंट में यूएसए, स्वीडन, पोलैंड, यूक्रेन और कई अन्य देशों के कुल 32 खिलाड़ी भाग लेंगे। एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाली भारत की मेघा चक्रवर्ती और तिजान गवार के साथ ही अन्य जूनियर और महिला खिलाड़ी भी इसमें भाग लेंगी और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# कानपुर टेस्ट : बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल

एजेंसी

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन बारिश के नाम रहा। लंच के बाद कुछ ओवर का खेल ही हुआ था कि फिर जबरदस्त बारिश के कारण खेल संभव नहीं हो पाया। बांग्लादेश ने इस दौरान 3 विकेट खोकर 107 रन बना लिए। कल (गुरुवार) रात हुई बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र का खेल कुछ देरी के साथ शुरू हुआ। हालांकि, पहले सत्र में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बांग्लादेश की टीम ने इस सत्र में दो विकेट गंवाए। दूसरा सत्र भी थोड़ी देरी से शुरू हुआ, इस बीच ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर तीसरा विकेट निकाला। लेकिन इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई और पूरे मैदान को कवर से ढक दिया गया। मैच अधिकारियों ने बारिश न रूकने के संभावना को देखते हुए दिन का खेल समाप्त करने का फैसला किया।

मैच के दूसरे दिन शनिवार को खेल आधा घंटा पहले शुरू होगा। सुबह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पिछले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता 9वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने जाकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया। जाकिर हसन ने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता नहीं खोल पाए। आकाश दीप ने शादमान इस्लाम को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। शादमान ने 36 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। दो विकेट 29 रन पर गिर जाने के बाद मोमिनुल हक और कप्तान शांतो ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया।



### बांग्लादेश 3 विकेट पर 107 रन, आकाश दीप ने लिए सभी विकेट

### बारिश के कारण पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया

लंच के बाद अश्विन ने नजमुल शांतो को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर 1 विकेट लिया।

## पाकिस्तान को हराना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक था : राहील

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर मोहम्मद राहील ने हाल ही में चीन के हुलुनबुइर में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने उल्लेखनीय अनुभव पर विचार साझा किए हैं। अपनी पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धा करते हुए राहील ने भारत के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका समापन फाइनल में मेजबान चीन पर 1-0 की जीत के साथ हुआ। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पहले अनुभव के बारे में बात करते हुए राहील ने कहा, मैं अपनी पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा बनने के अवसर के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। शुरू में, मैं नर्वस और उत्साहित दोनों था, यह जानते हुए कि यह एक प्रतिष्ठित टूनार्मेंट था। लेकिन एक बार जब हम मैदान पर उतरे, तो मेरा पूरा ध्यान अपने प्रदर्शन पर था और टीम में योगदान देना था। मैंने पूरे अभियान के दौरान बहुत कुछ सीखा- न केवल खेल के बारे में, बल्कि इस स्तर पर टीम वर्क और लचीलेपन के महत्व के बारे में भी। राहील के लिए टूनार्मेंट का एक मुख्य आकर्षण भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच मुकाबला था, जिसने प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया। तनावपूर्ण मुकाबले में भारत 2-1 के स्कोर के साथ विजयी हुआ।

## बांग्लादेश फैन के साथ बदसलूकी



**कानपुर ।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को खेल के दौरान कथित तौर पर मारपीट और दुर्व्यवहार का शिकार हुए बांग्लादेशी फैन टाइगर रोबी की हालत अब ठीक है और उसे जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस ने दी है।

## कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर नियुक्त हुए ब्रावो

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने ड्वेन ब्रावो को मेंटर के रूप में नियुक्त किया है। वे गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जो फ्रैंचाइजी से भारतीय टीम में चले गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज इस नियुक्ति से पहले मेन इन येलो के गेंदबाजी कोच थे। केकेआर का मेंटर नियुक्त किये जाने पर ब्रावो ने कहा, मैं पिछले 10 वर्षों से सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा रहा हूँ। विभिन्न लीगों में नाइट राइडर्स के लिए और उनके खिलाफ खेलने के बाद, मैं उनके संचालन के तरीके का बहुत सम्मान करता हूँ। मालिकों का जुनून, प्रबंधन की व्यावसायिकता और परिवार जैसा माहौल इसे एक खास जगह बनाता है। यह मेरे लिए एकदम सही मंच है क्योंकि मैं खेलने से लेकर अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को सलाह देने और कोचिंग देने तक का सफर तय कर रहा हूं। अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने 582 टी20 मैच खेले हैं, 631 विकेट लिए हैं और लगभग 7,000 रन बनाए हैं।

## आईपीएल 2025 में मैचों की संख्या में नहीं होगा इजाफा

एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में कुल 74 मैच ही खेले जाएंगे। यह आईपीएल के 2023-27 के चक्र के लिए बेचे गए नए मीडिया राइट्स के दौरान आईपीएल 2025 के लिए तय किए गए मैचों की संख्या से 10 मैच कम है। इसके अनुसार आगामी सीजन में कुल 84 मैच खेले जाने थे। नए चक्र के लिए टेंडर संबंधी दस्तावेज में यह वर्णित था कि प्रति सीजन मैचों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। आईपीएल ने इसमें बताया था कि 2023 और 2024 में कुल 74 मैच, 2025 और 2026 में 84 जबकि डील के अंतिम साल 2027 में अधिकतम 94 मैच खेले जाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि आईपीएल द्वारा आगामी सीजन में मैचों की संख्या में बढ़ोतरी न करने की एक बड़ी वजह भारतीय खिलाड़ियों का वर्कलोड प्रबंधन भी है।

भारत लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का दावेदार है जो कि 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बीसीसीआई इस पक्ष में है कि अगर भारत फाइनल में प्रवेश करता है तो खिलाड़ियों को पर्याप्त आराम मिल सके। अभी आईपीएल 2025 के कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है लेकिन यह मार्च के मध्य से लेकर मई के अंतिम सप्ताह तक खेला जा सकता है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल ही में इकोनॉमिक्स टाइम्स से कहा, ह्लहमने आईपीएल 2025 में 84 मैचों को आयोजित किए जाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। यह अनुबंध का हिस्सा है और यह बीसीसीआई पर निर्भर करता है कि सीजन में 74 या 84 कितने मैचों का आयोजन होगा। 2022 में मीडिया राइट्स विक्रय होने पर आईपीएल दुनिया की अमीर स्पोर्ट्स लीग में से एक बन गया।

- 2022 में मीडिया राइट्स विक्रय होने पर आईपीएल दुनिया की अमीर स्पोर्ट्स लीग में से एक बन गया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# देश को 30 "T" $ इकोनॉमी बनाने के लिए 10-12 'चैंपियन राज्यों' की जरूरत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश को साल 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कम से कम 10-12 'चैंपियन राज्यों' की जरूरत होगी जो अगले दो दशक तक लगातार 10 प्रतिशत से अधिक की दर से विकास कर सकें। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख और जी20 के शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को यह बात कही। कांत ने यहां आईएएनएस से एक विशेष बातचीत में कहा कि गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने लंबे समय तक मजबूत विकास दर हासिल की है, लेकिन अब देश को 'चैंपियन राज्यों' की एक पूरी नई श्रृंखला की जरूरत है, ताकि हम अनुमान से अधिक तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकें और फिर 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ सकें। कांत ने कहा, "राज्यों के विकास के बिना हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाएंगे। भारत को लगभग 10 से 12 'चैंपियन राज्यों' की जरूरत है, जो 10 प्रतिशत से अधिक की दर से विकास करें। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे राज्यों को पहले से कहीं अधिक तेजी से विकास करने की जरूरत है।"उनके अनुसार, भारत को अगले 20 साल में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए, न कि केवल 2030 या 2032 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए।

## राज्यों व केंद्र के सामूहिक प्रयास से इस मील के पत्थर तक तेजी से पहुंच सकता है : अमिताभ कांत

जी20 शेरपा ने कहा, "इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, इन राज्यों को अगले तीन दशकों तक प्रति वर्ष 10 से 12 प्रतिशत की दर से विकास करने की आवश्यकता है। अगर वे तेजी से बढ़ना शुरू करते हैं तो शेष भारत अपने-आप बढ़ेगा। यह भी बहुत महत्वपूर्ण है कि हम भारत के पूर्वी हिस्से का बहुत तेजी से विकास करें। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र के सामूहिक प्रयास से देश इस मील के पत्थर तक तेजी से पहुंच सकता है, और 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। साल 2014 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। साल 2024 में हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। अब सरकार और सभी नागरिकों का सामूहिक लक्ष्य भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। कांत का मानना है कि 'विकसित भारत' की परिकल्पना 'विकसित राज्यों' के माध्यम से ही साकार की जा सकती है और 'विकसित भारत' की आकांक्षा जमीनी स्तर तक पहुंचनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सभी दलों से शासन के सभी स्तरों पर - पंचायतों से लेकर केंद्र सरकार तक - लोगों का जीवनयापन आसान बनाने के लिए "मिशन मोड" में मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच ग्राम पंचायतों के स्तर तक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी।



**2014** में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। साल 2024 में हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं

## ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में गिरावट जारी 101 रु का स्तर छुआ

**नई दिल्ली।** अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में खराबी को लेकर चर्चाओं में बनी हुई ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। बीते एक हफ्ते में शेयर में आठ प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई है और शुक्रवार के कारोबारी सत्र में शेयर का दाम गिरकर 101 रुपये के स्तर पर पहुंच गया था। भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाला ओला इलेक्ट्रिक का शेयर शुक्रवार को 102.18 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। शेयर को लेकर मार्केट एनालिस्ट की ओर से कहा गया कि निवेशकों को एंट्री के लिए सही मौके का इंतजार करना चाहिए। बीते एक महीने से अधिक समय से शेयर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। 20 अगस्त के ऑल-टाइम हाई से शेयर 35 प्रतिशत फिसल चुका है। फाइनेंसियल सर्विसेज फर्म बोनान्जा में सीनियर रिसर्च एनालिस्ट राजेश सिन्हा ने आईएएनएस से कहा कि आईपीओ के बाद ओला इलेक्ट्रिक का शेयर उतार चढ़ाव का सामना कर रहा है। इसकी वजह ईवी की मांग में धीमापन और सर्विसेज से जुड़े मुद्दों का होना है। सिन्हा ने आगे कहा कि बिक्री गिरने के कारण ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर 39 प्रतिशत से घटकर 31 प्रतिशत हो गया है।

## यूपीआईटीएस : ग्रेटर नोएडा में उद्यम लगाने को उत्सुक दिखे निवेशक

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में निवेश के लिए निवेशक कितना आतुर हैं, इसकी झलक 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टॉल पर देखने को मिल रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में निवेशक उद्योग, रिहायश, संस्थागत, कॉमर्शियल भूखंडों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टॉल पर ही प्रदर्शित बीपीओ, आईटी व वाणिज्यिक योजना में निवेश की इच्छा जता रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पवेलियन में कई बड़ी कंपनियों ने भी अपने स्टॉल लगाए हैं। ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' का आयोजन किया जा रहा है। यह 25 सितंबर से शुरू हुआ है और 29 सितंबर तक चलेगा। इसमें देश-विदेश के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यहां प्रदेश के लगभग हर जिले के प्रमुख उत्पाद भी प्रदर्शित हैं। यहां पर 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के भी स्टॉल लगे हैं। खरीदारी के साथ ही खानपान और मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हैं। रोज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाया है, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आईआईटीजीएनएल ने अपना इंफ्रास्ट्रचर, भूखंडों की उपलब्धता, वर्तमान में चल रही बीपीओ/आईटी व वाणिज्यिक योजना आदि को प्रदर्शित किया है। ग्रेटर नोएडा में उद्योग, रिहायश, संस्थागत, कॉमर्शियल भूखंडों में निवेश के लिए लोग काफी उत्सुक दिख रहे हैं। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा की ग्रीनरी और सड़कें भी लोगों को बहुत आकर्षित कर रही हैं।




## विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह बढ़ा, पहली बार 692 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह बढ़ता हुआ 692 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.838 अरब डॉलर बढ़कर 692.296 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अब तक का ऐतिहासिक उच्चतम स्तर है। इससे पहले 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर की बढ़त से साथ 689.458 अरब डॉलर पर रहा था। छह सप्ताह में इसमें 22.177 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो चुकी है। आरबीआई ने बताया कि 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स 2.057 अरब डॉलर बढ़कर 605.686 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



## पेज एक का शेष

### बहनों के खाते...

फिर नियुक्ति का विस्तृत कैलेंडर निकाल समयबद्ध परीक्षा ले नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने पहले ही साल एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन युवाओं को एक धेला नहीं दिया। पेपर लीक से 17-17 बार परीक्षा कैंसिल हुए। जेएमएम झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं, पेपर लीक मोर्चा बन गई है। झारखंड में दलाल नौजवानों के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की मंईयां सम्मान योजना पर जेएमएम सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यह तो हमारा प्रोजेक्ट है, हेमंत सोरेन चुनाव से पहले लाडली बहना योजना की नकल कर रहे हैं। हमारा घोषणा पत्र आने वाला है। ये सुनिश्चित है कि हरियाणा में जैसे हमने घोषणा पत्र बांटा, उसमें बहनों के बैंक खाते में 2,100 रुपए हर माह डालने का संकल्प व्यक्त किया है। जम्मू-कश्मीर में हमने कहा, बैंक अकाउंट में पैसे भेजेंगे, उसी तरह झारखंड में भी बहनों के बैंक खाते में हम यही राशि डालेंगे। चुल्हा खर्च की चर्चा भी नहीं करते हेमंत : हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल पहले घोषणा पत्र में 2,000 रुपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया गया था। 4 साल 10 महीना चूल्हा खर्च नहीं दिया, अब वो इसकी चर्चा भी नहीं करते। अब चुनाव नजदीक है तो सोचा जेब से तो जाएगा नहीं, तो एक-एक हजार रुपए खजाने से भेजना शुरू किया। पहले हेमंत सोरेन हिसाब दें कि 5 साल में 60 महीना होते हैं और 60 महीना में 2,000 रुपए मिलते तो 1 लाख 20 हजार रुपए जाते बहनों के बैंक खाते में। वे एक-एक बहन का 1 लाख 18 हजार खा गए और अब टुकड़े जैसे एक हजार डाल रहे हैं। मनरेगा का पैसा दलालों की जेब में, जांच करवाकर देंगे सजा : उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जलजीवन मिशन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री को हजारों करोड़ रुपये दिए, जिससे गाँव-गाँव में नल से पीने का पानी मिल सके, लेकिन हेमंत सोरेन ये पूरा पैसा खा गए। मनरेगा का पैसा मोदी जी भेजते हैं, जिससे गरीब को गांव में ही रोजगार मिले, लेकिन ये मनरेगा का पैसा हेमंत सोरेन के दलालों के जेब में चला गया। शिवराज सिंह ने कहा कि मैं मनरेगा का भी मंत्री हूँ, मैं इसकी जांच करवाने के लिए टीम भेजूंगा और दलालों को सबक सिखाउंगा।

### 10.74 अरब रुपए...

राशन डीलरों को पहले प्रति क्विंटल 100 रुपये कमीशन मिलता था, अब उन्हें प्रति क्विंटल 150 रुपये मिलेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में रसोइया और सहायिका को अब साल में 12 महीने एक हजार रुपये का मानदेय मिलेगा। पहले इन्हें साल में 10 महीने ही मानदेय का भुगतान किया जाता था। राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाते हुए लाभार्थियों की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने की मंजूरी दी है। इससे अब राज्य के और पांच लाख लोगों को मुफ्त अनाज योजना का लाभ मिल सकेगा। खाद्य आपूर्ति करने वाले पीडीएस डीलरों का कमीशन भी प्रति क्विंटल 100 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये कर दिया गया है। साथ ही सरकार ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना को संशोधित कर दिया है। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा में संशोधन किया गया। साथ ही लाभुक की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख की गयी तथा राशन कार्ड पांच लाख बढ़ा दिया गया। इसीप्रकार राज्य के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों-कार्यालयों के लिये सरकारी वाहन की अनुमान्यता की स्वीकृति दी गई है। झारखण्ड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया एवं संचालन विनियम 2024 की मंजूरी दी गई है।

### अन्य फैसले...

*का संचालन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कराने की अवधि विस्तार एवं संचालन के लिए एकरारनामा करने की स्वीकृति दी गई।

*स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत पारा मेडिकल कर्मियों (यथा-परिचारिका श्रेणी ह्यएह्न, एएनएम, फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं एक्स-रे टेक्निशियन) की नियुक्ति नियमावली, 2018 में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

*स्टेट ऑफ द आर्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के निमित राजकीय पोलिटेकनिक, खरसावां में नये भवन के निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित प्राक्कलित राशि 38,55,34,000.00 रुपये के योजना की मंजूरी दी गई। कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के अंतर्गत अंगीभूत महाविद्यालय जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज, जमशेदपुर के आधारभूत संरचना के विकास के लिए 31,36,45,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

*फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, दुमका अन्तर्गत परिचारिका महाविद्यालय की स्थापना के लिए पद सृजन करने की स्वीकृति दी गई। अस्पताल, पलामू में परिचारिका महाविद्यालय की स्थापना के लिए शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग के पद सृजन करने की स्वीकृति दी गई।

*विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 153 के तहत दुमका एवं मेदिनीनगर (पलामू) जिला में जिला न्यायाधीश स्तर के 02 (दो) स्थायी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

### अमीषा ने चेक...

न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में दिया, जहां मामले को निष्पादित कर दिया गया। इस केस की वजह से अभिनेत्री अमीषा पटेल को रांची की निचली अदालत में आकर पिछले वर्ष सरेंडर कर जमानत लेनी पड़ी थी। अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की कुछ किस्त निर्धारित तारीख से पहले ही भुगतान कर दी थी। 2.75 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े मामले में अमीषा पटेल एवं अजय कुमार सिंह के बीच बीते नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस एसएन प्रसाद की मौजूदगी में ऑनलाइन समझौता हुआ था। इसी सुलह के तहत अमीषा पटेल ने 2.75 करोड़ में से पूर्व में 1.51 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी थीं। शेष राशि 1.24 करोड़ में से 62 लाख रुपये का भुगतान नौ मार्च को कर दिया था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हुए ऑनलाइन समझौता में अमीषा पटेल ने कहा था कि मैं आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहती हूं। चेक बाउंस की राशि का जल्द ही भुगतान हो जाएगा। चेक बाउंस मामले को लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला 2018 दर्ज कराया था।

### गुड न्यूज : दीपावली-छठ...

ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलेगी और अगले दिन सुबह 6:30 बजे बरौनी पहुंचेगी। एसी स्पेशल ट्रेन अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर में रुकेंगी। इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी, 2 पावर कार समेत 18 कोच होंगे। बता दें कि हर साल दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। यूपी-बिहार के लोगों के लिए यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होता है।

**बंगाल से आएंगे कारीगर, नवमी पर भंडारे का आयोजन**

# मां शेरावाली क्लब का बनेगा अद्भुत पंडाल, 10 लाख का है बजट



### पंडाल निर्माण और तैयारी

1999 में अपनी स्थापना के बाद से, जय मां शेरावाली क्लब लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन करता आ रहा है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष गोलू सिंह ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष क्लब ने अपने 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण कराया था। इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। बंगाल से विशेष रूप से आए कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा और पंडाल का निर्माण करेंगे, जो पूजा को खास बनाएंगे। क्लब के सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन विशेष भक्ति जागरण और झांकी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी होगा। नवमी के दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

**शहर भर में पंडालों का निर्माण जोर-शोर से जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समितियों में इस बार जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न पूजा समितियों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शहर भर में पंडालों का निर्माण जोर-शोर से जारी है, और हर समिति अपने-अपने पंडाल और प्रतिमाओं को विशेष रूप से तैयार करने में जुटी है। हर साल की तरह, इस साल भी जय मां शेरावाली क्लब बिजली ऑफिस प्रांगण, रेड़मा में एक भव्य और अद्भुत पंडाल में मां दुर्गा की स्थापना करेगा।

**पंडाल की तैयारी में जुटा क्लब**

पूजा समिति के वर्तमान अध्यक्ष अनिल दुबे ने बताया कि पंडाल का निर्माण कलश स्थापना के दिन तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। सप्तमी के दिन से इसे भक्तों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। हर साल यहां करीब 50,000 श्रद्धालु आते हैं, लेकिन इस वर्ष यह संख्या एक लाख तक पहुंचने की संभावना है। जय मां शेरावाली क्लब के इस वर्ष के आयोजन का कुल बजट लगभग 10 लाख रुपये आंका गया है। इस भव्य आयोजन के लिए क्लब के सदस्य दिन-रात काम कर रहे हैं, ताकि भक्तों को एक अद्भुत और भावपूर्ण अनुभव मिल सके।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति कर रहा तैयारी, एसपी को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से सभी कमेटियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और विधि व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग भी ले रहे हैं। आज, दुर्गा जौहरी के नेतृत्व में समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पलामू एसपी रिष्मा रमेश से मिला और उन्हें सभी तैयारियों से अवगत कराया। इस दौरान समिति ने एसपी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर संजय राज, सतीश तिवारी, मुन्ना सिंह, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, लीलावती देवी, सजन वर्मा, ओम प्रकाश, अभिषेक सिंह, और मनीष भिवानिया उपस्थित थे।

### टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** आज स्थानीय टाउन हॉल श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2024 के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में झंडोतोलन एवं पुष्पांजलि के बाद चॉकलेट रेस , बुद्धि परीक्षण, म्यूजिकल बॉल रेस, युगल क्विज फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय नारनौलीय अग्रवाल महासभा के सभापति प्रमोद अग्रवाल के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर महासभा के कार्यवाहक उपसभापति कंचन प्रसाद अग्रवाल, वरिष्ठ सलाहकार धनंजय अग्रवाल, अग्रवाल भवन गया अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### शराब दुकान में लाखों रुपए की हेराफेरी का मामला

**मनिका।** शराब दुकानों में लाखों रुपए की हेराफेरी किये जाने का मामला सामने आ रहा है। इस प्रकरण में उत्पाद विभाग लातेहार द्वारा मनिका स्थित शराब दुकान में कार्यरत अजीत कुमार साव को अपने हिरासत में लेकर बिक्री किये गये शराब व उससे प्राप्त राजस्व को लेकर पूछताछ कर रही है। मनिका में उत्पाद विभाग के साथ स्थानीय मनिका पुलिस ने शराब दुकान में घंटो बिक्री किये गये शराब का लेखा-जोखा लेते देखा गया। इस बीच घंटो शराब बिक्री पर रोक लगी रही। पुलिस पदाधिकारियों ने मीडिया को बताया कि शराब दुकान में कार्यरत कर्मी अजीत कुमार साव द्वारा बिक्री किये गये शराब के लेखा-जोखा में गड़बड़ी की गई है। इस सिलसिले में विभाग जांच रही है। जांच के बाद ही बताया जा सकता है की कितनी राशि की गड़बड़ी शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों द्वारा किया गया है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक उक्त शराब दुकान में विगत चार माह में लाखो रुपए हेराफेरी करने की बात सामने आ रही है। उत्पाद विभाग द्वारा गुप्त रखकर इसकी गहनता से जांच करायी जा रही है।

**कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन**

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कीचड़ व सेप्टीज प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी अभिसरण के माध्यम से मलीय कचरा प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करना था। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने यूनिसेफ समर्थित आईडीएफ (इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट फाउंडेशन) टीम के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मलीय कचरा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। यूनिसेफ सपोर्टेड आईडीएफ टीम के अजय कुमार सिंह एवं घनश्याम साह ने प्रशिक्षण दिया, जिसमें गंदे पानी के उपचार और पुनः उपयोग के तरीकों पर जोर दिया गया।

### ओडीएफ कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के महत्व पर चर्चा

कार्यशाला में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे ओपन डिफेक्शन फ्री प्लस और ओडीएफ प्लस प्लस अभियानों की जानकारी भी साझा की गई। इसके तहत मलीय कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए मैकेनिकल एवं नेचर बेस्ड तरीकों को अपनाने की अपील की गई, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। इस कार्यशाला में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, असैनिक शल्य चिकित्सक, और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और कचरा प्रबंधन के प्रभावी तरीकों से अवगत कराना था।

## चना, तीसी, सरसों की खेतीं से कम समय में अच्छा मुनाफा अच्छे मुनाफे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खरीफ सीजन में किसान बड़े पैमाने पर खेती की शुरूआत करते हैं। इस दौरान धान, तिलहन और दलहन की खेती की जाती है। मगर कुछ खेत खाली रह जाते हैं। ऐसे में किसान खाली खेत में तोरिया की खेती कर सकते हैं, जो एक कम दिन की फसल है और अच्छा मुनाफा देती है। पलामू जिला रैन शैडो जोन क्षेत्र में आता है, इस कारण यहां कम वर्षा होती है। रवी फसल में पलामू के इलाके में कुल रकबा के केवल 2 प्रतिशत क्षेत्रफल को सिंचित करने के लिए पर्याप्त पानी मिलता है। ऐसे में किसान चना, तीसी, सरसों व अन्य फसलों की खेती करते हैं, जिसकी शुरूआत 15 अक्टूबर के बाद होती है। किसान सितंबर के अंतिम सप्ताह में तोरिया की खेती कर सकते हैं, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा मिल सकता है। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश शाह ने बताया कि तोरिया की खेती किसानों को अच्छा मुनाफा कमा सकती है। यह फसल जल्दी पकने वाली और कम दिन की फसल है।

### रोपाई से पहले करें बीज उपचार

किसान रोपाई से पहले बीज का उपचार करना बिलकुल न भूलें। क्योंकि बीज उपचार किसी भी फसल के लिए टीकाकरण का काम करता है। इसके लिए किसान कारबेंडाजिम दवा से उपचारित करें। 2 ग्राम प्रति किलो बीज दर से उपचारित कर कुछ घंटों के लिए जुट की बोरी पर बीज को रख दें। इह एक ऐसा फंगीसाइड है जो भविष्य में होने वाले रोगों से बचाव करता है।

## बंदूक से नहीं, सद्भावना से होगा गांवों का विकास : शिवराज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र गारू के कोटाम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का विकास बंदूक के बजाय सद्भावना और संवाद से होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण विकास की सभी योजनाएं गांवों तक पहुंचें। यह बात उन्होंने विकास भारती द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित 'संपोषित समग्र ग्रामीण विकास योजना' के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। श्री चौहान ने कहा कि गारू प्रखंड के 20 गांवों में विकास भारती द्वारा चयनित योजनाओं के अंतर्गत चेक डैम, तालाब और सिंचाई से जुड़ी अन्य योजनाएं चलाई जाएंगी। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ग्रामीणों का सर्वेक्षण कर सभी परिवारों को पक्के मकान, पेयजल, बिजली लाइन, और सोलर पावर जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में उन्होंने विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत की प्रशंसा करते हुए कहा कि अशोक भगत ने अपना जीवन गरीब परिवारों के उत्थान में समर्पित कर दिया है।


**JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL**
**DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND**
Old HEC High School, JSCA Stadium Road, Sector-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone No.- 0651-2444501, 2444502, Fax-0651-2444506
email: jepcranchi1@gmail.com

**Very Short Term Re-Tender e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested bidders for Supply, installation and 3 year maintenance of 264 piece Smart LED TV & UPS. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal online latest by **03.10.2024 at 05:00 PM**. All documents required for Technical evaluation must be uploaded online. Cost of Bid and EMD must be paid online.

The details of the Tender can be seen & applied through website **https://jharkhandtenders.gov.in** only.

Sd/-
**(Aditya Ranjan)**
State Project Director

**Bid Ref. No. – IE/13/12/2021/3664** **Date : 27/09/2024**
PR 337432 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 30/2024-25** **Date:-26-09-2024**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for UV Nayatand Block Barkagaon, Hazaribag | 5436800/- | 109000/- | 10000/- | 6 Month |
| 2 | Renovation work for UMV Talaswar Block Barkagaon, Hazaribag | 9665800/- | 194000/- | 10000/- | 6 Month |
| 3 | Renovation work for UPV Mahudih, Block Barkagaon, Hazaribag | 6591150/- | 132000/- | 10000/- | 6 Month |
| 4 | Renovation work for nav prathmik vidyalaya, gangadohar, Block Barkagaon, Hazaribag | 5502400/- | 111000/- | 10000/- | 6Month |
| 5 | Renovation work for UMV Kaandtari, Kaandtari, Block Barkagaon, Hazaribag | 5786900/- | 116000/- | 10000/- | 6 Month |
| 6 | Renovation work for RMV badam, Block Barkagaon, Hazaribag | 7859050/- | 158000/- | 10000/- | 6 Month |
| 7 | Renovation work for UUV Sikri, Block Barkagaon, | 8370250/- | 168000/- | 10000/- | 6 Month |
| 8 | Renovation work for UPV Jarjara,Potanga Block Barkagaon, Hazaribag | 5433500/- | 109000/- | 10000/- | 6 Month |
| 9 | Renovation work for UMV Shadh, Block Barkagaon, Hazaribag | 5396300/- | 108000/- | 10000/- | 6 Month |
| 10 | Renovation work for UMV Shivadih, Block Barkagaon, Hazaribag | 9437700/- | 189000/- | 10000/- | 6 Month |
| 11 | Construction of Boundary Wall ,Paver Block & Earth Filling Work in Panchkarma Trainning Seva Kendra Hazaribag | 5669050/- | 114000/- | 10000/- | 6 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 28-09-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 04-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 337420 Building (24-25)_D



**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की विक्री तिथि – दिनांक 08.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 09.10.24 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 09.10.24 को 03:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

**1. कार्य की विवरणी** –

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ओरिया में चाहरदिवारी का निर्माण। | 3023700.00 | 5000.00 | 61000.00 | छः माह |
| 2 | चुरचू | प्राथमिक विद्यालय लोठे में चाहरदिवारी निर्माण। | 3694500.00 | 5000.00 | 74000.00 | छः माह |
| 3 | डाड़ी | प्राथमिक विद्यालय नापो में कमरा निर्माण एवं विद्युतिकरण कार्य। | 3702400.00 | 5000.00 | 74500.00 | छः माह |
| 4 | डाड़ी | प्राथमिक विद्यालय नापो का चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 4950800.00 | 5000.00 | 99500.00 | छः माह |
| 5 | डाड़ी | नव प्राथमिक विद्यालय टेहराटांड में दो कमरा का भवन निर्माण। | 4886400.00 | 5000.00 | 98000.00 | छः माह |
| 6 | डाड़ी | प्राथमिक विद्यालय बसकुदरा में चाहरदिवारी एवं उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 4907600.00 | 5000.00 | 98500.00 | छः माह |
| 7 | बड़कागॉव | ग्राम नापोखुर्द में पुरन साव के घर से चंद्रिका साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4958000.00 | 5000.00 | 99500.00 | छः माह |
| 8 | केरेडारी | ग्राम चट्टीपेटो में रंगलाल साव के घर से धानेष्वर साहु के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3632700.00 | 5000.00 | 73000.00 | छः माह |
| 9 | केरेडारी | ग्राम पुरनीपेटो में तुलसी साव के घर से बहेराबाद तक पी0सी0सी0 एवं पुलिया निर्माण। | 4466000.00 | 5000.00 | 89500.00 | छः माह |

नोट :–
1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग।

**PR.NO.337427 Rural Development(24-25):D**




## ठाणे में हिंदू नाम से रहने वाली बांग्लादेशी पोर्नस्टार रिया बर्डे गिरफ्तार

**मुंबई।** ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में हिंदू नाम से रहने वाली बांग्लादेशी पोर्नस्टार रिया बर्डे को फर्जी दस्तावेज के साथ भारत में रहने के आरोप में हिल लाईन पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम रिया के भाई और बहन की तलाश कर रही है। मामले की छानबीन कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि रिया के बारे में गोपनीय जानकारी उसके ही मित्र प्रशांत मिश्रा ने दी थी। इसके बाद रिया और उसके परिवार के कागजपत्र की तलाश की गई। इसके बाद रिया बर्डे पर झूठे दस्तावेज के आधार पर भारत में रहने के मामले में बीती रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मामले में रिया के अलावा उनकी मां अंजलि बर्डे उर्फ रूबी शेख, पिता अरविंद बर्डे, भाई रवींद्र उर्फ रियाज शेख और बहन रितु उर्फ मोनी शेख को भी आरोपित बनाया है। हिललाइन पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार रिया कई प्रोडक्शन हाउस से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने कई पोर्न फिल्मों में काम किया है।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य को लंबित धनराशि जल्द जारी करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने तमिल मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी से तीन महत्वपूर्ण अनुरोध किए हैं। मैंने उन्हें हमारे अनुरोधों को सूचीबद्ध करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर चेन्नई मेट्रो के पहले चरण को लागू किया, उसी तरह चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण को भी लागू किया जाना चाहिए। यह हमारा रुख है।

## 24 संसदीय समितियां गठित, थरूर होंगे विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से जुड़ी 24 संसदीय समितियों का गठन कर दिया है। इसमें भाजपा नेता राधामोहन सिंह को रक्षा मामलों, भर्तृहरि महताब को वित्त मामलों, राधा मोहन दास अग्रवाल को गृह मामलों और कांग्रेस नेता शशि थरूर को विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रक्षा मामले की समिति का सदस्य बनाया गया है। सोनिया गांधी का नाम किसी भी समिति में नहीं है। विभाग संबंधी कुल 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है। चार समितियों का नेतृत्व भाजपा के सहयोगी दलों को मिला है। कांग्रेस से जुड़े नेता चार समितियों की अध्यक्षता करेंगे। दो-दो समितियों के द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अध्यक्ष होंगे और एक संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के सांसद करेंगे। प्रत्येक समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्यों को शामिल किया गया है। लोकसभा की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार भाजपा नेता सीएम रमेश रेलवे, सपा नेता रामगोपाल यादव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल से जुड़ी समिति के अध्यक्ष होंगे।

# वाईएसआर अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने स्थगित की तिरुपति यात्रा

एजेंसी। नई दिल्ली



▸ कहा, इतिहास में पहली बार है कि किसी को मंदिर जाने से रोका जा रहा है

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को तिरुपति की अपनी प्रस्तावित यात्रा को रद्द कर दिया। तेलगु देशम पार्टी के नेताओं ने उन्हें यात्रा से पहले अपनी आस्था को स्पष्ट करने को कहा था। उन्होंने पत्रकार वार्ता कर तिरुपति प्रसादम पर जारी विवाद पर सफाई दी और कहा कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने परीक्षण में विफल रहे घी के सभी टैंकरों को वापस भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम में उपयोग होने वाले घी में जानवरों की चर्बी मिली होने को लेकर उठे विवाद पर देशभर में नाराजगी चल रही है। विवाद के केन्द्र में आये पूर्व मुख्यमंत्री रेड्डी शनिवार को तिरुपति में दर्शन करने वाले थे। हालांकि तेदेपा, जनसेना पार्टी और भाजपा ने यात्रा का विरोध किया और उन्हें अपनी आस्था घोषित करते हुए फार्म भरने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी। इसके बाद यात्रा स्थगित करने की घोषणा करते हुए जगन मोहन रेड्डी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। जगन मोहन रेड्ड्डी ने कहा कि इतिहास में पहली बार है कि किसी को मंदिर जाने से रोका जा रहा है। वे मुख्यमंत्री बनने से पहले भी तिरुपति जा चुके हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद वे हर वर्ष वहां जाते थे। जगन ने कहा कि तिरुपति में घी के टैंकर की पहले जांच की जाती रही है। जांच में कमी पाए जाने पर उन्हें लौटा दिया जाता है। यह एक प्रक्रिया है। रिपोर्ट में जिन टैंकरों के घी की बात कही गई है, वे मंदिर से लौटाए गए थे। उनका घी उपयोग ही नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू नायडू द्वारा नियुक्त टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि 23 जुलाई को पुष्टि की गई कि वनस्पति तेल में मिलावट की गई थी और आपूर्तिकतार्ओं को कारण बताने के लिए एक नोटिस जारी किया गया था। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने बाद में 20 सितंबर को पुष्टि की कि लड्डू प्रसादम बनाने के लिए मिलावटी घी का इस्तेमाल नहीं किया गया था। कार्यकारी अधिकारी के रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद भी चंद्रबाबू नायडू हमारी पार्टी और हिंदू भावनाओं के बारे में झूठे आरोप फैला रहे हैं और तिरुमाला प्रसाद और मंदिर की पवित्रता के बारे में सवाल उठा रहे हैं। रेड्डी ने कहा कि उनकी जाति के बारे में कई सवाल उठाए गए हैं। वे घर पर चार दीवारी में बाइबिल पढ़ते हैं।

## तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य : धीरेंद्र शास्त्री



**वाराणसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने तिरुपति मंदिर में प्रसादम विवाद पर कहा कि प्रसाद में मिलावट देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। प्रसाद में मिलावट महापाप है। देश के सभी मंदिरों के जितने भी आचार्य है, यदि उन्हें शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखना है, तो प्रत्येक मठ और मंदिर की अपनी एक गौशाला जरूर होनी चाहिए। वाराणसी में दो दिन से प्रवास कर रहे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर शुक्रवार को पत्रकारों से भी मुखातिब हुए। दुगार्कुंड स्थित माता कुष्मांडा के दरबार, श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन के बाद बागेश्वर धाम सरकार ने मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट पर भी भ्रमण किया। गलियों में बच्चों और आम लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश के हिन्दुओं को जगाने के लिए 21 नवंबर से पदयात्रा करेंगे। पदयात्रा में गांव -गांव जाकर पिछड़े और बिछड़े लोगों को गले लगाने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए 21 से 30 नवंबर तक चलने वाली पदयात्रा प्रतिदिन 20 किलोमीटर चलेगी। 21 नवंबर को पदयात्रा की शुरूआत बागेश्वर धाम से होगी। 30 नवंबर को पदयात्रा ओरछा पहुंचकर समाप्त होगी। 160 किलोमीटर की मेरी यह पदयात्रा गांव-गांव पहुंचेगी।

## तेलंगाना के मंत्री श्रीनिवास के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तेलंगाना सरकार के मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर रेड डाली। मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर छापेमारी की जा रही है। ईडी की ओर से यह कार्रवाई कथित कस्टम ड्यूटी के उल्लंघन से जुड़े मामले में की जा रही है। ईडी की जांच कस्टम विभाग के चेन्नई कार्यालय द्वारा शुरू की गई थी, जिसमें मंत्री के बेटे पी. हर्षा रेड्डी के दो लग्जरी घड़ियों की खरीद के संबंध में संज्ञान लिया गया था। यह घड़ियां 1.7 करोड़ रुपये की थीं और कस्टम विभाग ने हर्षा रेड्डी को इस मामले में समन जारी किया था।

## पीएम मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प में पूर्वोत्तर राज्यों की भूमिका अहम : ओम बिरला

**आइजोल।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प में पूर्वोत्तर राज्यों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अब सीमांत नहीं बल्कि भारत के प्रवेश द्वार हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन-3 के दो दिवसीय 21वें सम्मेलन का शुक्रवार को उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में पूर्वोत्तर राज्यों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के अथक प्रयासों से भारत विश्व में प्रमुख ताकत के रूप में उभरा है। दुनिया के अधिकतर देश भारत में निवेश कर रहे हैं और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में निवेश और विकास की संभावनाएं बढ़ रही हैं। आज नॉर्थ ईस्ट में आमूलचूल परिवर्तन आया है, विकास के नए द्वार खुले हैं। पीएम मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को हम तभी पूरा कर पाएंगे जब विकास के मापदंडों पर हम पूर्वोत्तर भारत को शेष भारत के बराबर ला पाएंगे। इस क्षेत्र में 'फिजिकल, डिजिटल और सोशल कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बारे में आज हमारी सोच बदल गई है।

## मंदी, महंगाई, बेरोजगारी की मार से खरीदारी में गिरावट

कृष्णमोहन सिंह

▸ शहरी लोग इस दिवाली में खरीदेंगे लगभग 1.85 लाख करोड़ रुपये के सामान
▸ बीते वर्ष 13 नवंबर तक खरीदे थे 3.75 लाख करोड़ के सामान

**नई दिल्ली।** दशहरा व दीपावली आने वाली हैं। भारत में ये त्योहार कई कारणों से महत्वपूर्ण होते हैं। हर गरीब व धनी हिन्दू व कुछ अन्य वर्ग के लोग इस अवसर पर कुछ न कुछ ख़रीदता है। घर की सफाई करके दीप जलाता है । लक्ष्मी गणेश की पूजा करता है। अब तो खरीदारी के बारे में लोगों का रुझान जानने के लिए बड़ी कंपनियां सर्वे भी कराने लगी हैं। ताकि उसके अनुसार डिज़ाइन, प्राडक्ट तैयार करें। लोग बाजार व दुकानों में जाकर पसंदीदा खरीदारी करते रहे हैं , लेकिन अब तो ऑनलाइन खरीदारी लोकप्रिय हो गई है। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में । अमेजान व फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन बड़ी भीमकाय कंपनियाँ तो इसी दौरान छूट वाली वार्षिक बिक्री करके छोटे दुकानदारों की रीढ़ तोड़ रही हैं। ऐसी बिक्री अक्टूबर की शुरुआत में शुरू होगा। जिसमें मेट्रो सिटी वाले ज्यादातर लोग उपहार व डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों को ऑनलाइन ऑर्डर देकर खरीदते हैं।लेकिन अभी जो मंदी की आहट हो गई है उसका संकेत भारतीय रिजर्व बैंक के हाल ही में द्वि-मासिक उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण से भी ज़ाहिर हुआ है। जिसमें है कि भारत में उपभोक्ता विश्वास में लगातार दूसरे सर्वेक्षण में गिरावट आई है, जो कोविड-19 महामारी के बाद देखी गई ऊपर की प्रवृत्ति को उलट देता है। सर्वेक्षण से पता चला है कि खर्च को छोड़कर प्रमुख मापदंडों के लिए घरेलू उम्मीदें नरम हो गई हैं, वर्तमान स्थिति सूचकांक जुलाई 2024 में 93.9 पर गिर गया। फोर्ब्स में छपी एक खबर के अनुसार एक ऑनलाइन सर्वेक्षण प्लेटफ़ॉर्म ने त्योहार की खरीदारी के बारे में घरेलू उपभोक्ता भावना को मापने के लिए एक शहरी भारत सर्वेक्षण किया। जिससे कि यह समझा जा सके कि कितने परिवार इस साल खरीदारी करने की क्या योजना बना रहे हैं, वे कितना खर्च करने का इरादा रखते हैं, और क्या वे स्थानीय बाजारों में या ऑनलाइन खरीदारी करना पसंद करते हैं। इस सर्वेक्षण में भारत के 342 वितरकों के 49,000 उत्तरदाताओं के जवाब शामिल थे। इसमें यह भी निर्धारित करने की कोशिश की गई कि उत्तरदाताओं की खरीदारी सूची में कौन से सामान हैं। एक औसत परिवार के लिए, घरेलू बजट व बचत आम तौर पर त्योहारों के अवसरों पर खर्च को निर्धारित करती है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, दो शहरी भारतीय परिवारों में से एक ने इस त्योहारी सीजन में 10,000 रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। भारत में लगभग 80 मिलियन शहरी परिवारों के साथ, इन औसत को लागू करने से पता चलता है कि शहरी भारत 2024 के त्योहारी सीजन के दौरान लगभग 1.85 लाख करोड़ रुपये या 22 बिलियन डॉलर खर्च कर सकता है। जबकि बीते वर्ष यानी 2023 में 13 नवंबर तक ख़रीदे थे लगभग 3.75 लाख करोड़ रू. के सामान। सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि खरीदारी करते समय भारतीय उपभोक्ताओं के लिए क्या महत्वपूर्ण है। जवाबों से संकेत मिलता है कि 2024 में त्योहारी खरीदारी के लिए पैसे के मूल्य सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके बाद उत्पाद की गुणवत्ता। सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि इस वर्ष उपभोक्ता किन चीज़ों पर खर्च करने की संभावना रखते हैं। पूजा के सामान व त्योहारों के लिए किराने के सामान की मांग सबसे ज्यादा है। लगभग 10 में से 7 शहरी भारतीय परिवार इन वस्तुओं को खरीदने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, 40 प्रतिशत घर की साज-सज्जा पर खर्च करेंगे , 38 प्रतिशत सौंदर्य और फैशन पर निवेश करेंगे।

# एजुकेशन/करियर

# मेटियोरोलॉजी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर के बना सकते है अपना करियर

मेटियोरोलॉजी का अर्थ है अंतरिक्ष-विज्ञान। मेटियोरोलॉजी वायुमंडलीय विज्ञान का एक सब डिसिप्लिन है जो मुख्य रुप से मौसम प्रक्रियाओं और फॉरकास्ट पर केंद्रित है। इस क्षेत्र में मौसम और जलवायु दोनों शामिल हैं और इसका संबंध भौतिकता, गतिशीलता और पृथ्वी के वायुमंडल की रासायनिक अवस्था से है। वायुमंडल और पृथ्वी की सतह के बीच परस्पर जो क्रिया होती है उससे भी इसका संबंध है। भविष्य में मौसम कैसा रहेगा? इस बात को जानने के लिए मौसम का हाल पहले से जानना ही मौसम की भविष्यवाणी कहलाता है, जिसे मेट्रोलॉजी भी कहते हैं। मानव के लाभ के लिए भविष्यवाणियां करने के लिए वातावरण की निगरानी और अध्ययन करने वाले जिम्मेदार व्यक्ति को मौसम वैज्ञानिक कहा जाता है। स्पेस रिसर्च और डेवलपमेंट एजेंसीज सहित विभिन्न सरकारी उद्योगों में मौसम विज्ञानी अत्यधिक मांग में हैं। डिफेंस रिसर्च औरडेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन वेदर फोरेकास्टिंग डेवेलपमेंट और माइनिंग डिपार्टमेंट में भी मेटेरोरोलॉजिस्ट की मांग बहुत है। विज्ञानी वह व्यक्ति हैं, जो मौसम का पूर्वानुमान लगाते हैं। इनका कार्य मौसम का अध्ययन करने के साथ-साथ वायुमंडल के बारे में पूर्वानुमान लगाना भी होता है। मौसम विज्ञानी पृथ्वी के वायुमंडल और भौतिक वातावरण का पृथ्वी पर प्रभाव और परिणाम का अध्ययन करते हैं। अक्सर मानसून के समय हम देखते हैं कि समाचार में लगातार मौसम को लेकर भविष्य वाणी आती रहती है कि किस क्षेत्र में कितने समय तक कितनी बारिश होगी, कहाँ ओले गिरेंगे। सर्दी के मौसम में कहां ठण्ड ज्यादा होगी, कहां सुनामी आ सकती है, कहां सूखा पड़ सकता आदि। मौसम की इस प्रकार की भविष्यवाणी मौसम विज्ञानी द्वारा की जाती है। पर्यावरण में बदलाव होने की प्रक्रिया का अध्ययन मौसम विज्ञानी द्वारा किया जाता है।



## मेटियोरोलॉजी के क्षेत्र में काम

**इंडस्ट्रियल मेटियोरोलॉजी:** इंडस्ट्रियल मेटियोरोलॉजी औद्योगिक प्रदूषण और उत्सर्जन का अध्ययन करने और ऐसे उत्सर्जन और औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक समाधान खोजने के लिए जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनका पर्यावरण पर एक बड़ा प्रभाव पड़ता है।

**फिजिकल मेटियोरोलॉजी:** फिजिकल मेटियोरोलॉजी वातावरण की भौतिक और रासायनिक प्रकृति, और इसके ऑप्टिकल, ध्वनिक और विद्युत गुणों की पढ़ाई करते हैं। वे वातावरण के इन गुणों से संबंधित समस्याओं का पता लगाते हैं और अध्ययन और शोध के आधार पर समाधान की योजना बनाते हैं।

**रिसर्च मेटियोरोलॉजी:** रिसर्च मेटियोरोलॉजी जलवायु और मौसम के पैटर्न का अध्ययन करके वर्षा, आर्द्रता, हवा और तापमान से संबंधित डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करना।

**मेटियोरोलॉजी प्रोफेसर और लेक्चर्र:** मेटियोरोलॉजी प्रोफेसर और लेक्चर्र बैचलर और मास्टर्स स्तर के छात्रों को मेटियोरोलॉजी के बारे में पढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। यूजीसी-नेट पास करने के बाद, उम्मीदवार मेटियोरोलॉजी व्याख्याता या शीर्ष आईआईटी या अन्य कॉलेजों में प्रोफेसर बन सकते हैं जो मेटियोरोलॉजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

## मेटियोरोलॉजी कोर्सेज

- डिप्लोमा इन मेटोलोर्जी
- बीएससी इन मेटियोरोलॉजी
- बीटेक इन मेटियोरोलॉजी
- एमएससी इन मेटियोरोलॉजी
- एम टेक इन मेटियोरोलॉजी

### मेटियोरोलॉजी की ब्रांच

- क्लाइमेटोलॉजी
- साइनोटिक मेट्रोलॉजी
- डायनामिक मेटियोरोलॉजी
- अप्लाइड मेटियोरोलॉजी
- एविशन मेटियोरोलॉजी
- हाइड्रो मेटियोरोलॉजी

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, केरला
- आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्नम
- शिवाजी यूनिवर्सिटी, विद्यानगर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, खड़कपुर
- बीयू भोपाल
- एस.आर.एम यूनिवर्सिटी, अमरावती
- संत जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- डीजी वैश्णव कॉलेज, चेन्नई
- टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई

## मेटियोरोलॉजिस्ट के लिए भर्ती

- इंडियन मेटियोरोलॉजी डिपार्टमेंट
- डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइज़ेशन
- नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी
- स्पेस एप्लीकेशन सेंटर
- इंडियन एयर फोर्स
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटियोरोलॉजिस्ट
- डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइज़ेशन
- डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइज़ेशन
- यूनिवर्सिटीज़ एंड कॉलेज
- एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज़

